राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-271
लखनऊ, मंगलवार 21 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अबकी बार 400 पार, बीजेपी बनाएगी सरकार : केशव प्रसाद मौर्य 03

चुनाव के बाद नजर नहीं आएगी कांग्रेस : अमित शाह 12


# 49 सीटों पर 57.41 प्रतिशत मतदान

## पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 73 प्रतिशत, जबकि सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88 फीसदी पड़े वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर कुल 57.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसमें पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 73 प्रतिशत, जबकि सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार में 52.55 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 54.21 प्रतिशत, झारखंड में 63 प्रतिशत, लद्दाख में 67.15 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 48.88 प्रतिशत, ओडिशा में 60.72 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.64 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा की पांच, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, जम्मू-कश्मीर की एक, लद्दाख की एक सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, आज ओडिशा विधानसभा की 35 विधानसभा सीटों पर कुल 60.70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही तमाम उम्मीदवारों की किस्तम ईवीएम में कैद हो गई। इन दिग्गजों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, राजीव प्रताप रुडी, उज्ज्वल निकम, करण भूषण सिंह, चिराग पासवान, उमर अब्दुल्ला और रोहिणी आचार्या हैं।



### पांचवें चरण में उप्र की 14 सीटों पर 58 फीसदी मतदान



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में आज उप्र की 14 सीटों पर सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच सायं छह बजे तक मतदान जारी रहा। इन सीटों पर सायं छह बजे तक कुल 57.98 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक मतदान बाराबंकी में 67.10 प्रतिशत हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान प्रदेश की राजधानी और सियासी नगरी लखनऊ में 52.23 प्रतिशत रहा है। आज पांचवें चरण के मतदान के बाद केन्द्र सरकार के पांच मंत्रियों समेत कई दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला मत पेटियों में कैद हो गया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पांचवें चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों एवं 01 विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्रों में 20 मई को सायं छह बजे तक मतदान सकुशल सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि उप्र की जिन 14 लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ है, उनमें मोहनलालगंज (सुरक्षित) 63.72 प्रतिशत, लखनऊ 52.23 प्रतिशत, रायबरेली 58.04 प्रतिशत, अमेठी 54.40 प्रतिशत, जालौन (सुरक्षित) 56.15 प्रतिशत, झांसी 63.70 प्रतिशत, हमीरपुर 60.56 प्रतिशत, बांदा 59.64 प्रतिशत, फतेहपुर 57.05 प्रतिशत, कौशाम्बी (सुरक्षित) 52.79 प्रतिशत, बाराबंकी (सुरक्षित) 67.10 प्रतिशत, फैजाबाद 59.10 प्रतिशत, कैसरगंज 55.68 प्रतिशत तथा गोण्डा 51.64 प्रतिशत में वोट पड़े हैं। वहीं लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में शाम छह बजे तक 52.45 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में 21 हजार, 907 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया।

**बाराबंकी की जनता ने 67.10 प्रतिशत मतदान कर 14 सीटों पर अव्वल का बनाया रिकार्ड**

## फर्रूखाबाद में फर्जी वोटिंग, पोलिंग पार्टी सस्पेंड, दोबारा होगा मतदान

समृद्धि न्यूज

**फर्जी वोटिंग में एक गिरफ्तार, अखिलेश की शिकायत पर एक्शन**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले में फर्जी वोटिंग में बड़ा एक्शन हुआ है। पूरी पोलिंग पार्टी को सस्पेंड कर दिया गया है। फर्जी वोटिंग करने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। बूथ पर दोबारा मतदान की संस्तुति की गई है। मतदानकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। सभी की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

फर्जी वोटिंग करने वाला 17 साल का किशोर निकला है। उसे जिला प्रोबेशन अधिकारी की अभिरक्षा में दे दिया गया है। एक के बाद एक आठ वोट डालते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो को पोस्ट किया तो चुनाव आयोग की टीम हरकत में आई। फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के एटा की अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या- 343 प्राथमिक पाठशाला, खिरिया पमारान का मामला है। कल रविवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसमें एक लड़का भाजपा प्रत्याशी को बारी-बारी से आठ वोट डालता है और उसका वीडियो भी बनाता है। सबसे पहले इस वीडियो को अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट किया और चुनाव आयोग से कहा कि अगर इसमें कुछ गलत को हो कार्रवाई की जाए। लिखा कि भाजपा की बूथ कमेटी लूट कमेटी है। राहुल गांधी ने भी अखिलेश यादव की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए अपनी सरकार बनने पर ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। प्रशासन ने पता किया तो खिरिया पमारान थाना नयागांव एटा निवासी किशोर हरकत करते दिखाई दिया। देर शाम फर्रुखाबाद के निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीके सिंह ने वायरल वीडियो की जांच रिटर्निंग अफसर 103-अलीगंज से कराई। जांच में बूथ संख्या-343 प्राथमिक पाठशाला खिरिया पमारान की पोलिंग पार्टी की लापरवाही मिली। बूथ के मतदान कार्मिकों को निलंबित कर दिया गया। सहायक रिटर्निंग अफसर ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। माना जा रहा है कि इन लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव ड्यूटी में मणिपुर से आए सिपाही की मौत

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर महोबा ड्यूटी पर आए मणिपुर राज्य के मुख्य आरक्षी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चुनाव को लेकर जनपद महोबा में बाहरी फोर्स आई है। मणिपुर राज्य की एमपीटीसी जी-कम्पनी में नियुक्त मुख्य आरक्षी 56 वर्षीय मंगजा सिंह कंपनी के साथ कबरई के एक विद्यालय में ठहरे थे। देर रात उनकी अचानक तबियत खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर अपर एसपी सत्यम समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

### बंगाल में हिंसा की घटनाएं मिलीं 1400 शिकायतें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को सात संसदीय क्षेत्रों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं। बैरकपुर, बनगांव और आरामबाग सीटों के विभिन्न हिस्सों में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। मतदान अधिकारियों ने दावा किया है कि अब तक मतदान शांतिपूर्ण रहा है लेकिन अपरान्ह 1 बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 1400 शिकायतें मिली हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि ईवीएम में खराबी आ रही है और एजेंट को बूथों में प्रवेश करने से रोका जा रहा है।

### अलर्ट : यूपी समेत 4 राज्यों में सीवियर हीटवेव की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देश में तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में सीवियर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी लू चलने की संभावना जताई है।

## पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 17 लोगों की मौत, 10 घायल

एजेंसी

**कवर्धा/रायपुर।** कवर्धा के कुकदूर थानांतर्गत ग्राम बाहपानी के पास सोमवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई। ये सभी तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद पिकअप में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें 15 ग्रामीणों की मौत हो गई, जिनमें 14 महिला और एक पुरुष शामिल है।

पिकअप में कुल 25 लोग सवार थे। घायलों को पुलिस व ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण जंगल में तेंदुपत्ता तोड़ने गये हुए थे। दोपहर के वक्त तेंदुपत्ता तोड़ कर गांव की महिला और पुरुष पिकअप वाहन में सवार होकर वापस गांव की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे के वक्त पिकअप में लगभग 25 लोग सवार थे। इनमें से 15 ग्रामीणों की मौत हो गई। वहीं, घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की टीम मौके पर राहत बचाव कार्य के लिए पहुंच गयी। कवर्धा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि दुर्घटना में कुल 15 ग्रामीणों की मौत हुई है, जिनमें 14 महिला और एक पुरुष है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मुरादाबाद में मेडिकल स्टोर से एक लाख की नकली दवाईयां जब्त

**मुरादाबाद।** औषधि विभाग की टीम ने सोमवार को थाना डिलारी क्षेत्र के ढकिया में अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। एक लाख रुपये कीमत की नकली दवाईयां जब्त की गई हैं। साथ ही तीन संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच के लिए भेजा गया। औषधि निरीक्षक मुकेश जैन और उर्मिला वर्मा ने बताया कि ढकिया क्षेत्र में गुड लाइफ नर्सिंग होम के बाहर बिना लाइसेंस के एक मेडिकल स्टोर चल रहा था। सोमवार को मेडिकल स्टोर पर छापा मारा और यहां मौजूद सिहाली निवासी अशरफ से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। कार्रवाई के दौरान स्टोर पर भंडारित औषधियों में से तीन संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच के लिए भेजा गया है।

### ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामा में कहा गया है कि हेमंत सोरेन संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण और कब्जे में लिप्त रहे हैं। हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट कल यानि 21 मई को सुनवाई करने वाली है। ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयानों से पता चलता है कि रांची के बरियातू में 8.86 एकड़ पर हेमंत सोरेन का कब्जा है और उसका इस्तेमाल हेमंत सोरेन गुप्त रूप से कर रहे थे। ईडी ने कहा है कि चुनाव प्रचार करना न तो संवैधानिक अधिकार है और न मौलिक अधिकार है।

## विरोध : बछरावां में भाजपा नेताओं ने लगाए राहुल गो बैक के नारे

समृद्धि न्यूज



**रायबरेली।** रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी सोमवार दोपहर को जनपद पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले चूरूआ के पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ की। इसके बाद बूथों का जाएजा लिया और लोगों संग फोटो खिंचवायी। राहुल गांधी का काफ़िला बछरांवा के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में बने मतदेय स्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बूथों पर मौजूद कांग्रेस एजेंटों से भी बात की और चुनाव का हालचाल जाना।

राहुल गांधी को देखकर कई महिलाओं ने उनके साथ सेल्फ़ी भी ली। इस दौरान वह एक बच्चे को दुलारते हुए नजर आये। वहां से राहुल हरचंदपुर विधानसभा के मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदान स्थल का जायज़ा लिया। बछरावां आगमन पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने राहुल गो बैक के नारे लगाए। जनपद में दोपहर एक बजे तक 39.68 प्रतिशत मतदान हो चुका है। जिले में 1463 मतदान केन्द्र व 2263 मतदेय स्थल बनाये गए हैं। सुबह मतदान की प्रक्रिया धीमी रही लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा, लोगों की संख्या मतदेय स्थलों की ओर आने लगी। महराजगंज के बूथ संख्या 260 व 168 पर ईवीएम ख़राब होने की शिकायत मिली।

## कांग्रेस 400 सीटों पर चुनाव लड़ने लायक नहीं : योगी

**सीएम योगी ने चंडीगढ़ में संजय टंडन के समर्थन में की जनसभा**

एजेंसी



**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के नारे एक स्वर में गूंज रहे हैं। देश ही नहीं दुनिया भी आश्वस्त है कि 4 जून को क्या परिणाम आने जा रहा है। मगर कांग्रेस को उसके कारनामों के कारण देश ने इस हाल में भी नहीं छोड़ा है कि वह 400 सीटों पर चुनाव ही लड़ सके।

भाजपा के स्टार प्रचारक और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां मलोया क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब में माफिया का बोलबाला दिखता है लेकिन यूपी में हमने ऐसे तत्वों को उलटा टांग दिया है और आज उनकी कब्र पर कोई मर्सिया पढ़ने वाला भी नहीं है। योगी ने कहा कि आप और कांग्रेस का गठबंधन जनकल्याण के लिए नहीं, बल्कि लूट-खसोट के लिए बना है। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि से आए हैं और जगत जननी मां भगवती चंडी देवी तथा माता मंशा देवी के पावन दरबार को कोटि कोटि नमन करते हैं।

### सबसे पहले राहुल गांधी विदेश भागते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश पर जब भी संकट आया है सबसे पहले राहुल गांधी विदेश भागते हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि ये लोग ही संकट देने वाले हैं। इन्होंने आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार जैसे संकटों को भारत को देने का कार्य किया है। इस सदी के सबसे बड़े संकट कोरोना में वह कहीं नजर नहीं आए। न चंडीगढ़ में दिखे न यूपी में। तब केवल भाजपा के कार्यकर्ता जनता की सेवा में थे। एक करोड़ प्रवासी यूपी में आए थे, जो अलग अलग राज्यों में जाने वाले थे। उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने के लिए हमने तब 14 हजार बसें लगाई थी।

### वाल्मीकि समाज जरूर आए अयोध्या

उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 साल का इंतजार समाप्त हो चुका है। सभी को अयोध्या में आकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिर से भी पहले अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बनाने के साथ ही उसका नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया। वाल्मीकि समाज जरूर अयोध्या आए और वहां की दिव्यता की अनुभूति करें।

### इतिहास : ललितपुर में तीन गांवों के बूथ पर सौ फीसदी मतदान

**ललितपुर।** पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर सोमवार को मतदान सम्पन्न हुआ है। मतदान में ललितपुर जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने एक नया रिकॉर्ड जिले के नाम करवा दिया है। यहां तीन गांव के बूथ पर सौ प्रतिशत मतदान हुआ है। इस मतदान के साथ बुंदेलखण्ड में आने वाले इस गांव के बूथ ने देश में किसी भी बूथ पर सम्पूर्ण मतदान के इतिहास को कायम किया है। उप्र के ललितपुर जनपद के सोल्दा गांव में आज पांचवें चरण के लिए झांसी लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पोलिंग बूथ क्रमांक 277 पर मतदान हुआ। इस बूथ में कुल 375 मतदाता हैं। बीएलओ की रिपोर्ट के अनुसार एक वोटर बेंगलुरु में था।

## एटीएस ने हवाईअड्डे से चार आतंकी पकड़े

**श्रीलंका मूल के आरोपी आईएसआईएस से हैं जुड़े**

एजेंसी



**अहमदाबाद।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने अहमदाबाद हवाईअड्डे से इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सिरिया (आईएसआईएस) के 4 आतंकियों को पकड़ा है। पकड़े गए आतंकी श्रीलंका के निवासी बताए गए हैं। गुजरात या अन्य किसी राज्य में इनके किसी स्लीपर सेल हैं या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

वहीं, सोमवार को आईपीएल की 3 टीमें अहमदाबाद पहुंची, जिसे लेकर अहमदाबाद हवाईअड्डा को हाई अलर्ट कर दिया गया है। सेंट्रल एजेंसी को श्रीलंका मूल के संदिग्ध लोगों के अहमदाबाद हवाईअड्डा पर पहुंचने का इनपुट मिला था। इसके आधार पर गुजरात एटीएस पहले से सतर्क थी। संदिग्धों के हवाईअड्डा पर उतरने के साथ पकड़ लिया गया। अहमदाबाद एटीएस इन संदिग्धों के आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े होने की बात कह रही है। अहमदाबाद इंटरनेशनल हवाईअड्डा पिछले लंबे समय से गोल्ड एवं अन्य वस्तुओं की स्मगलिंग की वजह से सेंट्रल एजेंसियों की निगरानी में था। इसी बीच सेंट्रल एजेंसी को आतंकियों के संबंध में जानकारी मिली। यह जानकारी गुजरात एटीएस से साझा करने के बाद गुजरात एटीएस ने हवाईअड्डे पर निगरानी बढ़ा दी थी। वॉच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति एटीएस की पकड़ में आया। इसकी गिरफ्तार के बाद पूछताछ में अन्य तीन लोगों की जानकारी, उन्हें भी पकड़ लिया गया। एटीएस सूत्रों के अनुसार जिन 4 आरोपितों को पकड़ा गया है, वे सभी आतंकी संगठन आईएसआईएस के आतंकी हैं, जो लंबे समय से सक्रिय थे। सभी मूल रूप से श्रीलंका के निवासी हैं। एटीएस यह पता करने में जुटी है कि इनके अहमदाबाद आने की मूल वजह क्या है, यहां से वे कहां जाने वाले थे। आईएसआईएस के आतंकियों की गिरफ्तारी को अहमदाबाद, सूरत समेत अन्य जगहों पर बम की धमकी से जोड़े जाने की आशंका है।

## हेलिकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति का निधन, भारत में एक दिन का राजकीय शोक

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ-साथ कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उत्तर-पश्चिमी ईरान में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। ईरानी अधिकारियों ने रात भर की खोज के बाद सोमवार को लापता हेलिकॉप्टर का मलबा पहाड़ी इलाके में मिलने की पुष्टि की।

ईरान के आठवें राष्ट्रपति रईसी और उनका दल शुक्रवार को अजरबैजान की सीमा पर एक बांध का उद्घाटन करने के बाद ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत ईस्ट अजरबैजान के खोडा अफ़रीन क्षेत्र से लौट रहे थे, तो उनका हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में श्री रईसी और श्री अब्दुल्लाहियन की मृत्यु की आधिकारिक पुष्टि के बाद सोमवार सुबह ईरानी कैबिनेट की आपातकालीन बैठक हुई। भारत सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के सम्मान में मंगलवार को एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की। शोक की इस अवधि के दौरान, उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा जहां इसे पारंपरिक रूप से प्रदर्शित किया जाता है। पूरे दिन कोई आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह रायसी के दुखद निधन से गहरा दुखी और स्तब्ध हैं, उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी रायसी और उनके ईरानी समकक्ष की मौत पर दुख व्यक्त किया। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री एच. अमीर-अब्दुल्लाहियन के निधन की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा।

**रिपोर्ट** | **अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, कुवैत और ओमान आदि देशों ने दिया पैसा**

## 2014-2022 तक आप को मिले 7.08 करोड़ रुपए के फंड

एजेंसी



**आप को चंदा देने के लिए कई दानदाताओं ने एक ही पासपोर्ट नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और क्रेडिट कार्ड का किया इस्तेमाल**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने 2014 से 2022 तक विदेशी फंड के रूप में 7.08 करोड़ रुपये प्राप्त किए और कथित तौर पर विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), प्रवर्तन निदेशालय का उल्लंघन किया।

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने ईडी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि यह पार्टी को बदनाम करने की एक राजनीतिक साजिश थी। अपने डोजियर में ईडी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को बताया कि आप को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ओमान सहित कई देशों में कई दानदाताओं से धन प्राप्त हुआ। यह डोजियर 25 मई को दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले आया है। ईडी ने अपनी जांच में आप और उसके नेताओं द्वारा विदेशी धन के संग्रह में अनियमितताओं के कई उदाहरणों का दावा किया और आप विधायक दुर्गेश पाठक सहित उनमें से कुछ पर कनाडा में एक फंड-जुटाने वाले कार्यक्रम के दौरान एकत्र किए गए धन की हेराफेरी करने का आरोप लगाया। जांच एजेंसी ने अनिकेत सक्सेना, कुमार विश्वास (तत्कालीन आप ओवरसीज इंडिया के संयोजक), कपिल भारद्वाज (तत्कालीन आप सदस्य) और दुर्गेश पाठक सहित विभिन्न आप स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के बीच आदान-प्रदान किए गए ई-मेल की सामग्री के माध्यम से आरोपों की पुष्टि की। अब तक की जांच से पता चला है कि अमेरिका और कनाडा में धन जुटाने के अभियानों के माध्यम से एकत्र की गई राशि और वास्तविक दानदाताओं की पहचान को विदेशी नागरिकों द्वारा दान पर एफसीआरए के तहत लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के लिए एएपी द्वारा बनाए गए खातों की किताबों में छुपाया गया था।

### ईडी के विदेशी फंडिंग के आरोपों का आप ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने विदेशों से नियमों का उल्लंघन कर फंडिंग प्राप्त करने के आरोपों का खंडन किया है। पार्टी का कहना है कि अपने गठन के बाद से एक-एक रुपया का हिसाब चुनाव आयोग और आयकर विभाग को दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी पर विदेशी फंड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने पार्टी पर विदेशी दानदाताओं से प्राप्त करीब 7 करोड़ रुपये के स्रोत छिपाने का आरोप लगाया है। इस मामले में ईडी ने सोमवार को एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी है। इस मुद्दे पर आआपा नेता संदीप पाठक और आतिशि ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल के जरिए अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने का प्रयास किया गया लेकिन जब वह नहीं मिले तो उनके पीए विभव कुमार पर आरोप लगा दिए गए।



लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा ने परिवार संग किया मतदान




महापौर सुषमा खर्कवाल ने परिवार सहित एलपीएस सेक्टर 9 में डाला वोट



निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग शिशिर ने परिवार संग किया मतदान



बूथ पर परिवार के साथ नवनीत सहगल ने दिया वोट



सीएसटी टावर में मतदान केंद्र में कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज सिंह



मतदान केंद्र पर निर्वाचन अधिकारी ने दिया वोट



भाजपा से राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने किया मतदान



शिया पीजी कॉलेज में सरवर मालिक ने परिवार संग डाला वोट



मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर ने डाला वोट



पुराने लखनऊ में नगर निगम कार्यालय पर लगी लंबी लाइन



गौतमपल्ली बूथ संख्या- 264 में अपर्णा ने किया मतदान

## खबरें एक नजर में

### अपना दल एस का आरोप, राघवेंद्र प्रताप लोगों को कर रहे गुमराह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस को बदनाम करने के लिए रविवार से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर चलाई जा रही है। राजनीतिक षडयंत्र के तहत इस तरह का कृत्य किया जा रहा है। लोगों को गुमराह करने का प्रयास करने वाले राघवेंद्र प्रताप सिंह वास्तव में कांग्रेसी है और उन्होने पिछले साल कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी।पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने कहा है,राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने का बयान जारी कर चुनाव के समय लोगों को गुमराह करने की ओछी हरकत की है। उन्होने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी और इसके साथ ही उनका अपना दल एस से नाता खत्म हो गया था। उन्होने कहा कि राघवेंद्र प्रताप अब अपना दल में किसी भी पद पर नही हैं।

### कुर्सी पर बैठा मिला सेवानिवृत्त शिक्षिका का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत टीचर्स कॉलोनी में रविवार देर रात सेवानिवृत्त शिक्षिका ऊर्जा चक्रवती (62) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में कुर्सी पर बैठा मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। फिर परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी के मुताबिक, टीचर्स कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका ऊर्जा चक्रवती बीते छह माह से अकेले रहती थी। भाई संजय यादव ने बताया कि ऊर्जा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षिका थी। कई वर्ष पूर्व उनके बहनोई का देहांत हो चुका है। उनकी बहन की कोई संतान नहीं है। तीन दिन पूर्व पड़ोसियों ने उन्हें अंतिम बार देखा था। इसके बाद से किसी ने भी उन्हें बाहर नहीं निकलते नहीं देखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊर्जा के घर का दरवाजा भीतर से बंद था और अंदर से दुर्गन्ध तेजी से उमड़ रही थी। जिससे लोगों को वहां ठहराना भी दूभर हो चुका था। इसके बाद लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिक्षिका के घर का दरवाजा तोड़ उनके शव को कुर्सी पर बैठा पाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भाई ने किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### निर्वाचन आयोग के निर्देश नहीं मान रहा प्रशासन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पांचवें चरण के मतदान की प्रक्रिया जारी है। राजधानी में सुबह 9 बजे तक 10 फीसदी के करीब मतदान हुआ है। यहाँ आदर्श मतदान केंद्र शेरवुड एकैडमी पर मतदान करने पहुंचे बुजुर्ग ओंकार सिंह ने नाराजगी व्यक्ति की है। ओंकार सिंह का कहना है कि बुजुर्गों के लिए ई रिक्शा की व्यवस्था की गई थी। जिससे मतदान बुजुर्ग आसानी से कर सके, लेकिन यहां पर ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बात की है। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उन्हें ई रिक्शा उपलब्ध कराने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि उनके पड़ोस में कई बुजुर्ग रहते हैं लेकिन निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद भी उनके लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था नहीं कराई गई है। उन्हें पैदल चलकर मतदान केंद्र तक आना पड़ा है।

### जानकीपुरम विस्तार में लगा मतदाता सहयोग केन्द्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम विस्तार में मतदाताओं की मदद के लिए सेक्टर-6 में मतदाता सहयोग केन्द्र लगाया गया। एकल ग्राम संगठन, एनजीओ प्रभाग प्रमुख डा. अमित सक्सेना, लक्ष्य जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एस.के. बाजपेई, जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, जनविकास महासभा की संगठन मंत्री एवं सृजन फाउंडेशन की सचिव दिव्या शुक्ला के सहयोग लगाये गये इस केन्द्र के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करवाने संबंधी सहयोग करने के साथ गर्मी से राहत के लिये सभी उपायों की व्यवस्था की गई। जिसके अंतर्गत ई रिक्शा, पीने के पानी एवं जलपान इत्यादि की व्यवस्था की गई साथ ही साथ बच्चों के खेलकूद के लिए भी सुविधा रखी गई। क्षेत्र के मतदाताओं ने इसका लाभ भी उठाया और इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के उपाय से वोटिंग परसेंटेज बढ़ाया जा सकता है।

### नगर निगम पर लापरवाही का लगा आरोप, रोड मरम्मत की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सुरेन्द्रनगर स्थित इस्माइलगंज वार्ड 1 और वार्ड 2 में रोड की हालत काफी खराब है। जिसकी वजह से आए दिन बाइक चालक अपना बैलेंस खोकर गिर जाते हैं। रोड से लगे गटर के ऊपर पत्थर न होने की वजह से कई बार कार नाली में फस जाती है। इस्माइलगंज निवासियों ने बताया, वे एक लंबे अरसे से शिकायत करते आ रहे है, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं किया जाता है। साथ ही अगर कभी गटर की सफाई की जाती भी है तो गंदगी को रोड पर ही छोड़ दी जाती है। पिछले बुधवार को इसकी एक बार फिर से शिकायत की गई लेकिन नगर निगम ने रोड मेंटेनेंस की बजाय नाली की सफाई की शिकायत रजिस्टर कर ली। जिसके बाद गुरुवार को फिर से शिकायत की गई लेकिन 4 दिन बाद भी जब कर्मचारी आए तो पता चला कि ये शिकायत भी नगर निगम ने नाली सफाई की ही रजिस्टर की है। लोग इसको लेकर नगर निगम की एक बड़ी लापरवाही मान रहे हैं। उनका कहना है कि खुले गटर और टूटी सड़कों से बड़े हादसे हो सकते हैं।

# अबकी बार 400 पार, बीजेपी बनाएगी सरकार

## डिप्टी सीएम ने सिद्धार्थनगर व जौनपुर जनसभाओं में कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह

**बीजेपी के बढ़ते हुए जनाधार से विपक्ष चिंतित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सिद्धार्थनगर व जौनपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। अपने संबोधन से उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी।

भाजपा के बढ़ते जनाधार से लोग चिंतित हैं। सबसे ज्यादा चिंतित विपक्ष के लोग हैं जो देश को बेचना चाहते हैं, आम जनता के हक पर डाका डालना चाहते हैं लेकिन, भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा की एक तरफभाजपा है उसने जो कहा है वो किया है वहीं दूसरी तरफ कट्टर बेईमान लोगों का समूह है, जिन्होंने 12 लाख करोड़ रूपये की लूट की है। सब आरोपी हैं, जिनमें कुछ जेल में हैं और कुछ टेम्परी बेल पर हैं। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल ध्वस्त हो चुकी है क्योंकि जनता ने ईवीएम को कमल से लबालब कर दिया है। भाजपा अपना रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली में भी बुरी तरह पराजित हो रही है। अमेठी में प्रियंका गांधी का सहानुभूति वाला स्वाँग काम नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सपा के शासन काल में गुंडों की भरमार थी। सपा का झंडा लगाकर कोई चलता था तो उसमें ऐसा लगता था कि कोई गुंडा ही बैठा है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो अखिलेश यादव को निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वह अयोध्या में नहीं पहुंचे जबकि माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने पहुंच गए। इससे ऐसा सिद्ध होता है यह लोग देश को बांटना चाहते हैं। लेकिन भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार भाजपा 400 का आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी और पूरा देश विकास के तरफ अग्रसर होगा। प्रधानमंत्री ने अपने शासनकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है जो की एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आप सबका एक-एक वोट कीमती है इसलिए मतदान के दिन जलपान से पहले अपना महत्वपूर्ण वोट भाजपा के पक्ष में डालें और पड़ोसियों के वोट भी डलवायें। भाजपा जीतेगी तो देश आगे बढ़ेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बहन बेटियों की सुरक्षा की गारंटी रहेगी।

# पहली बार मतदान करने वालों में दिखा जबरदस्त उत्साह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश की 14 संसदीय सीटों पर आज मतदान हो रहा हैं। वोटिंग को लेकर मतदाताओं में उत्साह भी देखा जा रहा हैं। सुबह से ही मतदान करने के लिए लोग घरों से निकले हैं।

बुजुर्ग मतदाताओं में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह हैं। वही कुछ ऐसे भी हैं जो बीमार होने के बावजूद वोट करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे हैं। आशियाना के महाराजा बिजली पासी पीजी डिग्री कॉलेज में आशियाना और एलडीए कॉलोनी के क्षेत्रों में रहने वाले तमाम मतदाता सुबह से ही वोट देने पहुंचे हैं। इनमें फर्स्ट टाइम वोटर में रहे। इन वोटर में मतदान के बाद चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। वही कुछ ऐसे भी लोग रहे जो लखनऊ से बाहर रहने के बावजूद वोट डालने के लिए आज लखनऊ पहुंचे हैं। मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंचे वोटर्स ने इस बार के चुनावों में हावी मुद्दों पर भी बातचीत की।

अवेश पांडेय ने बताया कि महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे हमेशा से रहे हैं। बीनू सिंह ने कहती हैं वोट डालने के लिए आए हैं, पर मानो ऐसा लग रहा हैं जैसे किसी एग्जाम में जा रहे हैं। जैसे बच्चों के बोर्ड एग्जाम हो कुछ वैसी फीलिंग हैं। वोट सभी को जरूर देना चाहिए, और वोट देते समय देश हित का जरूर ध्यान रखना चाहिए।

# जनता है साइलेंट इस बार होगा बदलाव : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी की पूर्व सीएम और बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती पांचवें चरण के चुनाव के दौरान लखनऊ में वोट डालने पहुंचीं मायावती ने मीडिया के सवालों का जवाब दिया।

मायावती ने अपने भतीजे और बसपा नेता आकाश आनंद को कोऑर्डिनेटर पद से हटाने से जुड़े सवालों का जवाब भी दिया। मायावती ने 2024 के चुनाव परिणाम को लेकर कहा कि केंद्र सरकार बदलने जा रही है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है इस बार बदलाव होगा क्योंकि जनता एकदम साइलेंट है और खुलकर बोल नहीं रही लेकिन जनता सब देख रही है कि क्या हो रहा है। मायावती लखनऊ में वोट डालने पहुंची थीं। आकाश आनंद को बीजेपी के दवाब में हटाया गया?

# अपराधिक लोगों से जब्त कराए गए 537 लाइसेंसी शस्त्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 19 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,86,767 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,10,939 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9771 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9852 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 581 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 4840 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 186 केन्द्रों को सीज किया गया। 19 मई को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 8872 लोगों को पाबन्द किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों ने बरामद की अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 19 मई तक 42918.38 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3431.82 लाख रुपये नकद, 5434.31 लाख की शराब, 23543.30 लाख की ड्रग, 2294.24 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 5405.26 लाख के उपहार एवं 2809.45 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 19 मई को 88.82 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की।

### देश में बनने जा रही गठबंधन की सरकार : कांग्रेस

**लखनऊ।** देश में पांचवे चरण के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं।जिस तरह से देश और उत्तर प्रदेश की जनता ने पिछले 10 साल की भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी की नीतियों एवं गारंटियों को नकारते हुए वोट के रूप में इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया है इससे निश्चित रूप से देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने अब देश एवं प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं का भरोसा मोदी की गारंटी पर नहीं रहा। जिस तरह से पिछले 10 सालों में युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार का झूठ वादा, किसानों की आय दोगुनी, करने तथा महंगाई पर अंकुश लगाने में में विफल साबित रही है। आज उत्तर प्रदेश में 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो गये हैं।

**जनसभा** — समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्वांचल दौरे पर कहा

# एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया मोदी सरकार ने

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार को पूर्वांचल दौरे पर थे। उन्होंने जनपद बस्ती, सिद्धार्थनगर, डुमरियागंज और संतकबीरनगर ने जनसभाए कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश की। सपा चीफ अखिलेश यादव ने जहां बीजेपी पर हमला बोला वहीं बीएसपी को भी आड़े हाथों लिया।

सिद्धार्थनगर में अखिलेश ने कहा, भाजपा सरकार बदलने जा रही है, 10 साल सरकार ने किसान, नौजवान, व्यापारी के साथ भेदभाव किया है, यह चुनाव संविधान बचाने का है और इसके लिए हर वर्ग के लोग एक साथ आ गए है। जनता इस बार इन्हें 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। उन्होंने कहा कि इन्होंने आपके 10 साल नहीं बर्बाद किए हैं आपका एक तिहाई जीवन बर्बाद किया है। बस्ती में अखिलेश यादव ने कहा, मैने नौजवानों को हर सभा में कहा है कि आपके 10 साल नहीं बर्बाद किए हैं आपका एक तिहाई जीवन बर्बाद किया है। न किसान की आय दोगुनी हुई, न महंगाई कम हुई। पेपर लीक को अखिलेश ने योगी सरकार की नाकामी नहीं साजिश बताया। उन्होंने कहा, इनकी हर परीक्षा का पेपर लीक हुआ, पेपर लीक हुए नही जानबूझकर करवाए गए जिससे नौकरी न देनी पड़े।

अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी में हताशा देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा, आपने बीजेपी के नेताओं की भाषा और भाषण सुन लिया होगा, 4 चरण के बाद ही उनके भाषण की भाषा ही बदल गई। वही पुरानी कहानी सुना रहे हैं जो जनता सुनने को तैयार नहीं।उन्होंने कहा कि एक दल है जिसका एक विधायक गलती से जीत गया है, उन्होंने अंदर ही अंदर बीजेपी से हाथ मिला लिया है। बहुजन समाज के लोगों से अपील है ये लोग संविधान को बदलकर हक छीनना चाहते हैं, इसलिए चुनाव में वोट करते समय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने का काम करना।

### पांचवें चरण में सभी 14 सीटें जीतने जा रही बीजेपी : भूपेंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि पाँचवें चरण में भाजपा सभी 14 सीटें जीतने जा रही है। राहुल गांधी की वापसी का टिकट बन चुका है। वे भी पराजित हो चुके हैं। अमेठी में कांग्रेस का इको सिस्टम खत्म हो चुका है वहाँ दोबारा कमल खिल रहा है। अमेठी और रायबरेली से जो संदेश जनता ने भाजपा के पक्ष में दिया है उससे यह साफहै कि 4 जून के बाद राहुल बाबा देश में कांग्रेस खोजो यात्रा पर निकलने वाले हैं। पाँचवें चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। इन पाँच चरणों में भाजपा जनता के आशीर्वाद से प्रदेश की सभी 53 सीटें जीत रही है। देश और प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उससे यह साफहै कि मोदी ही के नेतृत्व में तीसरी बार जनादेश मिल रहा है। जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। पांचो चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफकर दिया। मोदी देशवासियों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। जनता अपने मोदी के साथ खड़ी है। मोदी और जनता के बीच का जो गठबंधन है वह अटूट और अजेय है। यही कारण है कि सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हताश और निराश है।

# जनपद में मतदान प्रतिशत पहले से भी कम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**







गोंडा जिला अधिकारी के द्वारा चलाए गए स्विप कार्यक्रम के तहत नहीं दिखाई पड़ा कोई स्विप कार्यक्रम का असर शाम 6:00 तक जनपद में कुल मिलाकर 54 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें कैसरगंज लोकसभा में शाम 6:00 बजे तक 54 प्रतिशत मतदान हुआ वही गोंडा लोकसभा क्षेत्र में शाम 6:00 बजे तक मात्र 52त्न मतदान हुआ पूरे जनपद में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ दो एक जगह हल्की-फुल्की घटना की जानकारी मिली जहां प्रशासन ने पहुंचकर उसका निराकरण किया शेष पूरे जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ लोकसभा कैसरगंज में 06:00 बजे तक 56 प्रतिशत वोट हुआ है।

जनपद में 06:00 बजे तक 54 प्रतिशत वोट हुआ है। जिलाधिकारी गोंडा के द्वारा बताया गया गर्मी के वजह से और पब्लिक के न निकलने की वजह से मतदान प्रतिशत नहीं बाद उन्होंने यह भी कहा की जिलाधिकारी किसी को घर से निकलने नहीं जाएंगे मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद में एक नहीं कई स्वीप कार्यक्रम चलाए गए मेरा गोंडा मेरी शान पहले मतदान फिर करो जलपान किंतु अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों ने वोट करने से परहेज किया इस कारण वोटिंग प्रतिशत पिछली बार से कम रहा।

## 92 वर्षीय वृद्ध ने राष्ट्र के निर्माण में निभाई अपनी भागीदारी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** कहते हैं जब जज्बा हो कुछ कर गुजरने का तो वहां उम्र बाधक नहीं बनती है और ऐसे में 92 वर्षीय वृद्ध ने अपने मत का प्रयोग किया और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी दिखाई ऐसे राष्ट्र के प्रहरी को शत-शत नमन है उदय प्रसाद पांडे ग्राम अँदूपुर विकासखंड परसपुर 92 वर्ष के होते हुए उन्होंने अपने वोट का इस्तेमाल किया।

## डीएम-एसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में जिले की गोंडा लोकसभा सीट पर कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए मतदान हो रहा है।

मतदान के लिए दोनो लोकसभा सीटों पर कुल 4002 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। लोकतंत्र के जिस महापर्व में दोनों लोकसभा क्षेत्रों के 37.47 लाख मतदाता आज वोटिंग कर रहे हैं। सुबह 9 तक दोनो सीटों पर 1 3ः प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका है।

मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल लगातार पोलिंग बूथ का भ्रमण कर रहे हैं और वहां का जायजा ले रहे हैं। परसपुर के श्री राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बने पोलिंग बूथ का डीएम एसपी ने निरीक्षण किया और मतदाताओं से पोलिंग बूथ पर पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान की अपील की।

जिला निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दोनों लोकसभा क्षेत्र में अब तक करीब 13ः मतदान मतदान हुआ है। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। जहां कहीं भी ईवीएम खराबी या अन्य किसी तरह की समस्या आ रही है वहां तत्काल उन्हें दुरुस्त कराया जा रहा है।

वहीं एसपी विनीत जायसवाल का कहना है कि मतदान केंद्रों की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बल, पीएससी के जवान व सिविल पुलिस के जवान लगाए गए हैं। कहीं किसी तरह के अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## सपा प्रत्याशी ने भयमुक्त मतदान प्रक्रिया पर उठाए सवाल, डीएम ने किया खारिज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



गोंडा लोकसभा सीट पर मतदान की प्रक्रिया जारी है। जिले में दोपहर एक बजे तक 33 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। इसी बीच गोंडा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने मनकापुर क्षेत्र के धरमपुर के ग्राम प्रधान पर पोलिंग बूथ के भीतर मौजूद रहकर वोटरों को डराने और उनपर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। श्रेया ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर निर्वाचन आयोग को टैग कर इसकी शिकायत की है। श्रेया ने गौरा विधानसभा क्षेत्र के सिसहनी पोलिंग बूथ पर ईवीएम मशीन पर सपा के निशान वाली बटन खराब होने और मेहनौन के पूरे सिधारी पोलिंग बूथ की ईवीएम मशीन के खराब होने की शिकायत भी की है। सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि धर्मपुर पोलिंग बूथ पर ग्राम प्रधान बूथ के अंदर मौजूद हैं। जिसके चलते मतदाता भय मुक्त होकर मतदान नहीं कर पा रहे हैं। इसी तरह गौरा विधानसभा क्षेत्र के सिसहनी पोलिंग बूथ पर ईवीएम मशीन में साइकिल के खाने वाली बटन काम नहीं कर रही है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इन मामलों में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने सपा प्रत्याशी के आरोपों को खारिज किया है और कहा कि सपा प्रत्याशी के शिकायतों की जांच कराई गई लेकिन सभी शिकायतें निराधार पायी गयीं है। सभी पोलिंग बूथ पर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैघ।

## जिले में अचानक बदला मौसम

- रिमझिम बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में सोमवार शाम को जंगल से सटे इलाकों से शुरू हुई बारिश रिसिया क्षेत्र में पहुंच गई। अलग-अलग स्थान पर छिटपुट बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई इससे मौसम में नमी आ गई गर्मी से परेशान लोगों को निजात मिली।

जिले में सोमवार को भीषण गर्मी के बीच मतदान शुरू हुआ। दोपहर में तापमान 39 डिग्री पहुंच गया।इसी बीच जंगल क्षेत्र के गायघाट में शाम चार बजे तेज़ आंधी के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश के बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। शिवपुर, मटेरा और रिसिया क्षेत्र में भी रिमझिम बारिश के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई 20 ग्राम से लेकर 50 ग्राम तक के पत्थर बारिश के बीच गिरे। बारिश के चलते मौसम में नमी आ गई गर्मी से परेशान लोगों को निजात मिली।

वहीं जिला मुख्यालय पर आसमान में बादल छा गए तेज हवाएं चलीं, लेकिन बारिश नहीं हो सकी। जिले के कुछ क्षेत्रों में हुई छुटपुट बारिश ने लोगों को लाभ पहुंचाया।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




**करण भूषण सिंह ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी**

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव में एक प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने के मकसद से सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी को सोमवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी करण भूषण सिंह के निर्वाचन अभिकर्ता ने इस संबंध में थाना कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता महेंद्र सिंह ने कोतवाली नगर थाने में सूचना दी थी कि फेसबुक पर सूरज सिंह कलहंस नाम के एक फर्जी अकाउंट से जाति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है, जिससे चुनावी माहौल खराब किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर स्थानीय थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की 171 सी, 504, 505(2) व 125 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई।उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कोतवाली नगर पुलिस व साइबर सेल ने पाया कि बहराइच जिले के बिशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले शैलेंद्र कुमार उर्फ पवन कुमार चौबे ने कैसरगंज संसदीय सीट पर एक प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फेसबुक पर फर्जी नाम से एक अकाउंट बनाकर एक जाति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट किया था।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह व साइबर सेल के प्रभारी शादाब आलम ने आरोपी को उसके आवास से गिरफ्तार कर एक टूटा हुआ मोबाइल फोन (जिस मोबाइल से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया था व आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी) बरामद किया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने एक प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने के मकसद से फर्जी अकाउंट बनाकर जाति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट वायरल कर मोबाइल फोन तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### कैसरगंज-पयागपुर के मतदाताओं ने दिखाया जोश

- कैसरगंज में 4.32 व पयागपुर में 3.06 प्रतिशत अधिक दर्ज हुआ मतदान
- मतदाता पर्ची वितरण के लिए डीएम के प्रयासों का दिखा असर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर में 57.39 प्रतिशत तथा 288-कैसरगंज में 56.61 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में पयागपुर में 53.07 व कैसरगंज में 53.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस प्रकार विगत निर्वाचन की अपेक्षा 2024 के मतदान में 4.32 प्रतिशत तथा कैसरगंज में 3.06 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। डीएम मोनिका रानी ने मतदाता प्रतिशत में बढ़ोत्तरी को देखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विशेषकर दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को बधाई दी है।

### लाखों की चोरी का पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** दौलतपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां सात मई को घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत एक लाख से अधिक की चोरी की थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक चोरी का केस दर्ज नहीं किया है और न ही चोरी का खुलासा किया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दौलतपुर निवासी अकबर अली पुत्र इद्दु के मकान में सात मई को चोर घर के पीछे से अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोर 40 हजार रूपये नकदी, 11 थान सोने और 12 थान चांदी के जेवरात चोरी कर ली। आठ मई की सुबह पीड़ित ने गायघाट चौकी में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की, लेकिन दो सप्ताह बीतने को है। अभी तक पुलिस ने न केस दर्ज किया है और न ही चोरी का खुलासा किया है। इससे परिवार के लोगों में नाराजगी है। सभी ने थानाध्यक्ष दद्दन सिंह से केस दर्ज करने और चोरी का सामान बरामद करवाए जाने की मांग की है।

### लोकसभा सीट पर 57.46 प्रतिशत रहा कुल मतदान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 36 रायबरेली लोकसभा सीट पर आज शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। शाम 6 बजे तक कुल 57.46 प्रतिशत मतदान हुआ। केवल एक गांव मैनूपुर जो मिल एरिया थाना क्षेत्र में आता है, वहां पर मतदान का बहिष्कार किया गया था, लेकिन काफी मान मनौव्वल के बाद कुछ ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया है। शाम 6:30 बजे पोलिंग पार्टियां आईटीआई गोरा बाजार में बने स्ट्रांग रूम की ओर रवाना हो गईं।

**43 ईवीएम हुई खराबः-** चुनाव आयोग लगातार मत प्रतिशत बढ़ाने की बात करता है लेकिन बहुत से बूथों देखा गया है कि लोग अपने घरों से निकलकर वोट डालने आये तो मगर वोटर लिस्ट से उनका या फिर उनके पूरे परिवार का नाम ही गायब मिला। जबकि चुनाव आयोग मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाता है। बीएलओ के माध्यम से चुनाव के पहले लोगों के नाम वोटर लिस्ट में डलवाने का काम किया जाता है। भारी भरकम सरकारी धनराशि भी खर्च की जाती है। चुनाव से पहले ट्रेनिंग दी जाती है। ईवीएम मशीन की निगरानी करके उसे अच्छे तरीके से चेक किया जाता है। लेकिन आज अलग-अलग बूथों पर 43 ईवीएम खराब होने से मतदान की स्पीड कम हुई।

## शान्तिपूर्ण मतदान के लिए निरन्तर भ्रमणशील रहीं डीएम-एसपी

- आयुक्त, डीआईजी व प्रेक्षकगण ने भी किया क्षेत्र का भ्रमण

**राहुल सोनी।**




**बहराइच समृद्धि न्यूज़** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जनपद की समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज के मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला सहित जनपद के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, मतदान व्यवस्था के लिए नियुक्त किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इसके अतिरिक्त आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक निधि निवेदिता, पुलिस प्रेक्षक अर्नब राय व व्यय प्रेक्षक गौरांगा चन्द्रा दास भी क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने घाघरा नदी के कछार में स्थित मतदान केन्द्र तप्पेसिपाह, बम्भौरा, उ.प्रा.वि. जरवल, जय जवान जय किसान इण्टर कालेज, गण्डारा, गोड़हिया नम्बर-2 के मंगल मेला इत्यादि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोगों से अपील की कि वोट देने के बाद वह अपने घरों की ओर प्रस्थान करें तथा अनावश्यक रूप से मतदान केन्द्र के आस-पास भीड़ न लगायें। भ्रमण के दौरान पोलिंग एजेन्ट्स को भी हिदायत दी गयी कि वह मतदान केन्द्र के अन्दर बैठकर प्रक्रिया को देखते रहें, अनावश्यक रूप से इधर-उधर न घूमें।

मतदान केन्द्रों पर मौजूद सुरक्षा बलों को निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र के अन्दर किसी को मोबाइल न ले जाने के आदेशों पर सख्ती से अमल कराया जाय तथा मतदान केन्द्र के आस-पास अनावश्यक भीड़-भाड़ एकत्र ने होने दें।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जहॉ जिलाधिकारी मतदान केन्द्र के अन्दर जाकर मतदान प्रतिशत, मतदान कार्मिकों तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा ले रही थीं वहीं पुलिस अधीक्षक मतदान केन्द्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कार्मिकों को शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं।

निरीक्षण के दौरान सभी ज़ोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से स्वयं भी भ्रमण शील रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस आफिसर भी बेहतर तालमेल के साथ भ्रमणशील रहते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराएं।

### पहले सम्मान फिर दिव्यांग और बुजुर्गों ने किया मतदान



कैसरगंज सीट के लिए जिले के दो विधान सभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। मतदान के लिए आने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कैसरगंज सीट के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। वहीं पयागपुर विकास खंड के सचौली में मतदाताओं की लंबी लाइन लगी रही। फखरपुर के टेडवा अल्पी मिश्र और जरवल रोड में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी ने मतदान किया। सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव चल रहा है।

### निराश्रित महिलाओं को अपनी स्कूटी से पहुंचाया पोलिंग बूथ




विकास खंड फखरपुर में निराश्रित महिलाओं को पोलिंग बूथ पर अपने निजी साधन से आशा पुष्पा चौहान ने पहुंचाया और सबके घर पहुंचकर पर्ची देकर वोट करने जाने के लिए प्रेरित करती रही । आशा पुष्पा चौहान का कार्य क्षेत्र मझारा तौकली रोहितपुरवा और अर्जुनपुरवा फखरपुर मे तैनात हैं

### बूथ संख्या 64 पर मतदान से वंचित करने का आरोप, पुलिस ने सुलझाया

जिले में कैसरगंज सीट के लिए दो विधान सभा में मतदान हो रहा है। कैसरगंज विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या 64 में मतदाताओं ने बिना मतदान के वापस भेजे जाने का आरोप लगाया। हालांकि थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर बीएलओ से वार्ता की। जिसके बाद मतदान शुरू हो गया है। जिसमें कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। कैसरगंज विधान सभा क्षेत्र के फखरपुर थाना क्षेत्र में बूथ संख्या 64 टेडवा अल्पी मिश्र में लोगों बिना कंप्यूटर के पर्ची पर मतदान करने से रोकने का आरोप लगाया। इसका वीडियो समाचार ग्रुपों पर वायरल किया। जिसका संज्ञान लेकर फखरपुर थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीएलओ से वार्ता की। बीएलओ कंप्यूटर की मतदाता पर्ची लाने की बात कही। जिस पर थानाध्यक्ष ने सूची में नाम होने और पर्ची देखकर मतदान करवाने की बात कही। इसके बाद मतदान शुरू हो गया। हालांकि 10 से 12 लोग पहले मतदान से वंचित हुए। इसके बाद पुनः सभी ने मतदान किया।

## आम्बा गांव में जंगली हाथी की दस्तक फार्महाउस में घुसकर मचाया उत्पात



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गाँवों में हाथियों का उत्पात थम नहीं रहा है। बीती रात जंगली हाथियों ने आम्बा गांव के ग्रामीणों के खेतों में घुसकर खूब उत्पात मचाया। काफी देर तक ग्रामीणों के हाका लगाने के बाद हाथी जंगल की ओर गए। रह -रह कर हाथियों के उत्पात मचाने से गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। गांव के लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। गांव के लोगों ने वन विभाग से जंगली हाथियों से सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।जनपद के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंजर अंतर्गत ग्राम सभा आम्बा में जंगली हाथियों की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। बीती रात को जंगली टस्कर हाथी आम्बा में पहुच गया जो गांव निवासी बकरीदी के खेत से होकर बहराइच निवासी तारीक बेग के फार्महाउस में तार फेंसिंग को तोड़कर घुस गया। अचानक आए जंगली हाथी की आमद से लोग सतर्क हो गए गांव के सभी ने हाका लगाना शुरू किया। लेकिन गांव के लोगों के चिल्लाने और हाका लगाने का कोई असर जंगली हाथियों पर नहीं दिखा। इस दौरान करीब आधे घंटे तक डटे रहने के बाद हाथी जंगल में चला गया। ग्रामीणों ने हाथियों की दस्तक की खबर वन विभाग व गजमित्रों को देते हुए उनसे गांव के लोगों की सुरक्षा की मांग की है।

## ट्रेन के आगे कूदकर व्यापारी ने दी जान

- ब्रेड बनाने का करता था काम, इंटरसिटी एक्सप्रेस से हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के कोतवाली देहात इलाके में स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार दोपहर एक व्यापारी चलती ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर रेलवे और देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरगाह थाना क्षेत्र के डिगिहा मोहल्ले के रहने वाले अनिल नाम के व्यक्ति ने सोमवार दोपहर गोरखपुर से बहराइच जाने वाली 05131 इंटरसिटी ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। हादसे में अनिल की मौके पर ही मौत हो गई लोगों ने इसकी सूचना देहात कोतवाली पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि अनिल सासपारा में ब्रेड बनाने का काम करता था शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बसपा प्रत्याशी से चुनाव जिताने के नाम पर मांगे 35 लाख, केस दर्ज

- शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी हिरासत में

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय ने एक युवक पर पैसे मांगने और चुनाव में जीतने का आरोप लगाते हुए पयागपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने व्हाट्स एप काल करने वाले युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।कैसरगंज सीट से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पयागपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात एक युवक ने व्हाट्सएप काल करके 35 लाख रूपए की मांग करते हुए कहा कि आपको चुनाव में जीत दिला दूंगा। मेरी बात सभी अधिकारीयों से हो चुकी है। यदि आप पैसा नही देंगे तो अन्य प्रत्याशी से भी बात चल रही है और उसे जीत दिला दी जायेगी। इस पर मैंने मना कर दिया तो फिर व्हाट्सएप मैसेज कर पैसे की मांग कर रहा था।जिसकी पूरी डिटेल पयागपुर थाने पर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दे दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी आदर्श मिश्रा निवासी महसी को हिरासत में ले कर पूछ ताछ की जा रही है।

## चहलारी नरेश पर प्रबंध-काव्य विमोचन 13 को

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

1857 की क्रांति के अमर बलिदानी बहराइच के वीर सपूत चहलारी नरेश वीर बलभद्र सिंह के बलिदान पर आधारित प्रबंध-काव्य का विमोचन उनके बलिदान दिवस पर आगामी 13 जून को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ.सत्यभूषण सिंह ने बताया कि यह आयोजन किसान पीजी कॉलेज बहराइच में होगा। यह प्रबंध-काव्य साहित्यकार स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह द्वारा लिखा गया है और इसमें चहलारी नरेश बलभद्र सिंह की वीरता और शौर्य का शानदार वर्णन है।18 वर्ष के इस युवा बलिदानी को स्मरण करते हुए 12 व 13 जून 1858 को रेठ नदी के तट पर नवाबगंज,बाराबंकी में अवध की सेना का नेतृत्व करते हुए चहलारी नरेश बलभद्र सिंह के अमर बलिदानी की वीर गाथा को साहित्यकार ने वर्णित किया है। बहराइच के इस तरुण बलिदानी की अमर गाथा बहराइच के जनमानस में रची बची हुई है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि इस प्रबंध काव्य के प्रकाशन का उनका उद्देश्य इस अमर बलिदानी की गाथा को बहराइच जिले के घर-घर तक पहुंचाना है।उनका प्रयास होगा की राष्ट्रीयता और देश प्रेम के प्रति समर्पण की भावना को नई पीढ़ी में प्रेरणा देने के लिए इस अमर बलिदानी की शौर्य गाथा आमजन तक पहुंचायी जाए। इस पुस्तक की पृष्ठभूमि पूर्व बैंक अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने लिखी है।

## मतदाता रहा शांत, प्रत्याशियों की बढ़ी रहीं धड़कन

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पांचवें चरण में सम्पन्न हुए बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में ठेकेदारों को मुंह की खाना तय माना जा रहा है।प्रत्येक बूथ पर जीत की जुगत के सारे प्रयासो पर मतदाताओं की चुप्पी से पानी फिर जाने प्रबल संभावना मानी जा रही है।मालूम हो कि इस बार बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र के सम्पन्न हुये चुनाव मे भाजपा और इंडिया गठबंधन के समर्थक ठेकेदार अपनी अपनी पोलिंग बूथों पर भी पूर्व से किये गये मान मनौव्वल का असर न दिखाई पड़ने से निराश दिखाई पड़ रहे थे। आखिर कैसे पोलिंग पर जीत का तकमा हासिल हो जाये इसके लिए जुटे रहे जिससे आगे उनका आधार सुरक्षित रहे।प्रत्याशियों के ठेकेदारो शागिर्दों के द्वारा तमाम पोलिंगो पर जीत के अब तक बड़े बडे दावे किये जा रहे थे किंतु जिले के प्रबुद्ध मतदाताओं की खामोशी से पोलिंग से जीत के दावे करने वाले ठेकेदारों की नींद मतदान शुरु होने के साथ ही उड़ती हुई दिखाई पड़ रही थी। राजनीतिक दलों के ठेकेदार अपने मुखबिर भी गांवों में लगाये हुये हैं जिनसे उन्हें मालूम हो सके कि कौन पक्ष में है और कौन विपक्ष में है। लेकिन मतदाताओं की चुप्पी के चलते जमीनी हकीकत से वह रुबरु नहीं हो सके थे।जिसके चलते इन मुखबिरों की भी खूब बल्ले बल्ले थी।वह सुबह शाम समय पाकर इन ठेकेदारों मठाधीशों के कान में मंत्र भी फूंकते थे कि वह व्यक्ति गड़बड़ है ऐसा करके मुखबिर ठेकेदारों से चाय पानी का खर्चा भी पाते रहे।लेकिन जागरुक जनों के मुताबिक सुबह पहर मतदान शुरु होने के साथ ही छन कर आने वाली जानकारियां ठेकेदारों के लिये किसी सदमे से कमतर नहीं आंकी जा रही थी।भारी संख्या में मतदाताओं के बीच जो चुप्पी छाई हुई थी वह मतदान के साथ ही धीरे धीरे खुलकर सम्मुख आने लगी। जो ठेकेदारों के लिये शाम तक परेशानी का सबब बन चुकी थी। जो लोग मुखबिरी के बल पर चाय पानी वाह वाही बटोर रहे थे वह लोग भी इन ठेकेदारों के निशाने पर आ गये।यह बात अलग है कि इधर उधर की झूठी चटनी का इस्तेमाल यह लोग न करें तो इनकी पूछ पर झटका लग जाता। पोलिंग जितवाने वाले ठेकेदार गांवों की स्थिति की जानकारी इन खाने पीने वाले बिना वजूद वाले मुखबिरों से जुटा रहे थे।अबकी बार बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से बड़े-बड़े राजनीतिक पंडितों की गणित नहीं लग रही है बाराबंकी क्षेत्र के प्रबुद्ध मतदाताओं की खामोशी से राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व उनके शागिर्दों की नींदें उडी हुई हैं। राजनीतिक दलों के ठेकेदार पोलिंग जितवाने को लेकर अपनी पूरी प्रतिष्ठा लगाए हुये हैं और इसके लिये मतदाताओं की चरण वंदना भी करने में जुटे रहे। खामोशी के कारण उन्हें यह विश्वास था कि सफलता मिलेगी। अब देखना यह है कि ठेकेदारों की जुगत कहां तक काम आती है। जो निराशा उनके द्वारा झलक रही थी वह अपने तय पोलिंग बूथों से जीत हासिल कर पाने में मतगणना के दिन कहां तक सफल होते हैं यह तो भविष्य के गर्भ में है। सभी प्रत्याशियो का भाग्य सोमवार की शाम तक ई वी एम में बंद हो गया। जागरुक जनों के मुताबिक सीधी लड़ाई कांग्रेस के तनुज पुनिया और भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के मध्य है दोनों प्रत्याशियो के बीच बूथों पर हासिल हासिल होने वाली हार जीत के ऊपर ठेकेदारों का भविष्य है। बसपा प्रत्याशी कि दूर दूर तक कोई चर्चा नहीं थी। अब ऊंट किस करवट बैठेगा। यह तो चार जून को मालूम पड़ेगा लेकिन आम मतदाताओं की खामोशी के बाद मतदान के दिन दिखाई पड़ा जोश ठेकेदारो को होश में आने पाठ जरुर पढ़ा गया।आगे जो होगा वह देखा जायेगा।

# मतपेटियों में बंद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

- एनडीए या इंडिया कौन होगा 2024 का बादशाह
- रायबरेली में चलेगा दिनेश का जादू या राहुल का करिश्मा





**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनाव रायबरेली में संपन्न हुआ। कुछ बूथों पर ईवीएम खराब होने की सूचनाओं मिली जिसको जिला प्रशासन के द्वारा समय रहते ही सही कर दिया गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा था।


रायबरेली लोकसभा सीट पर पूरे देश की निगाहें हैं क्योंकि रायबरेली कांग्रेस का गढ़ रहा है और इस बार कांग्रेस से राहुल गांधी ने ताल ठोकी हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार में मंत्री स्थानीय नेता दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा था दिलचस्प है कि रायबरेली में लगातार कांग्रेस का ही डंका बजा है इस बार मतदाता किसे अपना आशीर्वाद रूपी मत देता है यह 4 तारीख को कंफर्म हो जाएगा।

सकुशल मतदान संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी की थी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी और सभी भूतों पर निगाहें भी रखी जा रही थी यही नहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के निर्देश पर और मतदान सकुशल संपन्न हो उसके लिए पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में दिखा और लगातार सचल दस्ते की रूप में बड़े अधिकारी चुनाव प्रक्रिया पर नजर बनाए रखे हुए थे।

### मत प्रतिशत न बढ़ने का एक यह भी है कारण

सरकार लगातार मत प्रतिशत बढ़ाने की बात कर रही है मगर बहुत से बूथों देखा गया है कि लोग अपने घरों से निकलकर वोट डालने पहुंचते हैं मगर वोटर लिस्ट से उनका या फिर उनके पूरे परिवार का नाम ही गायब मिलता है। जबकि सरकार मध्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाती है और बीएलओ के माध्यम से चुनाव के पहले लोगों के नाम वोटर लिस्ट में डलवाने का काम करती है और इसके लिए सरकार लाखों रुपए खर्च भी करती है उसके बाद भी अगर चुनाव के दिन लोग अपने मत का प्रयोग करने के लिए अपनी नजदीकी बूथ पर पहुंचते हैं और वहां देखते हैं कि उनका या उनके परिवार का नाम गायब है तो वह यही कोसते है सरकार के द्वारा जो धन चुनाव प्रचार के लिए किया जाता है क्या मतलब है उसका जब उन लोगों का नाम ही वोटर लिस्ट से गायब हो जाता है रायबरेली की ऐसे बहुत से भूत देखने को मिले जहां पर लोगों की भीड़ तो गई मगर वोटर लिस्ट में नाम न होने की वजह से वह लोग बैरंग वापस वहां से लौट आए।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव मतदान के महापर्व पर डलमऊ तहसील क्षेत्र के विभिन्न बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारे लग गई और दोपहर तक गर्मी बढ़ते ही अधिकतर बूतों पर सन्नाटा पसर गया दोपहर बाद फिर मतदाताओं ने बूथ की तरफ रुख किया और शाम 5:00 बजे तक मतदान होता रहा ऊंचाहार विधानसभा के जलालपुर धई बूथ संख्या 85 एवं 86 पर सुबह से ही ईवीएम मशीन में खराबी के चलते मतदान अवरोध रहा लगभग 1 घंटे बाद खराबी को दूर करके मतदान प्रारंभ कराया गया वहीं पर प्राथमिक विद्यालय पूरे वन में बने बूथ संख्या 47 पर 9:30 बजे ईवीएम में खराबी के चलते 1 घंटे मतदान रुका रहा पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार कुरील ने बताया कि 1 घंटे बाद मतदान पुनः शुरू कराया गया नगर पंचायत डलमऊ के बूथ संख्या 413 एवं 414 और 415 में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारे लग गई हालांकि वहां पर पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने की वजह से मतदाताओं को पेयजल के संकट से जूझना पड़ा अंत में तहसीलदार के निर्देश पर पानी की व्यवस्था कराई गई गुरुद्वारा में बने पिंक पोलिंग बूथ पर युवाओं ने सेल्फी का आनंद लिया कस्बे के श्री भागीरथी इंटर कॉलेज पर बने पोलिंग बूथ का उप जिलाधिकारी डलमऊ आशुतोष राय ने निरीक्षण किया डलमऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरेनी एवं ऊंचाहार विधानसभा के बूथ पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे पहली बार मतदान करने आए युवक एवं यूतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला बुजुर्ग एवं विकलांग मतदाताओं ने भी पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया राधा कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ के स्वामी देवेंद्रानंद गिरी ने सभी संतो के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया

# राहुल गांधी पहुंचे रायबरेली

**हनुमान मंदिर में पूजा के बाद बछरावां में मतदान केंद्र का किया निरीक्षण**




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने जिले के चुरुआ में हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. पूजा कराने वाले पुजारी ने राहुल के साथ सेल्फी ली। राहुल रायबरेली के बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से मिले।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मतदाताओं से मिलते हुए उनका वीडियो साझा किया और कहा कि बछरावां में बूथ कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी मिले और आज रायबरेली में वह मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वह स्थानीय लोगों और बूथ योद्धाओं से मिल रहे हैं. वीडियो के अनुसार बाद में, राहुल गांधी ने निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

### हनुमान जी का लिया आशीर्वाद

राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के उम्मीदवार हैं। जिसका प्रतिनिधित्व पहले उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनसे पहले दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी कर चुकी हैं। भाजपा ने रायबरेली में राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। जो 2019 के चुनाव में सोनिया गांधी से पराजित हो चुके हैं।

**सेल्फी लेने लगे लोग**

बूथों पर राहुल गांधी के दौरे के दौरान लोग सेल्फी के लिए उनके आसपास जमा होते दिखे। जब राहुल गांधी एक बूथ से बाहर निकले तो पत्रकारों ने उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। वह अपने वाहन में बैठे और चले गये।

# कांग्रेस व बीजेपी के समर्थकों ने एक दूसरे पर लगाया गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय पुरासी में बने पोलिंग सेंटर पर कांग्रेस के एजेंट रामबरन यादव व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर पांडे तथा उनके साथियों के बीच जमकर मारपीट हुई सूचना पर पूरा प्रशासनिक अमला पुरासी पहुंच गया जिसके बाद दोनों पक्षों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया गया, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के एजेंट रामबरन यादव ने प्रधान प्रतिनिधि पर चप्पलों से पीटने का आरोप लगाया है, घटना दोपहर करीब तीन बजे के करीब की है, प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर अपने कुछ साथियों के साथ मतदान करने पहुंचे उसी वक्त किसी बात को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के एजेंट रामबरन व गंगा सागर के बीच कहा सुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते कहासुनी गाली गलौज मारपीट में तब्दील हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गाली गलौज मारपीट का आरोप लगाया है, सूचना पर सीओ यादुवेंद्र बहादुर पाल ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है, और दोनों पक्षों से बात चीत की है।

### जिला पंचायत सदस्य और भाजपा प्रत्याशी के भाई में हुई झड़प

**महराजगंज।** महराजगंज रायबरेली जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव और भाजपा प्रत्याशी के भाई से हुई झडप लोकसभा के बछरावां विधानसभा के थुलवासां में बूथ संख्या 332 पर जिला पंचायत सदस्य अमावा प्रथम अपनी माता के साथ थुलवासा प्रधान हैं पोलिंग पर वोट डालने जा रहा थे तभी भाजपा प्रत्याशी के भाई द्वारा 4 जून के बाद तुमको देख लेंगे यहां से हट जाओ जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव ने भाजपा प्रत्याशी के भाई पर आरोप लगाया। वहीं समाजवादी पार्टी ने मामले का संज्ञान लेते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर भी शेयर किया है।

# ग्राम प्रधान का नाम वोटर लिस्ट से गायब

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं कि अधिक से अधिक मतदान हो बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाए जाते हैं जिसका खूब प्रचार प्रसार किया जाता है। लेकिन क्या फायदा जब वोट ही ना आए और वह भी किसी आम आदमी की नहीं हम बात कर रहे हैं।

ग्राम प्रधान की कई पंचवर्षीय से सुल्तानपुर ग्राम प्रधान एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष पहरेमऊ से संतलाल लोधी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक व्यक्ति हैं ।लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट की सूची में ग्राम प्रधान का ही नाम गायब मिला इस तरह के कई मामले प्रकाश में आए हैं जहां पर कई लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब रहा जिससे लोग हैरान और परेशान दिखेऔर कुछ जगह वोटर लिस्ट में नाम भी वोटरों को गलत मिला वही क्षेत्र में काफी लोगों का वोटर लिस्ट में नाम न होने के कारण वह मतदान करने से वंचित रह गए।

- खड़ा हो रहा है चुनाव आयोग कटघरे में काफी लोग मतदान करने से रह गए वंचित



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीटों पर मतदान होगा जहां सुबह से ही रायबरेली में जागरूक मतदाता अपना अपना मतदान करने के लिए पहुंच रहे हैं।

रायबरेली की जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर रायबरेली के एसजेएस स्कूल के आदर्श बूथ में पहुंची। जहां उन्होंने निरीक्षण किया साथ ही साथ इस बार रायबरेली की जो हॉट सीट मानी जाती है उस पर भी कहीं ना कहीं पूरी तरीके से तैयारी कर ली गई है। सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। लोकतंत्र के इस पर्व को लोग उत्साह से मना रहे हैं। रायबरेली में 1236 मतदान केंद्र बनाए गए हैं तो वहीं 1867 बूथ। सभी पर पुलिस की कड़ी निगरानी। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान हो इसके लिए सारी तैयारी कर ली गई है।बूथ पर मतदान करने वालों को कोई परेशानी ना हो इसका भी खास ध्यान रखा गया है साथ ही साथ जो हमारे मतदान कर्मी है उनकी सहूलियत का भी ध्यान रखा जा रहा है। हीट वेव को देखते हुए भी तैयारी कर ली गई है।



## खबरें एक नजर में

### खेत में पड़ा मिला किसान का शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिले में सोमवार को संदिग्ध हालत में किसान का शव खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर से मौत होने की पुष्टि होने पर डॉक्टर से बिसरा सुरक्षित कराया गया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के कठार की है। यहां के रहने वाले मोहन रविवार रात खाना खाने के बाद फसल देखने की बात कहकर खेत में गए थे। सोमवार सुबह देर तक घर न आने पर पड़ोसी किसानों से जानकारी मिली कि मोहन का शव खेत में पड़ा है। खेत में शव पड़ा होने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। बेटे मोनू की सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि बेटे से मौत होने की सूचना दी गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मोहन गांव में ही रहकर किसानी का कार्य करता था। मोहन के दो विवाहित बेटियां सोनी, शुभम और दो बेटों सोनू व मोनू में 6 माह पहले सोनू की मौत हो चुकी है। घटना के बाद मां शोभराना व पत्नी कमलेश कुमारी का रो-रोकर बेहाल होती रही। परिजनों का कहना है कि खेत पर किसी जहरीले कीड़े के काटने से मौत हुई है।

### चहली से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिले में मकान का प्लास्टर कर रहा राज मिस्त्री चहली टूट जाने से नीचे गिरकर घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर सीएचसी से परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना अचलगंज थाना क्षेत्र के घुरवाखेड़ा की है। दही थाना क्षेत्र के पकरा गांव के रहने वाले अमृत लाल (45) राजमिस्त्री का काम करते थे। घुरवाखेड़ा गांव के रहने वाले सुरेश कुमार यादव अचलगंज ब्लॉक मुख्यालय के सामने वाली गली में मकान में प्लास्टर करवा रहे थे। प्लास्टर करने के दौरान अचानक चहली टूट गई। जिससे अमृत लाल नीचे गिर पड़े। लेबरों ने इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। चहली से गिरने की सूचना पर मकान मालिक सुरेश उसे सीएचसी ले गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर घर चले आए। बड़े भाई लाल बहादुर ने घटना की तहरीर पुलिस में दी है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। अमृत लाल के परिवार में पत्नी शिव प्यारी के अलावा दो बेटे व दो बेटियां हैं। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि भाई की सूचना पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### दबंग ने घर में घुसकर युवती से किया रेप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जिले में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले के रहने वाले दबंग ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पहुंची पीड़िता की मां को लाठी-डंडों से जमकर पीटा। जिससे वह घायल हो गई। घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों का कहना है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की वह घर में खाना बना रही थी। उसी समय गांव का रहने वाला आरोपी देर रात उसके घर में घुस आया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके चिल्लाने पर छत पर सो रही मां उतर कर नीचे आई। इसी दौरान वह बेहोश हो गई। आरोप है कि आरोपी का पिता दो तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और बांका, लाठी-डण्डे लेकर उसकी मां के सिर पर कई बार हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तब तक गांव के लोग आ गए। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। आरोप कि वह पिछले कई दिनों से रास्ते में आते जाते भी कमेंट कर रहा था। पुलिस ने केवल मेडिकल कराकर पल्ला झाड़ लिया। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। बांगरमऊ सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को ट्रक ने रौंदा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के थाना गोसाईगंज के कस्बा अमेठी निवासी चालक पंकज (25) पुत्र राम सुमिरन एक पिकअप लोडर में कन्नौज क्षेत्र से आलू लोड कर लखनऊ लेकर जा रहा था। सोमवार को बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव बहलोलपुर के पास उसके लोडर का एक टायर पंचर हो गया, जिससे गाड़ी रोककर वह टायर बदल रहा था। इसी बीच उधर से गुजरे एक तेज गति के अनियंत्रित ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर बांगरमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना में क्लीनर सैफ भी घायल हो गया, जिसका बांगरमऊ अस्पताल में उपचार जारी है।

# मतदान शान्तिपूर्णक तरीके से सकुशल सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद रायबरेली की पांच विधानसभाओं में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्धारित मतदेय स्थलो पर जनता जनार्दन, मतदाताओ ने बढ़चढ़कर मजबूत लोक तन्त्र के लिए जरूरी है। सबकी भागीदारी में आज हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान कर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का निर्वहन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस पर प्रातः से ही दर्जनों बूथों पर जाकर मतदान कार्यों का जायजा लिया।

उन्होंने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट/ पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी से कहा कि वे त्वरित गति से मतदान कार्यों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन के अनुरूप निष्पक्ष, निर्भीक भय रहित होकर मतदान कराये। उन्होने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि वे पल-पल की जानकारी कन्ट्रोल रूम को देते रहे तथा यदि किसी मतदेय स्थल पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तत्काल उसका निराकरण करा ले।

उन्होने कहा प्रत्येक दशा में सकुशल निष्पक्ष शान्ति तरीके से मतदान को सफल कराये। उन्होंने सुरक्षा में लगे कर्मियों से कहा कि मतदाताओं को पंक्तिबद्ध तरीके से मतदान कराये, जो भी मतदाता मतदान कर चुका हो वह अनावश्यक बूथ पर न रूके। इसके अलावा मतदाताओं से यह भी बताते रहे कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर वह कतई ध्यान न दे।

### डीएम ने मतदान बूथों पर निरीक्षण के दौरान मतदान को त्वरित गति से कराये जाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बने मतदान केन्द्र/आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक केंद्र को भी देखा तथा मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीठासीन अधिकारियों से मतदान का प्रतिशत जाना तथा त्वरित गति से मतदान कराने के भी निर्देश दिये। उन्होने यह भी कहा कि मतदाता पहचान पत्र न होने की दशा में वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज की मदद से भी मतदान कराये। इसके अलावा अनेक मतदेय स्थलों के मतदान की स्थिति का भी जायजा लिया, तथा निर्वाचन में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। मतदान दिवस पर जनपद में चौतरफा चाक चौबंद व्यवस्था रही। मतदान दिवस पर बूथों पर मतदाता सहायता केन्द्र पूरी तरह से क्रियाशील नजर आये। जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी पूरी तरह से सक्रिय रहे। इसके अलावा कई मोहल्लों व ग्रामीण आदि सैकड़ो लोगो ने बढ़चढ़कर मतदान करने के बारे में बताया।

### जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस पर रही चौतरफा चाक चौबंद व्यवस्था

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कन्ट्रोल रूम द्वारा सभी स्थानो पर माक-पोल मतदान शुरूआत की स्थिति भी जानी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल का काफिला जनपद की विधानसभा क्षेत्रों के मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा किया। डीईओ-एसपी ने इधर उधर खड़े लोगो से कहा कि वे अनावश्यक चौराहो पर भीड़ न जमा करे। बल्कि कहा कि मतदान चल रहा है जागरूक मतदाता बनकर बूथ पर जाये तथा अपना वोट शान से करके आये तथा परिजनो, मित्रजनो को भी निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करके बूथ प्रतिशत बढ़वाने में अपना सहयोग दे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर जाकर पीठासीन अधिकारी से मतदान का प्रतिशत पूछने के साथ ही समूची पोलिंग पार्टी का कुशल क्षेम पूछा साथ ही निर्देश दिये कि मतदान त्वरित गति से कराया जाये। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मतदान बूथों का निरीक्षण किया।

### लोकसभा सामान्य निर्वाचन मनेजमेंट में मतदाताओं ने बढ़चढ़कर किया मतदान

मतदान निष्पक्ष व निर्भीक भय रहित तरीके से हो रहा है। सायं 6 बजे तक आने वाले सभी मतदाताओं का मतदान कराया जायेगा। मतदान करने के लिए युवक/युवतियों मतदान के लिए मतदान करने के लिए पंक्तिबद्ध होकर मतदान किया। मतदान करने के लिए अपनी वोटर लिए लेकर खुशी जाहिर की तथा मतदाता मित्रों द्वारा बुजुर्ग महिला व पुरुष मतदाताओं की सहायता कर उन्हें मतदान बूथों पर ले जाकर उनका मतदान कराया।

# बेतहाशा गर्मी में भी वोटरों में दिखा गजब का उत्साह



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आसमान से बरसती आग एवं बेतहाशा पड़ती हुई गर्मी भी मतदान करने वालों को रोक नहीं पाई और लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया।

महराजगंज क्षेत्र में महराजगंज कस्बे सहित क्षेत्र के थुलवासा हरदोई चंदापुर पहरेमऊ अशर्फाबाद मऊ ओथी डोमापुर हसनपुर बावन बुजुर्ग बल्ला दुसौती अतरेहटा मुरैनी आदि पोलिंग बूथों पर सुबह से ही मतदान करने वालों की लाइन लगी रही और लोगों ने जमकर मतदान किया ।वहीं साइलेंट वोटरों ने प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ा दी हैं और किसी को भी स्पष्ट कुछ भी दिखाई नहीं पड़ रहा है अब देखने वाली बात 4 जून को होगी कि ऊंट किस करवट बैठता है।

कुछ युवा साथियों में भी प्रथम मतदान करने के लिए गजब का उत्साह दिखा वही बुजुर्ग भी मतदान करने में पीछे नहीं रहे महराजगंज क्षेत्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया शाम 6:00 बजे तक चलती रही वहीं जिन पोलिंग बूथों पर लोग रह गए थे समाचार लिखे जाने तक उनका मतदान करवाया जा रहा है।

# प्रदर्शन : पहले सड़क निर्माण फिर मतदान

- राहुल और दिनेश सिंह लौटे मायूस, डीएम के आश्वासन पर शुरू हुआ मतदान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मतदान की राह में विकास का रोड़ा सोमवार को साफ देखने को मिला। राही ब्लाक क्षेत्र के मैनूपुर में ग्रामीणों ने यह कहते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया कि पहले सड़क का निर्माण फिर मतदान। सुबह मतदान शुरू हुआ तो मौजूद कर्मी काफी देर तक इंतजार करते रहे।

दोपहर तक किसी के मतदान नहीं करने की सूचना प्रशासन को मिली तो खलबली मच गई। मौके पर काफी मानमनौव्वल का दौर चला। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह पहुंचे। उन्होंने हरसंभव समझाने की कोशिश की, लेकिन उनकी एक नहीं चली। ग्रामीण लिखित मांगने पर अड़े रहे। इसके बाद दिनेश प्रताप सिंह वापस लौट आए। थोड़ी देर बार कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी पहुंच गए।

उन्होंने विकास कराने का भरोसा देते हुए सभी को मतदान का हिस्सा बनने के लिए काफी प्रेरित किया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने राहुल गांधी के भी सामने जमकर नारे बाजी करने लगे। रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए ग्रामीण अपने जिद पर अड़े रहे।

इसके बाद डीएम के आश्वासन के बाद मतदान के लिए सहमत हुए। तीन बजे के बाद मतदान शुरू हुआ तो अफसरों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले कई बार शिकायत की गई, लेकिन अफसरों ने एक नहीं सुनी।

# क्षेत्र की सबसे उम्र दराज दो बुजुर्ग महिलाओं ने पोलिंग बूथ पहुंचकर किया अपने मत का प्रयोग

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड की न्याय पंचायत हरदोई मे क्षेत्र की सबसे बुजुर्ग दो महिलाओं ने पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मत का किया प्रयोग। मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि पहली बुजुर्ग महिला शिवकली पत्नी स्वर्गीय गंगा प्रसाद निवासी राघवपुर उम्र लगभग 102 वर्ष ने परिजनों के साथ पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया वही जब बुजुर्ग महिला शिवकली से बात की गई कि आपने क्या सोच कर ओट डालने आई है तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरा मत विकास हित व राष्ट्रहित को सर्वोपरि मान कर किया गया है। इसी क्रम में इसी न्याय पंचायत की अटरा झाम खेडा निवासी 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला रघुराई ने परिजनों के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया जबकि यह दोनों महिलाएं चलने में पूर्ण तरह अस्वस्थ थी फिर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अत्यधिक उत्साहित भी थी।






## मालीवाल के सवाल

देश में जारी आम चुनाव की प्रक्रिया के बीच आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट प्रकरण की हकीकत भले ही जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन मुद्दे के राजनीतिक लाभ उठाने के लिये चौतरफा प्रयास हो रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार पर आप सांसद ने मारपीट के आरोप लगाए थे। हालांकि, इस प्रकरण में बिभव कुमार की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन चुनावी माहौल में ये आरोप आम आदमी पार्टी नेतृत्व को मुश्किल में डालने वाले हैं। इस प्रकरण ने आप और महिला सुरक्षा व न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान लगाए हैं। गंभीर बात यह है कि बिभव कुमार पर थप्पड़ व लात मारने और मौखिक रूप से दुर्व्यवहार करने का विवरण प्राथमिकी में दर्ज है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह भी कि एक फेक वीडियो इस घटनाक्रम का बताकर वायरल किया गया है। ऐसे तमाम प्रकरण भारतीय राजनीति में पहले भी आते रहे हैं जब राजनीतिक लाभ के लिये कल्पित धारणा वास्तविक मुद्दे को पार्श्व में डाल देती है। विडंबना यह है कि लोकसभा चुनावों के बीच यह घटना प्रतिद्वंद्वी दलों के लिये, आप द्वारा अपनाए गए उच्च नैतिक आधार को चुनौती देने का नया मुद्दा बन गई है। निश्चित रूप से इस प्रकरण के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं यह घटना महिला सुरक्षा पर भारतीय राजनीतिक लोकाचार के लिये एक परीक्षा भी है। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने महिलाओं के अधिकारों की मुखर वकालत करने वाले आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा कर दिया गया है। उन पर इस मुद्दे पर बयान देने से बचने का आरोप लगाया जा रहा है। जहां कुछ पार्टी नेता भी इस मुद्दे पर कोई बयान देने से बच रहे हैं, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह इस मुद्दे पर बचाव से ज्यादा मुखर मुद्रा में नजर आ रहे हैं। वे केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई को राजनीतिक पैंतरेबाजी का हिस्सा बता रहे हैं। वैसे यह हकीकत है कि जब महिला उत्पीड़न की बात सामने आती है तो कोई भी राजनीतिक दल बेदाग नजर नहीं आता। हाल ही में कर्नाटक में जनता दल (एस) के लोकसभा प्रत्याशी प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के गंभीर आरोप भी यही बात साबित करते हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। निस्संदेह, ये मामले एक चिंताजनक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो राजनीति में पितृसत्तात्मक प्रकृति को ही उजागर करते हैं। ऐसा लगता है कि राजनीतिक विचार पीड़ितों के कल्याण पर भारी पड़ रहे हैं। भले ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने मालीवाल प्रकरण में स्वतः संज्ञान लिया है, लेकिन दिल्ली पुलिस को इस मामले में किसी राजनीतिक दबाव में आए, बिना स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से जांच करनी चाहिए।

# ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर क्रैश, दुआओं का दौर ज़ारी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**हेलीकॉप्टर के क्रैश (हार्ड लैंडिंग) होने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। हादसे के बाद भारतीय पीएम ने संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर से जुड़ी खबरें सुनकर अत्यधिक चिंतित हूं। आगे कहा कि संकट के इस समय में वे ईरान की जनता के साथ हैं। उन्होने राष्ट्रपति और उनके काफिले में मौजूद लोगों की सलामती की कामना भी की। हादसे के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काफिले के एक हेलीकॉप्टर में ईरानी राष्ट्रपति के साथ ही ईरान के विदेश मंत्री भी सवार हैं। ईरान के उप-राष्ट्रपति भी घटनास्थल की तरफ रवाना हो गए हैं। वहीं सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। मामले से जुड़े सभी अपडेट्स पर सरकार की लगातार नजर बनी हुई है।**

वैश्विक स्तर पर कुछ दिनों से ईरान के संबंधों का इजरायल अमेरिका सहित कुछ देशों के साथ मामला सुर्खियों में है, जिसमें ईरान का इजरायल हमास युद्ध में हमास का समर्थन तथा 13 अप्रैल 2024 को ईरान द्वारा इजराइल पर हमला और भारत-ईरान द्वारा चाबहार पोर्ट का 10 वर्षीय समझौता काफी चर्चा में था, जिसमें अमेरिका ने समझौते के कुछ घंटे के बाद ही सख्त टिप्पणी की थी।इसके कुछ दिन पहले ही अमेरिका द्वारा ईरान द्वारा इजराइल पर हमले के बाद ईरान द्वारा मानवरहित हवाई वाहन उत्पादन को निशाना बनाते हुए उसपर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।बता दें अमेरिका ने ईरानी राष्ट्रपति पर पहले से ही प्रतिबंध लगा रखा है,क्योंकि वर्ष 1988 मेंईरान-इराक जंग के बाद हजारों पॉलीटिकल व अन्य कैदियों को फांसी दी गई थी उसमें वर्तमान राष्ट्रपति सरकारी वकील थे व उन खुफिया ट्रिब्यूनल का हिस्सा थे जिन्हें डेथ कमेटी के नाम से जाना जाता है। अभी कुछ दिनों से हम देख रहे थे कि ईरान के इजरायल वअमेरिका के साथ कुछ सख्त तल्ख शाब्दिक बाणों का दौर शुरू था और इसी बीच हेलीकॉप्टर क्रैश की जानकारी से दुनियां स्तब्ध है तथा दुआओं का दौर जारी है। भारत सहित अनेक देशों ने सलामती की दुआएं की है व चिंता भी जताई है। चूंकि ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर क्रैश से दुनियां स्तब्ध है, व विश्व के नेताओं ने सलामती को लेकर चिंता जताना अनहोनी का अंदेशा है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ओ माय गाड! ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर क्रैश, दुआओं का दौर जारी।

साथियों बात अगर हम ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर क्रैश होने की खबरों की करें तो, ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर आज अचानक एक बड़े हादसे के शिकार हो गया है, जिसके चलते पूरे मुल्क में हड़कंप मच गया है। उनके काफिले को लेकर मीडिया में मिली जानकारी के मुताबिक उसमें कुल तीन हेलीकॉप्टर थे। लेकिन परेशानी की बात यह है कि अभी तक उनसे रेस्क्यू टीम का संपर्क नहीं हो पाया है।ईरानी टीवी चैनल से बातचीत में एक संसद ने कहा कि अभी तक राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर नहीं मिला है और न ही उनसे संपर्क हो पाया है।

फिलहाल राष्ट्रपति और वित्तमंत्री लापता है। जानकारी के मुताबिक वे ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे और यह हादसा ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर अजरबैजान की सीमा के पास स्थिति जोल्फा इलाके के पास हुआ है। ईरान के राष्ट्रपति के काफिले में तीन और हेलीकॉप्टर थे, जिनमें से दो पर मंत्री और अधिकारी सवार थे और वे सुरक्षित अपने गंतव्य पर सही सलामत पहुंच गए। सरकारी टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक बचाव कर्मी हादसे वाले जगह पर पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव दल वहां नहीं पहुंच पा रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक जिस क्षेत्र में ईरान के राष्ट्रपति थे वहां हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे को लेकर अलर्ट किया गया था। ऐसा भी हो सकता है कि इसी वजह से राष्ट्रपति के प्लेन की हार्ड लैंडिंग कराई गई हो। इब्राहिम रईसी साल 2021 में ईरान के राष्ट्रपति का चुनाव जीते थे। साल 1988 में ईरान-इराक के जंग के बाद हजारों पॉलिटिकल कैदियों को फांसी देने में शामिल होने के कारण अमेरिका ने इब्राहिम रईसी पर प्रतिबंध लगा दिया था। हेलीकॉप्टर के क्रैश (हार्ड लैंडिंग) होने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। हादसे के बाद भारतीय पीएम ने संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर से जुड़ी खबरें सुनकर अत्यधिक चिंतित हूं। आगे कहा कि संकट के इस समय में वे ईरान की जनता के साथ हैं।

उन्होने राष्ट्रपति और उनके काफिले में मौजूद लोगों की सलामती की कामना भी की। हादसे के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काफिले के एक हेलीकॉप्टर में ईरानी राष्ट्रपति के साथ ही ईरान के विदेश मंत्री भी सवार हैं। ईरान के उप-राष्ट्रपति भी घटनास्थल की तरफ रवाना हो गए हैं। वहीं सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। मामले से जुड़े सभी अपडेट्स पर सरकार की लगातार नजर बनी हुई है। साथियों बात अगर हम हेलीकॉप्टर हादसे की करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, पायलट ने हेलीकॉप्टर से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते हादसा हुआ। बचाव कार्य में 16 टीमों को लगाया गया है। हालांकि धुंध और पहाड़ी इलाका होने के चलते बचाव कार्य में परेशानी आ रही है। घटना को कई घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक हेलीकॉप्टर का पता नहीं चल सका है। हादसे में किसी की मौत या घायल होने की कोई जानकारी नहीं है। वह रविवार तड़के अजरबैजान के राष्ट्रपति के साथ एक बांध का उद्घाटन करने वाले थे। यह तीसरा बांध है, जिसे दोनों देशों ने अरास नदी पर बनाया है। पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर भी राष्ट्रपति के काफिले में शामिल थे।

राष्ट्रपति एक कट्टरपंथी हैं, जिन्होंने पूर्व में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व किया था। उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता के करीबी के रूप में देखा जाता है और कुछ विश्लेषकों का कहना है कि वह 85 वर्षीय नेता (खामेनेई) की मृत्यु या पद से इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम ईरान के राष्ट्रपति की करें तो, वर्ष 2021 में कट्टरपंथी नेता ईरान के राष्ट्रपति बने थे। राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने से पहले भी कई वजहों से चर्चाओं में रहे। वे सुप्रीम लीडर के करीबी माने जाते हैं। माना जाता है कि वह ही खामनेई के उत्तराधिकारी भी हो सकते हैं। वे पहले ईरानी राष्ट्रपति हैं, जिन पर पदभार संभालने से पहले ही अमेरिका प्रतिबंध लगा चुका है। दरअसल, 1988 में सरकारी वकील थे। वे उन खुफिया ट्रिब्यूनल्स का हिस्सा थे, जिन्हें डेथ कमेटी के नाम से जाना जाता है।तब उन्होंने 5 हजार राजनेताओं को देशद्रोही साबित कर दिया था। इन सभी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस घटना के बाद अमेरिका ने रईसी पर बैन लगा दिया था। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी लंबे समय से ईरान के सर्वोच्च नेता के विश्वासपात्र और देश के शिया धर्मतंत्र के भीतर उनके पद के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाते रहे हैं। रविवार को उनके हेलीकॉप्टर के साथ एक घटना हुई, जिसे ईरान के सरकारी मीडिया ने हार्ड लैंडिंग के रूप में वर्णित किया है।

**विचार**

# महाराष्ट्र लोक सभा चुनाव के अंतिम चरण में भीषण राजनीतिक युद्ध

**सुशील कुट्टी**




**महाराष्ट्र के चुनाव पर नजर रखने वालों के लिए परिणाम पर अटकल लगाना भी मुश्किल हो गया है। महाराष्ट्र में ये आम चुनाव संभवतरू तय कर देंगे कि दोनों में से कौन सी सेना का भविष्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुटों का भी यही हाल है। इस बीच, यह भावना बढ़ती जा रही है कि अगर कुल मिलाकर कोई फैसला ले रहा है, तो वह एकनाथ शिंदे नहीं हैं, देवेंद्र फड़नवीस नहीं हैं, उद्धव ठाकरे नहीं हैं, यहां तक कि पुराने योद्धा शरद पवार भी नहीं हैं।**

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव अभियान अपने चरम पर है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को कड़ी टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र पर भरोसा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र को जीतने और इसे अबकी बार 400 पार बनाने के लिए अपने नाम और चेहरे पर भरोसा कर रहे हैं। महा विकास अघाड़ी को उम्मीद है कि उन्हें मतदाताओं का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके अवास्तविक सपने से वंचित कर देगा। महाराष्ट्र के 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मई को पांचवां चरण आखिरी है। धनचुनाव के केंद्र में है और लड़ाई मैक्सिमम सिटी मुंबई में स्थानांतरित हो गई है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रोड शो किया और मुंबई के मतदाताओं को अपनी ओर प्रभावित करने की कोशिश की। मुंबई, 2022 तक शिवसेना का गढ़ रहा, जब तक कि सेना दो प्रतिद्वंद्वी गुटों में विभाजित नहीं हो गई,जो अपनी वित्तीय ताकत के लिए भी विख्यात है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाला सेना गुट दोनों ही बालासाहेब ठाकरे के सच्चे उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे हैं। दोनों मुंबई पर राजनीतिक कब्जा चाहते हैं। उद्धव ठाकरे भी नियंत्रण खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। यह तब है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुट- एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व उनके भतीजे अजित पवार कर रहे हैं - भी राज्य की राजनीति में अपनी-अपनी प्रासंगिकता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र के चुनाव पर नजर रखने वालों के लिए परिणाम पर अटकल लगाना भी मुश्किल हो गया है। महाराष्ट्र में ये आम चुनाव संभवतरू तय कर देंगे कि दोनों में से कौन सी सेना का भविष्य है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो गुटों का भी यही हाल है। इस बीच, यह भावना बढ़ती जा रही है कि अगर कुल मिलाकर कोई फैसला ले रहा है, तो वह एकनाथ शिंदे नहीं हैं, देवेंद्र फड़नवीस नहीं हैं, उद्धव ठाकरे नहीं हैं, यहां तक कि पुराने योद्धा शरद पवार भी नहीं हैं, बल्कि एकमात्र अजित दादा पवार हैं। शरद पवार 83 के हैं और उन्होंने हार मान ली है, लेकिन उद्धव बालासाहेब ठाकरे अपने पिता की शिवसेना पर फिर से कब्जा करने पर आमादा हैं। उद्धव ठाकरे के लिए, 2024 का आम चुनाव उनकी परीक्षा में असफल न होने की परीक्षा है। 2024 के आम चुनावों में उद्धव ठाकरे एक बहादुर व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया है, अपना और ठाकरे वंश का राजनीतिक भविष्य। जहां तक अजित पवार का सवाल है, उन्होंने शरद पवार का जुआठ उतार फेंका है और यह आम चुनाव 2024 की कहानी का हिस्सा है। राज्य में पांचवें और अंतिम चरण में महाराष्ट्र की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और ऐसी चर्चा है कि अजित पवार का प्रभाव सभी 14 निर्वाचन क्षेत्रों में महसूस किया जायेगा। क्यों यह जानने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। बारामती लोकसभा चुनाव, जो तीसरे चरण में हुआ और जिसमें अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले, जो मौजूदा सांसद हैं, से मुकाबला किया। राकांपा का अजित पवार गुट पहले ही बारामती में जीत का दावा कर चुका है और आम तौर पर लोगों का मानना है कि इसके बारे में दो तरीके नहीं हो सकते। बारामती-टेम्पलेट काम कर गया और अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी काम करेगा। बारामती टेम्पलेट वोट खरीदने और मतदाताओं को गुमराह करने का एक संयोजन है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही महायुति के पास पैसे की कोई कमी नहीं है, जो दुनिया की सबसे अमीर पार्टी भी है। बारामती टेम्पलेट में लाखों मतदाताओं के मन में चुनाव चिन्हों पर भ्रम पैदा करना शामिल है। वर्षों से शरद पवार के प्रति वफादार मतदाताओं को इस बात का जरा भी एहसास नहीं था कि वे राकांपा के अजित पवार गुट को वोट दे रहे हैं, जब तक कि बहुत देर नहीं हो गई। वे यह सोचकर मतदान केंद्रों से चले गये कि शरद पवार की राकांपा के पास अभी भी घड़ी है, जब उन्हें अपनी वोटिंग उंगली तुरही बजाने वाले आदमी पर रखनी चाहिए थी। चुनाव चिन्हों को लेकर भ्रम की स्थिति शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन की विरासत है। असली सेना टैग की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और यूबीटी सेना प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे शिवसैनिकों की वफादारी और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का दावा कर रहे हैं और 2022 में संपूर्ण शिवसेना के ब्रेक लेने के बाद से मुंब्राक्रीक में बहुत सारा पानी जमा हो गया है। शिवसेना की विरासत की लड़ाई पर कोई विराम नहीं लगा है। आदित्य ठाकरे के अनुसार, उद्धव बालासाहेब ठाकरे खुद को बालासाहेब ठाकरे का सच्चा उत्तराधिकारी मानते हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कहना है कि वह बालासाहेब की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का भाजपा के साथ गठबंधन का अपना महत्व है। शिंदे का कहना है कि जब उद्धव ने घृणास्पद कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का फैसला किया तो शिवसेना (यूबीटी) ने शिवसैनिकों का समर्थन खो दिया। इसलिए अजित दादा पवार ने महाराष्ट्र में एनडीए के चुनावी रथ पर अपनी पकड़ बना ली है।

## अनुमानों पर मुहर लगाएगा 5वें चरण का मतदान

कई लोग मानते हैं कि लोकसभा के लिये सोमवार को होने जा रहा 5वें चरण का मतदान, इसके बाद शेष दो और चरणों के साथ खानापूरी बनकर रह गया है। ऐसा मानने वाले कहते हैं कि पहले चार चरणों में ही फैसला हो चुका है। अब सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षक, विश्लेषक एवं तमाम तरह के सर्वेक्षण कह रहे हैं कि भाजपा को संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया न केवल मजबूत टक्कर दे रहा है बल्कि उसकी ऐसी बढ़त भी बन चुकी है जिससे आगे निकलना भाजपा के लिये अब मुमकिन नहीं रहा। ये अनुमान कितने सही निकलते हैं, यह तो 4 जून को देखने की बात होगी, पर यदि 5वें दौर के मतदान की बात करें तो उनमें ऐसे राज्य व सीटें हैं जिन पर भाजपा कमजोर नजर आ रही है। यदि पहले के मतदान के चक्रों के अनुमान सही हैं तो 5वां चरण इंडिया की जीत पर मुहर लगाने वाला साबित हो सकता है।

8 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर सोमवार को जो मतदान होने जा रहा है, उनमें राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी आदि समेत 695 उम्मीदवारों का भविष्य तय होगा। 379 सीटों पर चार चरणों के मतदान के जरिये चुनाव हो चुके हैं। इस पांचवे चरण के साथ ही कुल 418 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो जायेगा। बची रहेंगी 125 सीटें जिन पर बचे दो चरणों में मतदान होगा। सोमवार को किनकी किस्मतें ईवीएम में बंद होगी, इससे कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि जिन राज्यों में मतदान होगा, वे निर्णायक सिद्ध होने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों के मतदान पर सभी का ध्यान केन्द्रित है क्योंकि यह माना जाता है कि ये तीनों राज्य ऐसे हैं जो बिहार के साथ इस चुनाव में बड़ा उलटफेर करेंगे। इस चुनाव के शुरू होने के पहले तक उप्र को भाजपा का गढ़ माना जाता था क्योंकि 2019 में यहां से उसे 80 में 62 सीटें मिली थीं। अब स्थिति वैसी नहीं रही। यहां कांग्रेस व समाजवादी पार्टी का गठबन्धन है जो काफी प्रभावशाली है। कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका एवं सपा के अखिलेश यादव की ओर युवा, छात्र, महिलाएं, अल्पसंख्यक, पिछड़े आदि वर्ग बहुत आकर्षित हुए हैं। 30 लाख लोगों को रोजगार देने, अग्निपथ योजना को रद्द करने, पेपर लीक हमेशा के लिये बन्द करने जैसे आश्वासन युवाओं-छात्राओं को इंडिया की ओर मोड़ रहे हैं। यहां एक राजनीतिक फैक्टर भी काम कर रहा है। चर्चा है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैसे ही हटाया जायेगा जैसे राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को दरकिनार किया गया था। कहा जाता है कि योगी एवं उनके समर्थक इस बात को भांप गये हैं। चूंकि आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिये मोदी का प्रतिस्पर्धी माना जाता है इसलिये बड़ी बात नहीं कि मोदी यहां बहुमत न पायें। इसके लिये वहां भाजपा भितरघात कर दे। इसलिये कहा जाता है कि भाजपा यहां गहरे संकटों में है। अखिलेश तो यहां तक कहते हैं कि पूरे प्रदेश में इंडिया 79 सीटें जीत रहा है। उनके अनुसार क्योटो (वाराणसी) की सीट भी फंसी पड़ी है जहां से मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में भी मुकाबला कांटे का है। शिवसेना के उद्धव ठाकरे एवं नेशनल कांग्रेस पार्टी के शरद पवार के पक्ष में पूरे राज्य में जबर्दस्त लहर है, जो उनके प्रति सहानुभूति उत्पन्न होने के कारण बनी है। यहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही सरकार को केन्द्र सरकार के इशारे पर शिवसेना व एनसीपी के लोगों को तोड़कर गिराया गया था। उद्धव ठाकरे गुट व एनसीपी के पवार गुट को ही यहां की जनता असली मानती है। यहां भाजपा व उसके एनडीए के सहयोगी शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) व एनसीपी (अजित पवार गुट) की कई सीटें फंसी हुई बतलाई जाती हैं। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में यहां कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार गुट की एनसीपी को मिलकर बनी महाविकास आघाड़ी को सीटें जा रही हैं। सभी की दिलचस्पी का एक और राज्य है पश्चिम बंगाल। यहां मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कड़ा मुकाबला देने की तैयारी की है।



## राशिफल

**मेषः**- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**वृषभः**- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुनः**- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्कः**- बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः**- नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्याः**- महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**तुलाः**- निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः**- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**धनुः**- सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकरः**- विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**कुंभः**- राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीनः**- किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# अब तो मोदी जी भी मीडिया की बेइज्जती करने लगे!

**शकील अख्तर**



**इंसान कुछ भी हो जाए कितना भी गिर जाए मगर शर्म कहीं न कहीं रहती है। बेइज्जती सहना हमेशा संभव नहीं होता। एक डॉन ऑन एयर एक पत्रकार से कह रहा है- आपको क्या आता है? कुछ सीखिए! मगर उसे हें हें करते हुए और सवाल पूछते जाना है। नौकरी है। एक युवा कह रहा है टीवी वाले के माइक पर कि अगर किसी को लगता है कि रोजगार नहीं है, महंगाई है, अग्निवीर खराब स्कीम है तो वह तीन दिन गोदी मीडिया देख ले। देश में सब अच्छा अच्छा ही दिखेगा। आधी बात सुनकर जो टीवी वाले का चेहरा खिला जा रहा था लास्ट का हिस्सा सुनकर बेचारे की हालत खराब हो गई। ऐसी बेइज्जती। युवा खुले आम टीवी की आईडी देखते ही दलाल बोलने लगते हैं। कन्हैया कुमार ने एक एंकर से छोले कुलचे का भुगतान यह कहकर करवा दिया कि इन्हें डीए मिलता है। अब पता नहीं कन्हैया का आशय कौन से अलाउंस से था। मगर लोग फौरन चिल्लाने लगे दलाली अलाउंस मिलता है! जनता इस तरह पहले नहीं कहती थी।**

मीडिया कुछ तो ठिकाने आया है। 4 जून को नतीजा चाहे जो हो मीडिया को लगने लगा है कि गुलामी में उसकी इज्जत दो कौड़ी की हो गई है। चुनाव का समय है, न चाहते हुए भी जनता के बीच जाना पड़ता है और वहां जिस तरह दुत्कारा जा रहा है वह सहन करना आसान नहीं है। बेइज्जती तो प्रधानमंत्री भी कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह तो धमका ही देते हैं मगर उसे मालिकों की मर्जी समझकर सहना पड़ता है। लेकिन आम जनता, खुद अपने परिवार और दोस्तों के बीच भी जब लोग आपको तिरस्कार से देखने लगें तो शर्म आती है। इंसान कुछ भी हो जाए कितना भी गिर जाए मगर शर्म कहीं न कहीं रहती है। बेइज्जती सहना हमेशा संभव नहीं होता। एक डॉन ऑन एयर एक पत्रकार से कह रहा है- आपको क्या आता है? कुछ सीखिए! मगर उसे हें हें करते हुए और सवाल पूछते जाना है। नौकरी है। एक युवा कह रहा है टीवी वाले के माइक पर कि अगर किसी को लगता है कि रोजगार नहीं है, महंगाई है, अग्निवीर खराब स्कीम है तो वह तीन दिन गोदी मीडिया देख ले। देश में सब अच्छा अच्छा ही दिखेगा। आधी बात सुनकर जो टीवी वाले का चेहरा खिला जा रहा था लास्ट का हिस्सा सुनकर बेचारे की हालत खराब हो गई। ऐसी बेइज्जती। युवा खुले आम टीवी की आईडी देखते ही दलाल बोलने लगते हैं। कन्हैया कुमार ने एक एंकर से छोले कुलचे का भुगतान यह कहकर करवा दिया कि इन्हें डीए मिलता है। अब पता नहीं कन्हैया का आशय कौन से अलाउंस से था। मगर लोग फौरन चिल्लाने लगे दलाली अलाउंस मिलता है! जनता इस तरह पहले नहीं कहती थी। मगर इस चुनाव में जब मीडिया ने रोजगार का सवाल नहीं उठाया बल्कि यह कहने लगी कि दो करोड़ रोजगार हर साल के हिसाब से मोदी जी 20 करोड़ रोजगार तो दे चुके हैं तो युवा भड़क गया। यहां तक कि राहुल गांधी जो आम तौर पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करते उन्होंने भी चमचा बोल दिया। कहा कि चमचों के साथ इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने बोला। यह शायद राहुल का अब तक का मीडिया के लिए उपयोग किया सबसे कड़ा शब्द है। इससे पहले उन्होंने कुछ पत्रकारों को बीजेपी का बिल्ला लगा लो कहा था। लेकिन राहुल प्रियंका ने उस तरह मीडिया पर दबाव डालने की कभी कोशिश नहीं की जैसे प्रधानमंत्री क्रान्तिकारी, अति क्रान्तिकारी कह कर करते हैं। राहुल मीडिया से शिकवा करते हैं। मजाक में कहते हैं कि हम इन्हें मित्र मीडिया कहते हैं मगर यह हमारे मित्र नहीं। लेकिन अभी दिल्ली में एक जनसभा में बोलते हुए राहुल ने जहां प्रधानमंत्री के कुछ भी बोलने पर सवाल उठाते हुए कह दिया कि इसके लिए मीडिया दोषी है। मीडिया प्रधानमंत्री को आसान सवाल देता है। जी दो और दो कितने होते हैं? और फिर खुशी से चिल्लाता है कि देखिए हमारे प्रधानमंत्री ने जो विश्व गुरु हैं कितना सही जवाब दिया। उधर राहुल प्रियंका से पूछते हैं 19 का पहाड़ा!अगर एक ही तरह के सवाल दोनों से पूछ लिए जाएं तो सोचिए क्या हो? क्या प्रधानमंत्री से पूछ सकते हैं कि रोजगार क्यों नहीं है? प्रियंका से कहते हैं कि रायबरेली अमेठी में विकास क्यों नहीं हुआ? प्रियंका जवाब देती हैं बताती हैं कि कितना काम हुआ है। मगर फिर कहते हैं पिछड़े तो हैं! यह वैसा ही है जैसा आप कुछ भी कर दो, दे दो मगर अगला माने ही नहीं। इसके लिए एक कहानी है कि आखिर आदमी ने अपनी गर्दन काट कर ही पेश कर दी। तो उसे देखकर फरमाते हैं कि टेढ़ी कटी है! प्रधानमंत्री से पूछ लिया कि आपने कहा था कांग्रेस आएगी तो राममंदिर में ताला डलवा देगी। तो प्रधानमंत्री फौरन बदल गए कि नहीं मैंने नहीं कहा। जबकि वे कह चुके थे। वीडियो चल रहा है। और उससे भी शर्मनाक बात यह है कि वहां उस एंकर, जो बेचारा उनके परम भक्तों में शामिल था, को झूठा बताकर पब्लिक मीटिंग में और बढ़ा-चढ़ाकर कह दिया कि बुलडोजर चलवा देगी। भूल गए कि बुलडोजर की राजनीति तो उनके ही एक मुख्यमंत्री करते हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री करीब 50 इंटरव्यू दे चुके हैं। इसी चुनाव के दौरान। मगर किसी ने एक सवाल बेरोजगारी पर, महंगाई पर, भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफकोर्ट में महिला पहलवानों के साथ यौन दुर्व्यवहार का आरोप पत्र दाखिल होने के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई न करने, बल्कि उसके बेटे को टिकट देने, मणिपुर न जाने, कर्नाटक में बलात्कार के चार सौ मामलों के आरोपी प्रजव्वल रेवन्ना के लिए वोट मांगने, कोरोना वैक्सिन के निर्माताओं से चंदा लेने, जबकि वैक्सिन से लोगों की जान जा रही है पर नहीं पूछा। फिर पूछा कि आप थकते क्यों नहीं हो! उन्हें बताया कि आप पर नफरत और विभाजन फैलाने वाले आरोपों में कोई जान नहीं है। एंकर कहती है कि हम अपने व्यक्तिगत अनुभव से बताते हैं कि मुसलमान आप के लिए जान देने को तैयार हैं! और प्रधानमंत्री मोदी गंगा में खड़े होकर कहते हैं कि मैंने कभी हिन्दू-मुसलमान नहीं करा। और अगर करूं तो मैं राजनीति में रहने लायक नहीं हूं। अखबारों ने सोचा कि गंगा में खड़े हो होकर कहना तो बड़ी बात है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# उत्साह के साथ शाम पांच बजे तक 57 प्रतिशत हुआ मतदान

- सांसद, एमएलसी व विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने डाले वोट
- अजनर के सीगौन में ग्रामीणों की नाराजगी से देर से शुरू हुआ मतदान
- मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे डीएम-एसपी



## 45-46 डिग्री का पारा मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व पर वोट रूपी आहुति के संकल्प से डिगा नहीं सका

**पनवाड़ी महोबा।** 45- 46 डिग्री का पारा मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व पर वोट रूपी आहुति के संकल्प से डिगा नहीं सका। चिलचिलाती धूप के बावजूद मतदान को लेकर स्थानीय वोटरों में गजब का उत्साह देखा गया। मतदान स्थलों पर वोटिंग के लिए लोगों की कतारें लगी रही। सबसे ज्यादा खुशी उन नौजवानों में देखी गई जिन्हें 18 वर्ष की उम्र के बाद पहली बार वोटिंग की इजाजत मिली। व्हाट्स एप, फेसबुक जैसे सोशल प्लेटफार्म पर वोटिंग साइन के साथ लड़के, लड़कियों, महिलाओं के साथ साथ बुजुर्गों तक की तस्वीरें ट्रेंड होती रही। सुबह सबेरे सात बजे से शुरू हुई वोटिंग प्रक्रिया विभिन्न मतदान स्थलों पर शाम छह बजे के बाद तक जारी रही। हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र में आयोग ने पांचवें चरण 20 मई को मतदान की तारीख तय की थी। जिसके बाद सोमवार को सुबह सात बजे से लेकर देर शाम तक मतदान प्रक्रिया पूर्ण हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान स्थलों पर सुरक्षा के साथ साथ पेयजल और धूप से बचाव के लिए पंडाल लगाए गए। पनवाड़ी ब्लॉक में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मतदान स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। गोपनीयता के मद्देनजर मोबाइल फोन से लेकर किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक उपकरण को मतदान कक्ष में ले जाने पर पूर्णतया पाबंदी रही। जामा तलाशी के बाद ही वोटरों को मतदान कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पांचवें चरण में हमीरपुर-47 सीट पर मतदान हुआ। इस सीट पर महोबा, चरखारी, राठ, तिंदवारी व हमीरपुर पांच विधानसभाएं आती है। मतदान के बाद प्रमुख दलों भाजपा, सपा, सहित कुल 11 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

वहीं 4 जून को चुनाव परिणाम के नतीजे आएंगे। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी,जिला पंचायत सदस्य आरती अरविंद नायक ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्री प्रकाश अनुरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रशासन चौकस नजर आया। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के साथ ही अन्य अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हमीरपुर-47 संसदीय सीट की बात करें तो यहां 18 लाख से अधिक मतदाता है। मतदाताओं ने मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद कर दिया है और 4 जून को मतगणना के बाद ही रिजल्ट आएगा। कुल मतदाताओं में 991352 पुरुष मतदाता है और 843053 महिला मतदाता है। इसके साथ ही 18 से 19 आयु वर्ग के 32480 मतदाता भी इस बार सियासी सूरमाओं के भाग्य का फैसला करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

वहीं 20 से 29 आयु वर्ग के 405661 मतदाता है तो वहीं 30 से 39 आयु वर्ग के 619942 मतदाता है। जबकि 17316 दिव्यांग मतदाता है और थर्ड जेंडर के 19 मतदाता इस बार अपना जनप्रतिनिधि चुनेंगे। भाजपा से कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत, बसपा से निर्दोष दीक्षित सहित कुल 11 प्रत्याशी मैदान में है और अंतिम चरण में हुए मतदान के बाद अब इनकी जीत हार का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। सभी ने उत्साह के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया और ईवीएम का बटन दबाया। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

उधर थाना अजनर क्षेत्र के सीगौन गांव में विकास कार्य सड़क निर्माण को लेकर लोगों में नाराजगी जाहिर हुई। लेकिन बाद में देर से ही सही इस गांव में मतदान हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश सहित अन्य अधिकारी मतदान केंद्रों व बूथों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। संसदीय सीट में दोपहर 3 बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हो चुका था और महिलाओं के साथ ही वृद्धों व दिव्यांगजनों ने मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी हिस्सेदारी निभाई। प्रशासन की सक्रियता के कारण 20 मई को हुआ मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# वोटर लिस्ट से नाम गायब होने से मतदान से वंचित रहे सैकड़ों लोग



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पॉचवें चरण के अन्तर्गत सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न मतदाता बूथो पर बीएलओ द्वारा मतदाताओ के मतदान सूची से नाम काट देने के चलते सैकड़ो मतदाता आज मतदान से वंचित देखे गये कही कही तो बीएलओ और मतदाताओ के बीच नोकझोक भी हुई।

गौरतलब हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्पन्न कराये जा रहे चुनाव से पूर्ण कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह सके इसके लिए बीएलओ को घर घर जाकर मतदाता सूची तैयार करने के आदेश दिये थे परन्तु बीएलओ द्वारा अपने कर्तव्यों को घर पर ही निपटाना उचित समझा और मनमाने ढ़ग से लोगो के नाम मतदाता सूची मे घटा बढ़ा दिये। जिसका खामियाजा आज मतदेय स्थलो पर मतदान करने पहुॅचे सैकड़ो लोगो को उठाना पड़ा किसी का काम कटा तो किसी को विलोपित दर्शाया गया था जिस कारण लोग अपने हाथो मे मतदान पहचान पत्रो के अलावा अन्य विकल्प भी लिये थे परन्तु मतदाता सूची मे नाम ही नही होने के कारण उन्हे मतदान से वंचित रहना पड़ा।

मुख्यालय नगर के आलमपुरा वार्ड के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोगो के नाम मतदाता सूची से काट दिये गये जो बड़े उत्साह के साथ वोट डालने राजकीय पॉलिटेक्नि मे बनाये गये मतदेय स्थल पर पहुॅचे थे परन्तु उन्हे हताश होकर लौटना पड़ा इसके अलावा नयापुरा बंधानवार्ड, रेलवे कालौनी, जकरियापीर, फतेहपुर बजरिया मे बहुतायात मे वोटरो के नाम कटे होने के कारण बीएलओ से काफी तेज नोकझोक भी हुई। इसके अलावा कबरई, चरखारी, कुलपहाड़, खरेला, पनवाड़ी, श्रीनगर मे सम्पन्न कराये गये निर्वाचन के दौरान भी मतदाताओ के नाम भारी संख्या मे वोटर लिस्ट से नदारत थे।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में दो महिलाएं घायल, रेफर

**राठ, समृद्धि न्यूज।** मझगवां थाने के खड़ाखर गांव निवासी 60 वर्षीय शीला देवी पत्नी इंद्रजीत और कस्बे के गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय माधवी पत्नी शिवसहाय मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गई है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों महिलाओं को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### रोजाना बिजली गुल होना एक नियम सा हो गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी व विजली वाधित होने से लोगो का जीना हराम हो गया है दोपहर दो बजे के बाद हमीरपुर शहर में आधे शहर में विजली बाधित होने से बूथो में कर्मियों का हाल बेहाल रह वही मामूली फाल्ट विभागीय अभियंता पांच घंटे बाद भी सही नही कर पाये जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष देखा गया। जानकारी के मुताबिक जिले में ओवरलोड के चलते आय दिन विजली बाधित रहती है,हर रोज विजली गुल हो जाना एक नियम सा बन गया है ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रोजाना फुकते रहते है। विजली अभियंताओं का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र उपभोक्ताओं द्वारा बिजली कटिया डालकर जलायी जाती है,जिससे यह समस्या पैदा हो रही है। विजली न आने से लोग आन्दोलन का मन बना रहे है।

### चलती कार पर स्टंट करने वालों की अब खैर नहीं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में स्कार्पियो कार पर एक व्यक्ति द्वारा स्टंट करने पर पुलिस ने कार्यवाही की। स्कार्पियो कार पर एक व्यक्ति द्वारा स्टंट करने हुये रील बनाते हुये वीडियो अपनी इन्टाग्राम आइडी पर पोस्ट किया गया जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल इटावा पर नियुक्त आरक्षी अभय शुक्ला एवं राहुल प्रजापति* द्वारा संज्ञान लेते हुये प्रभारी यातायात इटावा को अवगत कराते हुये स्कार्पियो कार का अन्तर्गत धारा एमबीएक्ट के तहत 15,500 रूपये का चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा बच्चों को मोटर साइकिल से स्टंट न करने दें एवं चलती कार पर स्टंट न करें। पुलिस द्वारा मोटर साइकिल/ कार पर स्टंट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है। इस कार्यवाही में का. अभय शुक्ला, का. अमन चौधरी, का. राहुल प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।

### पुलिस से की किशोरी भगा ले जाने की शिकायत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव दिलीप नगर की मडैया में नामजद युवक द्वारा किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव दीलीप नगर निवासी पीड़िता ने बताया उनकी 18 बर्षीय पुत्री को शाम करीब पांच बजे गांव का ही एक नामजद युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। उक्त बात गांव के लोगों द्वारा पीड़ित महिला को पता चली। जब उक्त बात की शिकायत लेकर पीड़ित महिला नामजद युवक के घर पर शिकायत करने गयी तो नामजद युवक के परिजन पीड़ित महिला के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित महिला ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उसकी पुत्री को सकुशल जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की है।

### ट्रक की बैट्री सहित अन्य सामान चोरी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बकेवर थाने के समीप खड़े एक ट्रक से अज्ञात चोर बैट्री सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये पीड़ित ट्रक मालिक ?ने उक्त चोरी की घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है। बकेवर कस्बा निवासी करुणा शंकर तिवारी ने थाने में दिऐ प्रार्थना पत्र में बताया कु थाने के पास में उनका ट्रक यूपी 75 ए टी 7840 खड़ा हुआ था। तभी रात्रि में अज्ञात चोर उक्त ट्रक से चोर बैट्ररी, बैट्री की लीड, तथा जैक राड सहित अन्य सामान अज्ञात चोरी कर ले गये है। पीड़ित ट्रक मालिक ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर जांच शुरु कर दी है।

### आठवें इमाम अली रजा की पैदायश पर हुई महफिल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय घटिया अज़्मत अली स्थित मस्जिद पंजतनी इटावा में आठवें इमाम अली रज़ा अ.स. की पैदायश के खुशनुमा मौके पर तसलीम रज़ा की ओर से मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा की अध्यक्षता में महफिल का आयोजन किया गया। महफिल में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा इमाम रज़ा के रौजे पर साल के 365 दिन दस्तरख़्वान का इंतजाम रहता है और इमाम की ज़ियारत के लिए पूरी साल चाहने वाले उनके रौजे पर जाते हैं। इमाम रज़ा के रौजे पर जाने वाले बीमार लोगों को शिफा जरूर मिलती है।

# व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बन्द, बाजारों में रहा सन्नाटा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मतदाताओं में मतदान के लिए ऐतिहासिक उत्साह ऐसा छाया रहा कि बाजारो मे लोग जरूरी खान पान की वस्तुओ के साथ साथ चाय पानी को भी तरस गये। व्यापारियो ने प्रशासन के आदेशो का पालन करते हुए अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखे। गौरतलब हो कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने की रणनीति के तहत आज 20 मई के रोज व्यापार मण्डल के सहयोग से व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखने का फरमान व्यापारियो को सुनाया था। व्यापारियो ने प्रशासन का सहयोग करते हुए आज पूरी तरह से पूर्णतया बाजार बन्दी रखी इसके अलावा जिले के चरखारी, कबरई, श्रीनगर, खरेला कुलपहाड़ तथा पनवाड़ी के व्यापारियो ने भी अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखे। तथा सारे दिन प्रत्याशियो की जीत हार को लेकर चुटीले अंदाज मे चर्चाओ मे व्यस्त देखे गये। हालाकि शाम 5 बजे के बाद मतदान समाप्ती के उपरान्त कुछ व्यापारियो ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानो को खोल लिया था। परन्तु इस बन्दी मे दवा विक्रेताओ ने जनहित मे अपने को पूर्णतया अलग रखा हुआ था।

# शुभ मुहुर्त के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया मतदान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भाजपा के प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मतदान करने के लिए पहुंचे। उसके पिता हरपाल सिंह, माता शील सिंह, पत्नी दीपाली सिंह भी मतदान करने के लिए पहुंचे। बसपा के निर्दोष दीक्षित ने पनवाड़ी में मतदान किया।

मतदान के पहले मंदिर में माथा टेंका और आर्शीवार्द लिया। सपा के अजेन्द्र सिंह ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। एमएलसी जितेन्द्र सिंह ने चरखारी में मतदान किया। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने चरखारी स्थित खंदिया में मतदान किया। कुलपहाड़ में चेयरमैन वैभव अरजरिया ने अपनी पत्नी खुशबू और मां उर्मिला अरजरिया के साथ मतदान अगला आदर्श पूर्व मा विद्यालय में बनाए गए बूथ में मतदान किया। जि लेख पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने मतदान किया तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने अपने पति रमेश यादव और परिजनों के साथ मतदान में हिस्सा लिया। चरखारी विधायक डॉ बृजभूषण राजपूत ने भी मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया। प्रत्याशियों ने शुभ मुहूर्त में मतदान करने के लिए ब्राम्हणों से संपर्क कियाऔर ब्राम्हणों के बताए मुहूर्त में मतदान करने के लिए पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने तहसील स्थित बूथ में मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं में मतदान के बाद सोशल मीडिया में फोटो अपलोड करने का सिलसिला दिन भर चलता रहा।

### समर्थक जीत हार का करते रहे दावा

चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों के समर्थकों का दिन भी जीत का दावा करने के पोस्ट सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बने रहे। सभी प्रमुख दलों के समर्थन प्रत्याशी की जीत को पक्का बताकर मतदान करने की अपील करते हुए दिखे। सोशल मीडिया में पोस्ट पर सवाल जबाव का सिलसिला चलता रहा। हालांकि पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर नजर बनाकर रखे रही। आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर आने वाले दिनों में कार्रवाई का खतरा मंडरा रहा है।

# मतदाताओं का उत्साह नहीं डिगा पाई भीषण तपिश

- कही जमकर कमल खिला तो कही तेज सायकिल दौड़ी, हाथी की रफ्तार सुस्त रही
- जिले में कई बूथों में ईवीएम हो गयी खराब, तुरंत हुई व्यवस्था संसदीय क्षेत्र में 60.39 फीसदी हुआ मतदान, राठ विधानसभा में 63 फीसदी सबसे ज्यादा हुआ मतदान



### शांति पूर्वक माहौल में मतदान संपन्न

**कुरारा।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में सुबह से मतदान करने के लिए महिला पुरषों की लाइन लगी रही। वही दोपहर में बूथ पर सन्नाटा पसरा रहा। इक्का दुक्का लोग मतदान करने आते रहे। तीन बजे के बाद मतदाता बूथ पर गए। कुल मिलाकर शांति पूर्वक माहौल में मतदान संपन्न हुआ। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बने पोलिंग बूथ पर सुबह सात बजे से मतदान करने के लिए मतदाता पहुंचे। तथा तेज धूप के चलते दोपहर में मतदान की गति धीमी रही। लेकिन शाम तीन बजे के बाद मतदाताओं की लाइन बूथ पर दिखाई दी।शाम तक लोगो ने उत्साह पूर्वकमतदान किया। महिलाएं व पुरुष मतदान के लिए बूथ पर गए। शांति पूर्वक माहौल में मतदान संपन्न हुआ।

### नाराज मतदाताओं को समझाबुझाकर डलवाया वोट

राठ। क्षेत्र के टूंका गांव में पेयजल से निजात न मिलने से ग्रामीण वोट डालने नहीं पहुंचे। सूचना पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र और सीओ दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। जब कहीं जाकर साढ़े सात बजे से मतदान शुरू हुआ। टूंका गांव निवासी रवि, कुंवरलाल नईम, चैनू, मोनू, अजीत आदि ने बताया कि पांच साल पहले गांव में पानी की टंकी बनकर तैयार हुई थी। अभी तक गांव में पानी की सप्लाई नहीं हुई है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत है। बताया कि गांव से एक किमी दूर खड़ाखर गांव में बनी पानी की टंकी से सप्लाई चालू के लिए अधिकारियों को अवगत कराया था। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने वोट न डालने का निर्णय लिया। बूथों पर जब ग्रामीण वोट डालने नहीं पहुंचे तो अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र और सीओ दिलीप सिंह ने ग्रामीणों को समझाया। तब आधे घंटे बाद मतदान शुरू हुआ। सीओ दिलीप सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को समझाकर मतदान शुरू करा दिया है।

### आधा दर्जन स्थानों पर ईवीएम खराब

राठ। राठ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के करीब आधा दर्जन स्थानों पर ईवीएम मशीनें खराब होने से कुछ समय के लिए मतदान बाधित रहा। सूचना पर पहुंचे चुनाव अधिकारियों ने दूसरी मशीनें लगाकर मतदान संपन्न कराया। कस्बे के फैज ए आम इंटर कालेज की बूथ संख्या 258 की मशीन दोपहर करीब सवा एक बजे खराब हो गई। इस मशीन पर 390 वोट डाले जा चुके थे। करीब बीस मिनट में दूसरी मशीन लगाकर मतदान शुरू कराया गया। वहीं क्षेत्र के टिकरिया गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की बूथ संख्या 331 में मतदान शुरू होने के 15 मिनट बाद मशीन खराब हो गई। दूसरी मशीन मंगाई गई। केंद्र में करीब 40 मिनट मतदान बाधित रहा। नहदौरा गांव के बूथ संख्या 287 में मशीन खराब होने से करीब एक घंटे मतदान रुका रहा। नहदौरा गांव में एसडीएम विपिन कुमार मौके पर पहुंचे और दूसरी मशीन लगवाकर मतदान संपन्न कराया

**हमीरपुर /मौदहा/ राठ, समृद्धि न्यूज।**

जिले में लोकसभा चुनाव शांतपूर्ण रहा,छियालिस डिग्री पारा होने के बाद भी मतदाताओं में उत्साह देखा गया जिसमे महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा रही। वही जिले में साठ फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

जानकारी के मुताबिक जिले में भीषण तपिश के बाद भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह कम नही हुआ। जैसे ही सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई वैसे ही मतदान केन्द्रो में मतदाताओं की लंबी-लंबी होने लगी हालांकि दिन में दस बजे के बाद चिलचिलाती गर्मी व गर्म हवाओं के चलते मतदान केन्द्रो में धीरे-धीरे सन्नाटा पसारने लगा। दोपहर होते-होते मतदान केदो में सन्नाटा पसर गया। एक आध मतदाता ही मतदान केन्द्रो में पहुंच अपने वोट डालते दिखाई दिए हालांकि तीन बजे के बाद मतदाताओं का रुख पुनः मतदान केदो की तरफ हो गया और शाम को खासी संख्या में लोग मतदान केंद्र पहुंच डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। लोकतंत्र के इस महा पर्व में युवा महिलाओं व बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया वहीं दिव्यांग भी देश की सरकार बनाने में अपनी भागीदारी करने में पीछे नहीं रहे। पहली बार वोट डाल रहे मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। ग्राम सिसोलर में सुबह नौ बजे तक 12 फीसदी, भमई में 11:30 बजे तक 30फीसदी, टिकरी में 12 बजे तक 34 फीसदी, कपसा में 12 बजे 34, इचौली में 12:15 पर 50, नायक पुरवा में 12:30 बजे तक 40, गुसियारी में 1:00 बजे तक 41, फतेहपुर में 1:30 बजे तक 46, खंडी में 1:40 बजे तक 39 फीसद, करहिया में 2 बजे तक 50 फीसदी, छिमौली में 2 बजे तक 50 फीसदी, सिलौली में चार बजे तक 58 फीसदी व कम्हरिया में चार बजे तक 47 फीसदी मतदान हुआ। ग्राम पाटनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के बूथ क्रमांक 289, नायकपुरवा के कन्या प्राथमिक विद्यालय बूथ संख्या 433 व ग्राम बक्क्षा के प्राथमिक विद्यालय बूथ संख्या 434 में मतदान के दौरान वीपी पैड काम न करने से कुछ देर के लिए मतदान की प्रक्रिया बाधित रही हालांकि अधिकारियों ने समय रहते दूसरे वीपी पैड लगा मतदान शुरू कराया। हमीरपुर महोबा लोकसभा सीट से इस बार भाजपा से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सपा से राजेंद्र लोधी व बसपा से निर्दोष कुमार दीक्षित अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पुष्पेंद्र सिंह चंदेल दो पंचवर्षीय इस क्षेत्र के सांसद रह चुके हैं। भाजपा ने उन्हें पुनः तीसरी बार टिकट देकर मैदान में उतारा है

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत



**भरथना/इटावा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा के मोहल्ला रानी नगर में रविवार की रात के दौरान घर के अंदर सोते समय आरती 23 वर्ष पत्नी राजीव उर्फ रिंकू की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बताया गया कि आरती के सिर व चेहरे पर किसी धारदार हथियार से वार कर मार दिया गया।मृतका की बुआ की तहरीर पर मृतका के पति व उसके अज्ञात दो साथियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घर के मौजूद भाई विजय ने बहिन को मृत अवस्था मे देखकर पड़ोसियो व पास रह रहे रिश्तेदारों को सूचना दी।जानकारी होने पर मृतका की बुआ सभासद गीता देवी समेत अन्य लोग मौके पर पहुँच गए और पुलिस को सूचना दी।परिजनों के मुताबिक आरती की वर्ष 2018 में जिला औरैया के थाना कुदरकोट निवासी राजीव उर्फ रिंकू से शादी हुई थी,शादी के कुछ दिन बाद से पति समेत ससुरालीजन आरती के साथ आए दिन मारपीट करते थे। पिछले एक माह से आरती अपने दो बच्चो प्रत्येक व नित्य के साथ मायके में पिता राजवीर के घर रह रही थी।आरती के पिता ट्रक ड्राइवर है जोकि घटना के समय घर पर नही थे।जबकि आरती का भाई व दोनों बच्चें घर के अलग अलग कमरों में मौजूद थे।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह आदि पुलिस कर्मी मौके पर पहुचे और परिजनों से पड़ताल कर मृतका का पंचनामा भरकर जिला पोस्टमार्टम ग्रह भेजा। मृतका के मायके पक्ष की बुआ सभासद गीता देवी ने बताया कि पिछले एक माह पहले से मायके रह रही विवाहित भतीजी की रात में सोते समय सिर व गर्दन पर वार कर हत्या कर दी गई।

# सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक सैफई के तत्वावधान में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह का कार्यक्रम बी.आर.सी सैफई पर बड़ी धूमधाम से किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री मंत्री व जिला अध्यक्ष विनोद यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सैफई के खंड शिक्षा अधिकारी नवाब सिंह वर्मा जी तथा व पूर्व कोषाध्यक्ष बृजेश यादव जी की गरिमामई उपस्थिति में ब्लॉक से सेवानिवृत्ति शिक्षक शकील ऐजाज, आफताब हुसैन, अहसान अली, सुरेन्द्र पाल जी को भावभीनी विदाई दी गई । जिलाध्यक्ष विनोद यादव जी ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता शिक्षक समाज का निर्माता होता है आप सबके अनुभव हम सभी के काम आयेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सब सेवानिवृत्ति होने पर भी हमारे दिलों में रहेंगे और समाज को दिशा देते रहेंगे।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष प्रद्युम्न यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में केपी शाक्य हरिओम कश्यप, विपिन पाल, दुर्वेश यादव, मनीष पाल, राजेश यादव, डीपी यादव, शेलेन्द्र कुमार, अनिल यादव सहित जिला एवम ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए जायन्ट्स सहेलियों ने लगाया प्याऊ



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मोहिनी एकादशी के अवसर पर इतनी भीषण गर्मी से राहत दिलाने को इटावा सहेली द्वारा राहगीरों को ठंडा पानी पिलाने को प्याऊ की व्यवस्था की। सूतमील के बाहर 4 घड़े रखे जो आस पास की बस्ती वाले राहगीर और मजदूरों को लाभान्वित करेगा। लोगों को पेठा वा बिस्किट देकर वा पानी पिला कर कार्यक्रम की शुरुवात की। इस स्थान पर लोहा पीटने वाले लोग रहते हैं इस कारण हम लोग इस स्थान को हमेशा चुनते हैं।आसपास के लोग वा राहगीरों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित और संगीता अग्रवाल शामिल रहीं। साथ ही अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, डी ओ ए प्रतीभा सिंह, डी ओ एफ विमल शर्मा, उर्वशी दीक्षित, कमलेश शर्मा, मनोरमा पोरवाल, मालती दीक्षित, पूनम अग्रवाल, गुरुप्रेम प्यारी जादौन, शशी प्रभा राजपूत, बीना चौहान, संध्या अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# पुलिस ने आठ परिवार को बिखरने से बचाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना जनपद इटावा में प्रभारी निरीक्षक निर्मला कुमारी व उप निरीक्षक नीलेश मिश्रा, महिला आरक्षीगण व थाने के समस्त कर्मचारीगण की मौजूदगी में परिवार परामर्श केंद्र की 30 पत्रावलियों में सुनवाई की गई।

15 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित रहे व 8 पत्रावलियों में दोनों पक्ष अनुपस्थित रहे 5 पत्रावलियों मे एक पक्ष उपस्थित है जिसमें परिवार परामर्श केंद्र के सभी सदस्यों द्वारा एवं थाने के अधिकारी /कर्मचारी गणों के समझाने के बाद 8 परिवार रिजवाना पत्नी मोहम्मद आकर निवासी शिवजी पुराना रामलीला रोड थाना कोतवाली इटावा, रिंकी देवी पत्नी शिव पाल सिंह निवासी कंधेशी पचार थाना भरथना इटावा, रूबी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी असफपुर थाना भरथना इटावा, सरीना पत्नी जमील निवासी राम जानकी मंदिर के पास थाना बकेवर इटावा सुनीता तिवारी पत्नी पवन तिवारी निवासी शिव कॉलोनी थाना सिविल लाइन इटावा, प्रीति पत्नी नेत्रपाल निवासी उमेदपुर अजीतमल औरैया, पत्नी सौरभ राजपूत निवासी आलमपुर हौज थाना सिविल लाइन इटावा, रिजवाना पत्नी शाह आलम निवासी आजाद नगर टीला थाना कोतवाली इटावा में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया । शेष पत्रावलियों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों को केन्द्र पर बुलाया गया एवं परिवारिक महत्व के बारे में समझाया गया जिसके परिणामस्वरूप पति-पत्नी आपसी मन- मुटाव भुलाकर साथ- साथ रहने को तैयार हो गये और खुशी- खुशी अपने घर चले गए।

# तीन करोड़ गरीबों को मिलेगा आवास : केशव मौर्या

**डिप्टी सीएम बोले, सपा कांग्रेस का होगा सफाया**

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पीएम बनते ही तीन करोड़ गरीबों को आवास देंगे। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का सफाया होगा। डिप्टी सीएम एनडीए के उम्मीदवार रिंकी कोल के समर्थन में गोविंद सिंह महाविद्यालय खजुरी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा कन्नौज और रायबरेली में भी जीत हासिल करने जा रही है, अबकी बार 400 से पार एनडीए को सीट मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से विपक्षी पार्टियां घबरा गई है। कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया और शामिल नहीं हुए। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों का सफाया किया जा रहा है, जबकि सपा सरकारों में गुंडों और माफियाओं को पनाह दिया जाता था। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव एक तरफ दुनिया और देश का डंका बजाने वाले प्रधानमंत्री है तो दुसरी तरफ गण्डे माफिया और भ्रष्टाचारियों का गिरोह है। कहा कि एक ओर उज्जवल भविष्य के हर पथ के काटे बूनने वाले और देश का नाम ऊंचा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं तो वहीं दूसरी ओर पूरा विपक्ष 2024 में उन्हें प्रधानमंत्री नहीं रहने देना चाहता। आज पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है। जब सपा, बसपा और कांग्रेस सरकार थी तब इन्होंने कभी फ्री राशन नहीं दिया आज कहते हैं कि 10 किलो राशन देंगे, उस 10 किलो राशन में से आठ किलो यही लोग खा जाएंगे, जैसा कि पहले होता था। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मोदी जी ने कहा है ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। मोदी जी सुरक्षा और विकास की गारंटी है। मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया, कांग्रेस के समय लगाए गए 370 जैसे कानून से मोदी ने मुक्ति दिलाई। अब जल्द ही काशी और मथुरा को भी न्याय मिलेगा। इसलिए आप सभी को 370 वोट हर बूथ पर बढ़ाना होगा। सपा अब समाजवादी पार्टी बनकर रह गई है। सभा मे एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड को भारी मतों से जीताने की अपिल किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से स्वागत किया।

सभा को मुख्यरुप से कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, राज्यसभा सांसद रामशकल, पकौडी कोल, भूपेश चौबे, अनिल कुमार मौर्या, कैलास खरवार ने भी संबोधित किया।

सभा मे मुख्यरुप से लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे, जिला प्रभारी अनिल सिंह, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, घोरावल प्रभारी विद्याधर तिवारी, विधानसभा संयोजक कैलास बैसवार, सुभासपा जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, विस्तारक सागरमणी, अजीत रावत, दीपक पटेल, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी सहित हजारों की संख्या मे आमजनमानस मौजूद रहे।

# पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर किया मतदान



कुठौंदा खुर्द में वोटिंग के लिए वृद्ध को ले जाते एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह।

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

लोकतंत्र के महापर्व के दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। वोट प्रतिशत कम न होने देने के लिए प्रशासन द्वारा चलाई जा रही मुहिम रंग लाई। लोगों ने स्वतः प्रेरित होकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया।

लोकतंत्र का महापर्व पांच साल में एक बार आता है और इस अवसर का नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जमकर फायदा उठाया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए पोलिंग बूथों पर मतदान के समय से पूर्व ही लाइन लगनी शुरू हो गई थी। सुबह सारे काम छोड़कर मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचने लगे थे। दोपहर 12 बजे तक मतदाता गर्मी व धूप की परवाह किए बिना लंबी लंबी लाइनों में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। हालांकि दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे के बीच कड़ी धूप में लोग घरों से कम निकले। लेकिन सायं 4 बजे के बाद एक बार फिर से वोटिंग प्रतिशत बढ़ना शुरू हो गया। मतदान का समय समाप्त होने तक सभी पोलिंग बूथों पर लोग लाइनों में लगे नजर आए।

## ब्लाक परिसर में ईवीएम मशीन खराब

**जालौन।** ब्लॉक परिसर में बनाए गए बूथ संख्या छह पर सुबह लगभग साढ़े आठ बजे ईवीएम में अचानक खराबी आ गई। जिसके चलते वोट पड़ना बंद हो गए। काफी देर तक मशीन ठीक न होने के चलते मतदाता परेशान हुए। हालांकि इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद सुबह लगभग सवा नौ बजे नई ईवीएम मशीन आई। जिसके बाद पुनः मतदान शुरू हो सका।

## एसडीएम, सीओ ने समझाया तब शुरू हुआ कुठौंद खुर्द में मतदान

**जालौन।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा खुर्द में संपर्क मार्ग न बनने से ग्रामीण नाराज थे। सुबह से ही ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर रखा था। ग्रामीण सड़क नहीं तो वोट नहीं की मांग पर अड़े थे। सूचना मिलने पर एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। जिसके बाद ग्रामीण वोट डालने के लिए तैयार हो गए।

## मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम गायब

**जालौन।** लोकसभा की मतदाता सूची से मोहल्ला बापू साहब के बड़ी संख्या मतदाताओं के नाम कट गये। नाम कटने के कारण लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके। वोट न डालने के कारण उनमें नाराजगी दिखी। नगर के मोहल्ला बापू सासहब के निवासियों के बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम गायब हो गये। पुराने मतदाता के नाम गायब होने के कारण मतदाताओं में खासी नाराजगी दिखी। मतदान के दिन सुबह जब मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जालौन बालिका इंटर कालेज में बने बूथ संख्या 44 पर पहुंचे तथा बीएलओ प्रहलाद से मतदाता पर्ची मांगी तो उन्हें मतदाता पर्ची नही मिली। मतदाता सूची का अवलोकन करने के बाद पता चला कि मतदाता सूची से करीब 40-45 नाम गायब हो गये। मतदाताओं के नाम कैसे कटे। इसका जबाब बी एल ओ के पास भी नही था। उन्हें भी नाम कटने की जानकारी थी। लगभग 30 वर्ष से मताधिकार का प्रयोग करते आ रहे हैं अखिलेश लाक्षाकार कहते हैं कि उनके साथ उनकी बेटी शिवांगी का भी वोट काट दिया गया है।

## बीएलओ ने नहीं पहुंचायी घर-घर मतदाताओं की पर्ची

**जालौन।** मतदाता पर्ची घर घर न पहुंचने के कारण मतदाताओं को भटकना पड़ा तथा विभिन्न पार्टियों के बने बूथों पर जाकर पर्ची बनवानी पड़ी। पिछले वर्ष हुए नगर पालिका परिषद के चुनावों में घर घर पर्ची पहुंचने के कारण लोगों को पर्ची के भटकना नहीं पड़ा था।

इस बार जहां बी एल ओ ने पर्ची बांटने कम दिलचस्पी दिखाई है वहीं राजनैतिक दलों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। पूर्व भी बीएलओ के साथ राजनैतिक दल के लोगों द्वारा भी पर्ची बटवायी जाती थी। इस बार दोनों ओर से हुई उदासीनता के कारण लोगों को पर्ची बनवाने के लिए परेशान होना। पोलिंग बूथ पर बीएलओ के बैठने की व्यवस्था न होने के कारण वह अपने हिसाब से स्थान पाकर बैठे हुए थे।

# लोकसभा सीट पर 56 प्रतिशत मतदाताओं ने डाले वोट

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को पांचवें चरण में सामान्य लोकसभा चुनाव के लिए 45 जालौन-गरौठा-भोगनीपुर सीट के लिए हुए मतदान पर तापमान का साफ असर दिखा। 45 डिग्री तापमान में लू के थपेड़ों ने मतदाताओं को बेहाल कर दिया। जिसके चलते शाम पांच बजे तक 53.7 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिसमें भोगनीपुर विधानसभा में सबसे अधिक 56.24 प्रतिशत, विधानसभा गरौठा में 55 प्रतिशत जबकि जालौन जिले की माधौगढ विधानसभा में 51.5 प्रतिशत, विधानसभा कालपी में 53.15 प्रतिशत और उरई में 53.82 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भोगनीपुर और गरौठा विधानसभा की तुलना में जनपद जालौन की तीनों विधानसभा में मतदान का प्रतिशत कम रहा। हालांकि देर शाम



56 प्रतिशत मतदाताओं के वोट डालने का अनुमान लगाया जा रहा था।

आज सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान केन्द्रों पर शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की लाइने कम ही देखी गयी। सुबह 9 बजे तक 12 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे जबकि पूर्वान्ह 11 बजे तक 27.56 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे। जिसमें भोगनीपुर में 29.96 प्रतिशत, गरौठा में 26.29 प्रतिशत, माधौगढ विधानसभा में 25.1 प्रतिशत, कालपी में 26.51 प्रतिशत और उरई में 27.51 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे। इसके पहले उन्होंने उरई में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने सरस्वती शिशु मंदिर राजेन्द्र नगर उरई, तो भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने मालवीय नगर कोंच में मतदान किया। जबकि प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी उद्योग केंद्र में बने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। इसी के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने भी अपने मत का प्रयोग किया।

# डीएम-एसपी ने मंगरौल, कालपी में मतदान की परखी हकीकत

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को मतदान के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे तथा पुलिस अधीक्षक विराज राजा ने घूम घूम कर कालपी नगर तथा यमुना के बिहार के मतदान केद्रों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने जानकारियां हासिल करके संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

विदित हो कि जनपद के डीएम एवं एसपी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के पंचम चरण मे हो रहे मतदान को सकुशल, शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर कालपी क्षेत्र के मतदान केंद्रों बूथों का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा-व्यवस्था



का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। डीएम तथा सपा ने कालपी नगर के एमएसबी इंटर कॉलेज के पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया इसी प्रकार यमुना नदी के तट में स्थित मंगरौल गांव में पहुंचकर मतदान केंद्र एवं बूथों का निरीक्षण किया गया।

# खबरें एक नजर में

## असहाय मतदाताओं की मदद को स्वास्थकर्मी रहे तैनात

**कालपी (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता के निर्देशन पर कालपी नगर के चार अलग-अलग पोलिंग केदो में असहाय मतदाताओं की मदद करने के लिये दवाओं के साथ चिकित्सीय कर्मचारी को तैनात किया गया। स्थानीय नगर के पोलिंग केद्रों पर कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में नीरज पाल व रानी अहिरवार, नगर पालिका परिषद कार्यालय में शालिनी वाजपेई व नसीमा खान, एमएसबी इंटर कालेज में राकेश बघेल व व अंजू लता कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार में माया वर्मा व आशा नीलम यादव को प्राथमिक उपचार की दवाइयां के साथ तैनात किया गया था। मतदान केदो में भीषण गर्मी में आने वाले मतदाताओं को ओआरएस का घोल के पैकेट देने के अलावा जरूरी दवाइयां भी उपलब्ध कराई गयी।

## 102 ग्राम हीरोइन के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** एसओजी टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 04 नफर हेरोईन तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 102 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन व बिक्री के रुपये 27600 नगद बरामद वही लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ. यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निकट पर्वेक्षण व निर्देशन में एसओजी व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को बरैला महादेव मंदिर के पास 04 नफर हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया।

## मेरा सोनभद्र मेरी शान 1 जून को करे मतदान

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** सोमवार स्वीप 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन विकासखंड दुद्धी में किया गया। आज के इस आयोजन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी,सोनांचल इंटर कॉलेज दुद्धी एवं राजकीय इंटर कॉलेज दुद्धी के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता संबंधी बैनरो व पोस्टर सहित प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उप जिला अधिकारी दुद्धी सुरेश राय ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ, बच्चों व जन मानस को मतदान हेतु शपथ दिलाई तत्पश्चात उप जिला अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वय द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर से रवाना किया गया। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से रैली म्योरपुर मोड ,रामलीला मैदान व मुख्य मार्गो से सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है।

# निर्वाचन प्रक्रिया की वैधता पर खड़े किए सवाल

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

बीते कुछ महीनो पूर्व दयानंद वैदिक महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के लिए हुए निर्वाचन की वैधानिकता को लेकर वरिष्ठ सदस्यों द्वारा उठाए गए सवाल के बाद मामला अब और भी पेचीदा हो गया है बताया जाता है कि जिलाधिकारी द्वारा उक्त मामले की जांच के आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक को दे दिए गए हैं। दयानंद वैदिक महाविद्यालय जनपद का एक पुराना और उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है बताते चलें कि कुछ महीनो पूर्व ही महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया था लेकिन जिस तरह से यह पूरे निर्वाचन की प्रक्रिया गुपचुप तरीके से कराई गई और उसमें कई वरिष्ठ और पुराने सदस्यों की अनदेखी की गई इस बात को लेकर कई पुराने सदस्यों में नाराजगी देखी जा रही थी वरिष्ठ सदस्य डॉ. हरिमोहन पुरवार ने तो इस मामले को लेकर शिकायतें भी दर्ज कराई और यहां तक की प्रेस वार्ता बुलाकर निर्वाचन प्रक्रिया की वैधता पर सवाल भी खड़े कर दिए उनका स्पष्ट कहना था कि जिस तरह से समूची निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है उसमें पुराने सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल नहीं होने दिया गया और उन्हें संज्ञान में दिए बिना ही कुछ लोगों ने गुपचुप ढंग से गलत तरीकों को अपनाकर निर्वाचन कर लिया फिलहाल उक्त मामले को लेकर जिला अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच सौंपी है।

# सड़क की मांग को लेकर गांवों में मतदान का बहिष्कार

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

संपर्क मार्ग की मांग को लेकर जिले में आधा दर्जन से अधिक गांवों के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के तमाम मान मनोबल के बाद इन गांवों के मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग नही किया तो अधिकारियों ने जबरन कुछ वोट डलवा दिए। नसीरपुर में तो प्रधान को जबरन मतदान केन्द्र में ले जाकर उसकी उगली में स्याही लगा दी और ईवीएम का बटन दबा दिया। वैसे तो महेबा ब्लाक क्षेत्र के नसीरपुर, अटरिया के ग्रामीणों ने दो महीने पहले ही लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का होर्डिंग लगा दिया था। दरअसल नसीरपुर, अटरिया के बीच करीब दो किलो मीटर कच्चा श्रमदान पड़ा हुआ है। जिसका डामरीकरण कराने की मांग को लेकर कई बार अटरिया, नसीरपुर के ग्रामीण प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग कर चुके है।

लेकिन कोई सुनवाई नही हुई तब दोनों गांवों के मतदाताओं ने चुनाव की घोषणा के साथ संयुक्त बैठक कर मतदान बहिष्कार का निर्णय ले लिया जिसका काफी शोर शराबा हुआ लेकिन मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को मान जाने की फर्जी खबर आलाधिकारियों को सुना दी जबकि ग्रामीण अपने निर्णय पर अड़े रहे।

आज सुबह मतदान अभिकर्ताओं को लेकर जब पोलिंग पार्टियों ने गांव के लोगों से बात की। तो अपनी मांग पर अड़े नसीरपुर के लोगों ने एक भी

**भानु वर्मा को बुलाने की मांग पर अड़े रहे मतदाता**

नसीरपुर गांव में मतदान के बहिष्कार को लेकर ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। ग्रामीणों कहना था कि मौके पर या तो भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा आये और सड़क बनवाने का आश्वासन दे या फिर जिलाधिकारी आये तभी मतदान करेगे। लेकिन कोई मौके पर नही पहुंचा। देर शाम रोड बनवाने का आश्वासन देने पहुंचे विधायक गौरीशंकर वर्मा के द्वारा तमाम मान मनोबल के बाद भी केवल एक वोट डलवा पाए।

एजेंट नही बनाया। बहिष्कार की खबर मिलने पर उपजिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र पचौरी, बीडीओ महेबा संदीप मिश्रा, थानाध्यक्ष चुर्खी कमलेश प्रजापति ने मतदान बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों को समझाया, धमकाया लेकिन ग्रामीण नही माने तब अधिकारियों ने जबरन प्रधान को बुलाकर मतदेय स्थल पर ले जाकर उसके उगली में स्याही लगा दी और बटन अधिकारी ने दबा दिया। हालांकि एसडीएम जालौन आलोक कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित भी मौके पर पहुंचे। रामपुरा ब्लाक क्षेत्र के कर्रा जायघा एवं मोहब्बतपुरा में सड़क की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। हालांकि इन मतदान बहिष्कार केन्द्रों पर प्रत्याशियों के न पहुंचने में अपनी भलाई समझी। इस बारे में कंट्रोल रूम से जानकारी की गयी तो वहीं से मतदान बहिष्कार के बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी।

# महिलाओं ने राष्ट्रवाद, सुरक्षा व महंगाई के मुद्दे पर किया मतदान

**ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के सहयोग से मंगल सिंह ने ट्राई साइकिल से आकर किया मत का प्रयोग**

**कुठौंद,जालौन। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड कुठौंद क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के पांच में चरण 45 लोकसभा जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र से अपने अपने पसंद के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदान स्थलों पर सुबह 7 बजे से मतदाता पहुंचने लगे और अपनी पसंद के प्रत्याशियों को मतदान किया पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं भी मतदान करने में पीछे नहीं रही तथा विकलांगों ने भी मतदान




में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सुबह 7 बजे से ही महिलाओं की बूथों पर लाइन लगने लगी वह बोली हम किसी से कम नहीं है और हम लोगों ने राष्ट्रवाद सुरक्षा तथा महंगाई के मुद्दे पर मतदान किया उनका कहना था पहले मतदान फिर घर का दूसरा काम।

विकासखंड कुठौंद के मदारीपुर में मतदान उत्साह ऐसा रहा कि सुबह से ही मतदाता लाइन में लग गए जिसमें बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे बुजुर्गों ने मतदान किया पहली बार मतदाता बने युवाओं ने भी विकास व बेरोजगारी को ध्यान में रखकर मतदान किया धूप अधिक होने के चलते दोपहर में जनता मतदान पर सन्नाटा रहा मतदान करने में जहां लोग उत्सुक थे वहीं दिव्यांग भी किसी से पीछे नहीं रहे ग्राम पंचायत दौन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के सहयोग से मंगल सिंह ने ट्राई साइकिल से आकर मतदान केंद्र पर मतदान किया बिचौली प्रधान महेश कुमार के द्वारा पोलिंग बूथ पर बहुत ही सराहनीय व्यवस्था रही वोट डालने के बाद युवाओं ने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करके उनको गर्व महसूस हो रहा है।

चुनाव में प्रशासन भी सतर्क व चाक चौबंद बंद रहा सेक्टर मजिस्ट्रेट मोहम्मद इरशाद अली ने हर पुलिंग बूथ पर जाकर हो रहे चुनाव की व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# देश की सुख समृद्धि और मजबूत लोकतंत्र के लिए किया मतदान

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**

**पूरे उत्साह के साथ वोट देकर अपने घर लौटते रहे लोग**

जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान को लेकर जिस तरह से मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया उसने भीषण गर्मी और तपन को भी पीछे छोड़ दिया। 45 डिग्री तापमान के बीच भी मतदाता पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपना वोट देने घर से निकले। गर्मी की भीषणता को देखते हुए ऐसा माना जा रहा था कि इस बार मतदान के प्रति लोगों में अधिक उत्साह देखने को कम मिल सकता है लेकिन सोमवार को जब दोपहर बाद भी नगर के विभिन्न पोलिंग बूथ पर अपना वोट डालने के लिए मतदाताओं का सिलसिला जारी रहा उसे इतना तो स्पष्ट होता ही है कि लोगों में मतदान को लेकर उत्साह बरकरार है कुछ लोग अपने घरों के रोजमर्रा के काम निपटने से पहले बड़े सवेरे ही अपना वोट डालने पहुंच गए तो वही कुछ लोग दोपहर बाद घर से निकले कुल मिलाकर देर शाम तक मतदाताओं के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा और अधिकांश मतदाताओं ने अपने मत को लेकर स्पष्ट कहा कि इस बार उन्होंने अपने वोट का इस्तेमाल लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ देश की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए किया है।

# मतदान को लेकर गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक मतदाताओं में दिखा उत्साह

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर एवं क्षेत्र में 18 वीं लोकसभा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न हुआ। इस दौरान गर्मी होने के बाबजूद मतदाता बेहद उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों तक पहुंचे है।

सोमवार को जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा के लिए विधान सभा क्षेत्र में 467 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। गर्मी होने के बावजूद मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे हालांकि इस दौरान लम्बी लम्बी लाइनें तो नहीं लगी पर उनके आने का सिलसिला जारी रहा जिसके चलते कालपी विधानसभा क्षेत्र में 26 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हो चुका था। हालांकि दोपहर में मतदान की रफ्तार धीमी हो गई थी जिसके चलते 1 बजे मतदान का प्रतिशत 39 हो पाया था लेकिन मतदाताओं का मतदान केन्द्र पर आने का सिलसिला जारी रहा था।

**नसीरपुर में पडे दो वोट तो अलमोरी डेरा में एक भी नहीं : कालपी।** पक्की सड़क की मांग को लेकर महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर तथा अटरिया और सधारा गांव के वाशिंदों ने वोट न डाले का ऐलान किया था तो कदौरा ब्लाक की ग्राम पंचायत कुनहटा के मजरा अलमोरी डेरा की जनता ने भी मार्ग न होने पर मतदान बहिष्कार कर दिया था। मामला संज्ञान मे आया तो प्रशासन सक्रिय हो गया था हालांकि 9 बजे तक अटरिया और सधारा में



मतदान शुरू हो गया था जिसके चलते नसीरपुर गांव पहुंचे एसडीएम हेमन्त पटेल, सीओ डा. देवेन्द्र तथा बीडीओ संदीप मिश्र ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और सड़क निर्माण के लिए। वही अलमोरी डेरा में भी प्रशासनिक जिम्मेदारों की कवायद वेकार गई। उन्होंने समस्या के समाधान न होने तक वोट डालने से इनकार कर दिया है जिसके चलते वहा 4 बजे तक एक भी वोट नही डल पाया है।

**मतदान के दौरान रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : कालपी।** मतदान के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसमें मतदान केन्द्रों पर तो पर्याप्त सुरक्षावलों की तैनाती की गयी थी इसके अलावा सेक्टर पुलिस अधिकारी भी क्षेत्र में सक्रिय रहे तो एसडीएम और सीओ भी भारी मात्रा में पुलिस व अर्धसैनिक बलों के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे जिससे मतदान बेहद शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

**मतदान बहिष्कार की सूचना से हलकान रहा प्रशासन कालपी।** सड़क की समस्या को लेकर महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सधारा, अटरिया एवं नसीरपुर तथा कदौरा ब्लाक के अलमोरी डेरा के ग्रामीणों ने पहले ही मतदान न करने का ऐलान कर दिया था पर शायद प्रशासन ने इसको ज्यादा संज्ञान मे नही लिया था लेकिन सोमवार को इन ग्रामीणों ने मतदान न करने का अपना फैसला जारी रखा था जिसकी सूचना प्रशासन को लगी तो हड़कम्प मच गया आनन फानन मौके पर पहुंचे एसडीएम और सी ओ ने उन्हे समझाने का भी प्रयास भी किया।

**नसीरपुर में प्रधान के वोट डालने से भड़के ग्रामीण कालपी।** जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय की फोन पर समझाईश के बाद नसीरपुर के ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने मतदान किया तो ग्रामीण भड़क गए कहा प्रधान ने गांव की जनता के साथ धोखा किया है जिसका खामियाजा उसे भोगना ही पड़ेगा। मतदान बहिष्कार का आलम यह रहा कि मतदान केंद्र पर एक भी ग्रामीण मतदान करने के लिये पहुंचा ही नहीं मतदान कर्मी मतदाताओं के आने का इंतजार करते देखे गये।

**नसीरपुर से अटरिया मार्ग न बनने से खफा है ग्रामीण: कालपी।** नसीरपुर से अटरिया मार्ग को पक्का किये जाने की मांग काफी पुरानी है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार के अनुसार गाँव वाले जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियो तक अपनी फरियाद कर चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नही हो सका है जिसके चलते सर्व सम्मति से मतदान बहिष्कार का फैसला लिया था। नसीरपुर के ग्रामीणों की मानें तो 4 किलोमीटर सड़क बन जाने से तीन गांवों के लोगों की जिला मुख्यालय जाने की दूरी 15 किमी कम हो जायेगी लेकिन कोई सुन नहीं रहा है।

**गर्मी भी कम नहीं कर पाई मतदाताओं का हौंसला**

**कालपी।** मौसम का मिजाज देखते हुए कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार मतदान कम होगा लेकिन ऐसा सोचना गलत साबित हुआ और मतदाताओ ने गर्मी को दरकिनार कर मतदान किया। इस दौरान मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लाईन लगी रही और वह गर्मी होने के बावजूद अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी मतगणना

- तीनों विधान सभाओं की मतगणना के लिए लगाई जाएंगी अलग-अलग 14-14 टेबिलें
- जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अफसरों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा सामान्य** निर्वाचन की मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में अफसरों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर शुद्ध पानी, विद्युत, साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मतगणना के समय लाइट जाने पर तत्काल आटो कट जनरेटर की व्यवस्था रहेगी, जिससे मतगणना में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कहा कि मतगणना का कार्य निर्धारित समय प्रातः 08 बजे से प्रारम्भ कर दिया जाए, जिससे निश्चित समय के अन्तर्गत लोगों को परिणाम प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुरूप मतगणना की समस्त प्रक्रिया का पालन कराया जाए। कहा कि मतगणना 04 जून को प्रातः 8 बजे जिला मुख्यालय स्थित जीटी रोड नवीन मण्डी स्थल में प्रारम्भ होगी। जिसमें मतगणना में निर्धारित टेबिल की संख्या 196 छिबरामऊ ईवीएम हेतु 14 टेबिल, 197 तिर्वा ईवीएम हेतु 14 टेबिल तथा 198 कन्नौज ईवीएम हेतु 14 टेबिल तथा पोस्टल बैलेट पेपर हेतु 12 टेबिल एवं ईटीपीबीएस स्क्रैनिंग हेतु 15 टेबिलों का निर्धारण किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के समय मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की गयी है। आप सभी को बड़ी सावधानी से निष्पक्ष रूप से मतगणना सम्पन्न कराना है। यदि कोई भी गणना कार्मिक या मतगणना अभिकर्ता निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के विपरीत कार्य करेगा तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो भी कार्मिक मतगणना ड्यूटी में लगाएं गए है उनका प्रशिक्षण करा लिया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस, वरिष्ठ कोषाधिकारी समेत समस्त उप जिलाधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भाकियू अवधेश की नादनपुर में लगी चौपाल



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नदनपुर रामपुर** चौपाल मेंराष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत सुनी किसानो की समश्याये निस्तारण का दिया भरोषा रास्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा संगठन के लिए किसानो का हित सर्बो परि है हमारे संगठन मे कोई पदा धिकारी से एक रुपया भी सदश्यता शुल्क नही लिया जाता हम स्वच्छ छवि के लोगो को संगठन में जोड़ते है आनंद गुप्ता ने कहा की हम सब मिल कर सभी नये ब पुराने जुड़े पदा धिकारियो को भरोषा दिलाते है जितना साथ आप दोगे उससे कई गुना ज्यादा संगठन आपका साथ देगा रास्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने जिला अध्यक्ष कन्नोज राम मनोहर पाठक की संस्तुति पर राजेश कुमार त्रिपाठी को जिला महामंत्री कन्नोज बिनोद सिंह को जिला महासचिव आशीष भदोउरिया को मंडल संगठन मंत्री युबा रामबीर सिंह चौहान को ग्राम सभा अध्यक्ष श्याम बीर चौहान को ग्राम सभा उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान को ब्लॉक उपाध्यक्ष महेश सिंह चौहान को ग्राम सचिव महेंद्र सिंह चौहान को ग्राम सभा मंत्री ब ऋषि चौहान को जिला उपाध्यक्ष युबा बनाया गया इनके मनो नयन पर पवन तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सूरज शाक्य तहसील उपाध्यक्ष लालू यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युबा प्राण दीक्षित जिला मंत्री सुनील कुमार जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी।

# यातायात नियमों का पालन न करने वालो का लाइसेंस किया जाए निरस्तः डीएम



- ओवर स्पीड एवं रॉग साइड तथा नशे के हालात में गाड़ी चलाने पर अत्यधिक हो रही दुर्घटनाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**सोमवार को** कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। कहा कि यातायात नियमों का प्रत्येक दशा में कड़ाई से पालन कराएं।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हाइवे के अंडर पास वाले स्थलो पर प्रकाश एवं कैमरा तथा यातायात के बोर्ड लगाएं। साथ ही उन्होंने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि दो पहिया और चार पहिया वाहन छोटे बच्चों को कतई न दें।अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद ही वाहन दें। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि स्कूलों में यातायात नियमों के जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाए। बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ ही उसकी उपयोगिता भी बतायी जाये। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु बेहतर रणनीति बनाकर कार्य करे, तथा दुर्घटनाओं पर विराम लगाने हेतु हर संभव प्रयास किये जायें। उन्होंने ओवर स्पीड एवं रॉन्ग साइड तथा नशे के हालत में गाड़ी चलाने व वाहन चलाते समय सीटबेल्ट/हेलमेट का प्रयोग न करने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लानिंग तैयार की जाए कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं कहां पर हो रही है। इसके उपरांत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने एनएचए को निर्देश दिए कि सड़क में अनाधिकृत कट को बंद किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाना, अंडर एज ड्राइविंग, वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होना, स्कूल वाहन मानको के अनुरूप न पाए जाने, बिना फिटनेस वाहन का संचालन, व्यावसायिक वाहनों में स्पीड लिमिट डिवाइस का ना लगे होना तथा अक्रियाशील होने की दशा में, मोडिफाइड साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न लगे होने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को यातायात नियमों का पालन कराने एवं अपने कर्तव्यो का निर्वहन निष्ठापूर्वक कराने के निर्देश दिए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग समन्वय स्थापित कर वाहन चालको की आंख की जांच सुनिश्चित करे। साथ ही कहा कि रोडवेज बसे बस स्टॉप के बाहर जाम न लगाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक समेत सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# तहसील परिसर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी को दिया गया संबोधित ज्ञापन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**तालग्राम** थाना क्षेत्र के कबीरगंज कसावा गांव निवासी युवक अरविंद यादव के द्वारा संपूर्ण ब्राह्मण समाज व क्षत्रिय समाज को अभद्र गाली गलौज करके अपमानित करते हुए जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसको लेकर ब्राह्मण व क्षत्रिय समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है इसी क्रम में आज अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रजनीश दुबे व क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने पहुंचकर उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायव तहसीलदार को सौंप कर रोष व्यक्त किया ब्राह्मण व क्षत्रिय समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि उक्त दबंग अरविंद यादव के खिलाफ अगर 3 दिन में कानूनी कार्यवाही न की गई तो हम सभी ब्राह्मण व क्षत्रिय उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे उक्त आरोपी युवक के द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों को फावड़ा से काट डालने की धमकी भी दी जा रही है उसके बाद समस्त ब्राह्मण व क्षत्रिय समाज को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां भी दी गई है उक्त युवक के द्वारा सरकारी कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर समस्त क्षत्रिय ब्राह्मण समाज को अपमानित करना भारतीय दंड संहिता 294 का सीधा उल्लंघन है अतः उक्त आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जाए नहीं तो हम सभी लोग प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे इस दौरान क्षत्रिय महासभा के शैलेंद्र सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, संजीव चौहान पूर्व नगर अध्यक्ष, डॉ वरुण प्रताप सिंह जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच ,शैलेंद्र कुमार शैलू मिश्रा प्रदेश सचिव ब्राह्मण महासभा ,अमित कुमार अधिवक्ता अंन्रू चौबे, अधिवक्ता अनुराग तिवारी, अधिवक्ता अमित दुबे रानू, अधिवक्ता चंद्रकांत दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश शुक्ला, अमित दीक्षित, एडवोकेट गौरव अमर त्रिपाठी,विनीत चतुर्वेदी, विवेक दीक्षित, अजय दुबे, दीपक दुबेद्दी मीडिया प्रभारी ब्राह्मण महासभा, अबधेश मिश्रा,पवन दुबे, अनिल तिवारी, ठाकुर राजेश सिंह चौहान, ठाकुर राधा रानी समेत लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

# सुरक्षित अन्न भण्डारण करने से प्रतिवर्ष होने वाली क्षति को कम किया जा सकता हैः जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** फसल की कटाई के उपरान्त भडारण में होने वाली क्षति में से अकेले कीटों का योगदान 2 से 2.5 प्रतिशत है। सुरक्षित अन्न भण्डारण करने से प्रतिवर्ष होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है तथा अपने उत्पाद का सही मूल्य प्राप्त किया जा सकता है द्य उक्त जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि भण्डारण हेतु अनाज में यदि 10 प्रतिशत से अधिक नमी होती है, तो कीटों की संख्या एवं फंफूदी तेजी से बढ़ने लगती है। जिससे अनाज में जमाव क्षमता कम हो जाती है तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते है। यदि भण्डारण कक्ष/पात्र में आक्सीजन पर्याप्त उपलब्ध है तो कीटों के लगने की सम्भावना अधिक होगी इसे नियन्त्रित करना होगा। भण्डारण कक्ष का तापमान कम रखकर कीटों की बढ़वार कम की जा सकती है। कीटों के भण्डारण कक्ष में पहुंचने के प्रमुख कारण यह है कि खेतों में पाये जाने वाले सूंड़ी, पतंगा, बीटल बोरों द्वारा भण्डार कक्ष में पहुँच जाते है। मढ़ाई के समय थ्रेशर आदि में मौजूद कीट भंडारण तक अन्न के साथ पहुँच जाते है। ढोने वाले साधन ट्रैक्टर ट्राली, बैलगाड़ी के माध्यम से अनाज के साथ भण्डार कक्ष में पहुँच जाते है। पुराने भण्डारण कक्ष में मौजूद कीट अनुकूल समय पर अनाज पर संक्रमण कर देते है। श्री सिंह ने बताया कि सुरक्षित अन्न भण्डारण हेतु खेत में मढ़ाई के बाद बहुत ही सावधानी पूर्वक भंडार कक्ष तक अनाज को लाना चाहिये। गोदाम कोठला / भंडार गृह को भलीभांति साफ कर लेना चाहिये। दरार, बिल आदि को बन्द कर देना चाहिये। जिससे चूहे, नमी, कीट का प्रवेश ना हो सके। पुराने बोरों बखारी कुठला आदि को मैलाथियान 50 प्रतिशत 1ः100 के अनुपात में घोल बनाकर छिड़काव करें।

# बिजली की कटौती से किसान और आम जनमानस परेशानः नवाब सिंह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से जहां आम जनमानस परेशान है तो वही जिले के किसान खेतों में खड़ी मक्का की फसल में सिंचाई न होने से बेहद चिंतित हैं। किसानों एवं आम जनमानस की परेशानी को देखते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। सपा नेताओं ने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से लोग बेहाल हैं, तो वहीं बिजली की कटौती से खेतों में खड़ी मक्का की फसल सूख रही है। यदि समय रहते बिजली आपूर्ति ठीक न की गई तो किसानों की मक्का की फसल बर्बाद हो जाएगी। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कहा कि जनपद कन्नौज में आलू और मक्का की फसलें प्रमुख रूप से होती हैं, जनपद का अधिकांश किसान इन दिनों मक्का की फसल उगाता है। जिसके लिए सिंचाई की बहुत जरूरत पड़ती है। लेकिन बिजली कटौती के कारण किसान परेशान है। बिजली न मिलने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही। कहा कि यदि समय रहते बिजली व्यवस्था दुरुस्त न की गई तो जिले का किसान बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अगले 15 से 20 दिनों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था दुरुस्त की जाए। ताकि किसानों की फसलें बर्बाद होने से रोकी जा सके। श्री यादव ने कहा कि इस समय मक्का की फसल में दाना पड़ रहा है और ऐसे में मक्का की फसल को पानी की बहुत जरूरत होती है परन्तु बिजली की भीषण कटौती से सिंचाई के अभाव में फसल सूख रही है, किसानो के चेहरे पर से मुस्कान गायब हो गई है। श्री यादव ने कहा कि जब किसान खुशहाल नही होगा तो देश की तरक्की कभी नहीं हो सकती है। इसलिए हम समाजवादी लोग किसानो की खुशहाली के लिए अनुरोध करने आए कि बिजली की सुचारू व्यवस्था की जाए।

# विद्युत उपकेन्द्र का घेराव कर किया धरना-प्रदर्शन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



विद्युत अधिकारियों से वार्ता करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी धरना प्रदर्शन करते कार्यकर्ता

**अघोषित** विद्युत कटौती के विरोध में भाकियू टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत घर का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। विद्युत अधिकारियों को जमीन पर बैठाकर सिंचाई के लिए होने वाली समस्याओं के प्रति अवगत कराया एवं पांच दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा की यदि समय रहते समस्याओं का समाधान ना हुआ तो भाकियू अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर आंदोलन करेगी।

सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में पावर हाउस पहुंचे किसान नेता एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत अधिकारियों का घेराव कर नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों ने हांथो में सुखी मक्का के पौधे लेकर एसडीओ एवं अधिकारियों को दिखाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही की वजह से उनके फसले सूख रही हैं। अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बेलगाम है। किसानों की समस्याओं से उनका कोई लेना देना नहीं है। उद्योगपतियों एवं कारपोरेट जगत के लोगों का सिर्फ ध्यान रख रहे हैं ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि सारे ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में भेदभाव न कर सुचारू रूप से फीडर चलाए जाएं। बार-बार ट्रिपिंग की समस्या रोक कर निर्वाध आपूर्ति दी जाए। नगर पंचायत समधन में लगातार काफी दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है जो की स्थाई रूप से ठीक कराई जाए। समधन के आंशिक भाग इस्माइलपुर को भी इदुइयागंज फीडर से जोड़ दिया जाए। चियासर फीडर पर विद्युत समस्या का तत्काल स्थाई समाधान किया जाए। ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली देने की व्यवस्था की जाए। साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाई जाए। समधन में लाइनमैन सोनू द्वारा धनउगाही की जा रही है इसे रोका जाए। एसएसओ अतुल दुबे का स्थानांतरण किया जाए क्योंकि यह अपने कार्य में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने अवर अभियंता विकास कुमार को सौंपते हुए विभाग के कर्मचारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि पॉच दिन के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण न किया गया तो धरना प्रदर्शन के साथ ही आंदोलन भी किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ कुसुम चौहान, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राजपूत बबलू, साजिद हुसैन, राहुल, राजकिशोर, बबलू नेता, सोनू दुबे, प्रधान रामकिशोर मिश्रा, मारूफ खान, छोटे भाई, रिजवान अहमद, इकबाल अहमद, सबनूर खान, मुईन अहमद, अकील फारुकी, मो. सिराज, मो. रियाज, आलोक राजपूत, सुधीर कुमार, रोहित राजपूत, राम लखन राजपूत, जीतू यादव, कृष्ण मुरारी, मो. इरफान, वीरेश कुमार, लल्ला तोमर सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के तत्वाधान में स्थान गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बड़ेपुर में आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**2568** भी त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के तत्वाधान में स्थान गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बड़ेपुर में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर पोस्ट पारित किए गए पुष्प अर्पित किए गए इसके बौद्ध भिक्षु संघ ने त्रिसरण पंचशील व परित्राण पाठ किया।पूज्य बौद्ध भिक्षु बुद्ध दीप ने कहा कि मनुष्य भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलकर अपने जीवन में कल्याण कर सकता है उनके द्वारा बताए गए पंचशील 1 प्राणी हिंसा न करना 2 बिना दी हुई किसी की चीज ना लेना अथवा चोरी ना करना 3 दूसरे की स्त्री पर गलत नजर ना डालना करना 4 गाली ना देना चुगली ना करना 5 कच्ची पक्की शराब न पीना आदि चीजों से व्रत रहकर मनुष्य अपने जीवन में पांच शीलों का पालन कर कल्याण कर सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र बौद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी संकिसा से चलकर आए उन्होंने कहा की यह प्रोग्राम से किसी एक व्यक्ति का नाम नहीं बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन होता है और बहुत ही सौभाग्य की बात है भगवान बुद्ध के प्रोग्राम इस क्षेत्र में नंबर एक का गांव बडेपुर है जहां सबसे पहले शुरुआत हुई है आवाज तक निरंतर कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। उन्होंने सभी आयोजन कमेटी के लोगों को धन्यवाद और बधाई दी और कहा कि सभी लोग भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलें बहुत ही पुण्य कार्य कर रहे हैं। सिद्धार्थ के रूप में लुंबिनी नेपाल में जन्म लिया और उनकी माता रानी महामाया 7 दिन के बाद निधन हो जाता है और उनका पालन पोषण उनकी मौसी प्रजापति गोतमी ने किया सिद्धार्थ हमेशा अकेले में रहते थे और बचपन से ही उनका मन बैरागी की तरफ रहता था। हाउस पर दया बचपन में है उन्हें एक दूसरे की मदद करना अच्छा लगता था। अपने बेटे सिद्धार्थ के लिए महाराज सुद्दोधन हर प्रकार के संसाधन अपने महल में रखते थे कोई भी दीन दुखी लंगड़ा रोगी उनको दिखाई ना दे। ऐसे किसी को देख लेगा तो मेरा पुत्र वैराग्य को धारण कर लेगा एक दिन सिद्धार्थ नगर भ्रमण पर निकले और उन्होंने एक वृद्ध को दिखा एक रोगी को दिखा फिर एक मृत्यु शरीर को देखा उसके बाद एक संन्यासी को देखा तो वो शांत लग रहे थे यह सब देख अपने साथी से पूछा तो साथी ने सभी सभी का एक-एक कर उत्तर दिया और कहा एक दिन हम सभी को इस संसार से जाना है हम लोग भी आगे चलकर रोगी, बूढ़े होंगे और जब अंतिम समय आता है तब हम लोग मृत्यु प्राप्त कर लेते हैं वहीं से उनका मन बहुत दुखी हो जाता है और वह संसार में सभी के सुख की खोज के लिए रास्ता खोजने लगे। इसके बाद यशोधरा नामक राजकुमारी से विवाह करा दिया जाता है। और 29 वर्ष की अवस्था में गृह त्याग कर दिए। अपने पुत्र राहुल और पत्नी यशोधरा को छोड़कर चले गए 6 वर्ष कठिन तपस्या करने के बाद बोध गया में बुद्धत्त की प्राप्ति हुई सारनाथ में



प्रथम उपदेश दिया और श्रावस्ती में सबसे अधिक वर्षावास किया संकिसा में प्रजापति गौतमी अपनी मौसी को दर्शन दिए इसके बाद कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ। उन्होंने सभी के कल्याण के लिए शांति का मार्ग खोज और दुख क्या है दुख का कारण क्या है इसका निवारण क्या है इसकी खोज की। पूरे संसार में शांति का संदेश दिया आज पूरे विश्व में उनके नाम से हर जगह प्रथम स्थान है भारत से अगर कोई विदेश में जाता है प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति तो कहते है कि हम भगवान बुद्ध के देश से आए हैं ऐसा कहते हैं। यहां के लोगों को विदेश में बहुत ही महत्व दिया जाता है। हमें गर्व है कि हम भारत में पैदा हुए। इसलिए हम सभी को भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलकर आपस में भाईचारा रखें और एक दूसरे के मददगार बने दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करें किसी भी प्राणी को किसी भी तरीके का कोई कष्ट ना पहुंचाएं।हम बहुत ही गौरवशाली अपने आप को मानते हैं कि जो हम भगवान बुद्ध के वंश में पैदा हुए और भारत में पैदा हुए हैं इसलिए हम सभी का बहुत ही सौभाग्य की बात है। अध्यक्षता पूज्य बौद्ध भिक्षु बुद्ध प्रिय ने की और भगवान बुद्ध के बताएं रास्ते पर विस्तार से चर्चा की ऐसा अवसर पर संरक्षक कमलबोधी भंते आनंद सागर भंते संघ दीप बुद्ध मित्र देवेंद्र सिंह यादव प्रधानाध्यापक प्रमोद शाक्य उपदेश कुमार शाक्य टी जी 2 विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता मीटर विद्युत विभाग खूबचंद त्यागी पूर्व वीडियो प्रभात गौतम संजीव कुमार ट्विंकल डॉक्टर अशोक तमारे शेर सिंह श्रीनिवास शाक्य आदि ने बौद्ध धर्म पर प्रकाश डाला। संचालन संतोष प्रिया बौद्ध ने किया संयोजक तीर्थराज बौद्ध ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। इस दौरान सतीश चंद्र बौद्ध अमित कुमार शाक्य गोविंद कुमार शाक्य राहुल कुमार शाक्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा तिर्वा अनिल कुमार शाक्य उमेश पाल शीशराम शैलेंद्र कुमार डॉ शैलेंद्र सिंह शाक्य [illegible] रामचरन राजू कमल प्रधान सुग्रीव सिंह राजपूत विमलेश कुमार राजपूत शेर सिंह कठेरिया मा0 नेहा सिंह ग्राम प्रधान सिकंदरपुर निगोह आनंद कुमार महेंद्र कुमार सुमित कुमार कन्हैयालाल देवकीनंदन धर्मेंद्र कुमार डीके दिल्ली डॉ0 मनोज कुमार सचिन कुमार श्री कृष्णा शाक्य पूर्व प्रधानाध्यापक राजकुमार कमलेश कुमार रामवीर रामपाल सुनील कुमार गंगासागर शिशुपाल बंटू शांति देवी शाक्य जितेंद्र कुमार योगेंद्र कुमार नंदकिशोर देवेंद्र सिंह यादव सचिन वर्मा सोनू गुप्ता वीरू वाल्मीकि जगबीर सिंह राजू मास्टर अंकित जाटव मनोज यादव संजीव कुमार जाटव कुमार सोनू साकेत सोवरन सिंह शाक्य अतर सिंह मुंशीलाल शाक्य शिवराम शाक्य हिरदेश कुमार सौरभ रघुनंदन सिंह शाक्य रामपाल राजेंद्र सिंह शाक्य अरविंद शाक्य नवनीत विशाल विकास मिथुन अशोक कुमार आकाश मानव शाक्य गणेश चंद गौतम शाक्य उमेश शाक्य दिनेश शाक्य बृजेश कुमार सुरेश चंद अखिलेश कुमार रामौतार कोटेदार सिद्धपाल प्रदीप कुमार राजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के दो सदस्यों ने अभ्रदता व मारपीट कर ना सिर्फघायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी विकास कुमार पुत्र हरी बाबू द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि रविवार की शाम वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी गांव के ही राज किशोर एवं उसकी पत्नी संगीता देवी आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।


## आवश्यकता है

स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय उमरन कन्नौज में प्राचार्य व सहायक आचार्य भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान की आवश्यकता है। यू.जी.सी. के नियमानुसार अभ्यर्थी अपने पद का आवेदन 15 दिन में प्रबंधक स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय के नाम प्रेषित करें।

मो. 9936210421, 7985 120434

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# नाबालिग पुत्री से गैंगरेप के मामले में लेखपाल सहित पांच को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- मुख्य आरोपी प्रवेश तोमर पर 1 लाख 55 हजार, अन्य पर 1-1 लाख जुर्माना
- दादी को आठ साल की सजा व 50 हजार का जुर्माना

**नाबालिग पुत्री** से गैंगरेप के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने साक्ष्य गवाह के आधार पर लेखपाल प्रवेश सिंह तोमर, मनोज शाक्य, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी, विमल कुमार, विष्णु शरण रस्तोगी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा महिला राधा को आठ साल की सजा से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार आज से करीब बीते चार वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र की निवासी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि मेरा पति प्रवेश सिंह तोमर मेरी 16 वर्षीय पुत्री के साथ काफी समय से दुराचार कर रहा है तथा मुझे इसका पता नहीं चल पाया। जब मुझे इसका पता चला तो मैंने अपनी पुत्री को वनस्थली विद्यापीठ जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया, लेकिन उसने वहां से भी मेरी पुत्री को जबरदस्ती लाकर उसके साथ दुराचार किया। इससे पहले वह पीड़िता को जबरन गाड़ी में बैठाकर कहीं बाहर होटल में ले जाया करता था तथा आपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार करवाता था। जब मैं उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी, तब वह मुझे व मेरी बेटी को बहुत मारता था। मेरी बेटी को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा देता था। इस बजह से मेरी बेटी ने मुझे कभी ये बातें नहीं बताईं। जब मेरी बेटी ने मुझे बताया कि पापा ने मेरे साथ गलत काम किया तथा वह मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे। इसके बाद वह मेरे साथ बुरा काम करते थे। इस वजह से वह प्रग्नेंट भी हो गयी थी। तब उसको आवास विकास के किसी डॉक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया था। मेरी बेटी जयपुर में पढ़ती थी। उसकी क्लास की सहेलियों के साथ गंदी-गंदी बातें कर उनके साथ सेक्स करने की योजना बनाई। जब मेरी बेटी ने इसका विरोध किया, तो उसको गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मेरे पास है। मेरी सास राधा देवी व प्रवेश की दूसरी पत्नी को भी सब पता था। उन्होंने भी प्रवेश सिंह का साथ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर प्रवेश सिंह लेखपाल पुत्र वीरेंद्र सिंह तोमर निवासी न्यू कालोनी भोलेपुर फतेहगढ़, मनोज शाक्य पुत्र कृष्ण शाक्य निवासी मोहल्ला सरदार खां मऊदरवाजा, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी पुत्र सुरेश चंद्र निवासी सैनिक कालोनी फतेहगढ़, विमल कुमार पुत्र आंनद निवासी ढिलावल, राधा पत्नी वीरेंद्र सिंह निवासी न्यू कालोनी भोलेपुर फतेहगढ़, विष्णु शरण रस्तोगी पुत्र स्व0 हरिशरण रस्तोगी निवासी द्वारिका टॉवर सेक्टर 5 जागृति जनपद मेरठ के विरूद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने साक्ष्य गवाह के आधार पर प्रवेश सिंह तोमर लेखपाल को धारा-313, 323, 504, 506 आई.पी.सी. व 6 लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व 1 लाख 55 हजार जुर्माना एवं मनोज शाक्य, विमल कुमार, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी, विष्णु शरण रस्तोगी को क्रमशः धारा-6 लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत आजीवन कारावास व 1-1 लाख जुर्माना तथा राधा देवी को धारा 313 आई.पी.सी. में आठ साल की सजा व 50 हजार जुर्माना से दण्डित किया है।



सजा सुनाने के बाद आरोपियों को ले जाती पुलिस

# खबरें चलते-चलते

## स्वयं सहायता समूह की महिला अध्यक्ष की शिकायत बीडीओ से

- केयरटेकर बोली सात महीने में मात्र 6000 रुपये ही दिये


जानकारी देता पीड़िता का पति

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव राजेपुर टप्पा मंडल निवासी रेखा रानी पत्नी सत्येंद्र कुमार वाल्मीकि जो की गांव में बने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बने सुलभ शौचालय में महिला केयरटेकर का काम करती है। विगत 7 महीना से महिला अपने काम करने के पैसे स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कृपांती देवी से मांगती है, लेकिन कृपांती देवी उसको टरका देती हैं। वहीं रेखा रानी के पति सत्येंद्र कुमार ने बताया की 7 महीने में सिर्फ 6000 रुपये ही मिले हैं, जबकि पिछले दो-तीन महीना वेतन 9000/- रुपया आया और अब 6000/- रुपया महीना आ रहा है। महीना की 30 दिन ड्यूटी करने के बाद में भी पैसा नहीं मिल रहा है। जब उनसे ज्यादा कहता हूं तो वह कहते हैं कि तुम्हें केयरटेकर के पद से निकाल हटा देंगे। बताते चले कि कृपांती देवी राजेपुर टप्पा मंडल में मां गायत्री स्वयं सहायता की समूह की अध्यक्ष हैं। जिसकी शिकायत प्रधान तथा बीएमएम से की गई, लेकिन स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वहीं पीड़ित पति सत्येंद्र कुमार नरेगा में मजदूरी करके अपने घर का खर्चा चला रहा है। जिसकी शिकायत आज खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में खंड विकास अधिकारी से लिखित रूप से की गयी। वहीं खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि जांच कर कृपांती देवी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी पूरी तनख्वाह दिलवाई जाएगी।

## झूला झूल रही बालिका के गले में रस्सी का फंदा कसने से मौत

**कंपिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर झूला झूल रही बालिका के गले में रस्सी का फंदा कसने से मौत हो गयी। स्वजन उसे सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। जानकारी के अनुसार कंपिल थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास निवासी शैलेश की 6 वर्षीय पुत्री शिवांगी सोमवार दोपहर घर के बाहर पेड़ पर पड़े झूले पर बच्चों के साथ झूल रही थी। संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक घूमती हुयी रस्सी का फंदा शिवानी के गले में कस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गयी। स्वजन आनन-फानन में बालिका को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डॉक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। मृतका के पिता की एक वर्ष पूर्व व बड़े भाई प्रशान्त की तीन वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतका चार भाई बहिनों सीमा, शिवानी, ब्रजमोहन में सबसे छोटी थी। मृतका की मां राजवती का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्वजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।


मृतका का फाइल फोटो

## बदमाशों ने नकदी व मोबाइल फोन लूटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घात लगाये बैठे बदमाशों ने युवक से नकदी व मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गन्डुआ मजरा कुआंखेड़ा वजीरआलम निवासी शिवनन्दन पुत्र सौदान सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि रविवार को समय करीब 8.40 बजे वह अपने गांव महमूदीपुर गंडुआ मजरा कुआंखेड़ा वजीरआलम जा रहा था। जैसे ही बूढ़ी गंगा से आगे पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए बैठे चार से पांच अज्ञात लोगों ने मेरी मोटरसाइकिल रोककर मारपीट करना शुरू कर दी तथा मेरा व मेरे साथी दिनेशचंद्र पुत्र राम विलास की जेब से मोबाइल फोन निकाल लिए। मेरे तथा मेरे साथी की जेब से 2600 रुपये लूट लिए। हम लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर चौकी कुआंखेड़ा पहुंचे तथा अपने साथ हुई घटना की पूरी जानकारी चौकी इन्चार्ज विश्व नाथ आर्य को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## पति गया मजदूरी करने, पत्नी बच्ची को लेकर चली गयी मायके

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र संतराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भट्टे पर मजदूरी करने गया था, तभी मौका पाकर उसकी पत्नी रीता देवी एक माह की बच्ची को साथ लेकर फरार हो गई। जब पीड़ित घर लौटा, तो उसने जानकारी की, तो पता चला कि वह अपने मायके चली गई है। जब वह मायके जनपद शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव फरीदपुर पहुंचा, तो वह अपने मायके में मिली। जब उससे घर चलने की बात कही, तभी उसके परिजन आगबबूला हो गए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। तब पीड़ित ने यहां आकर नवाबगंज थाना पुलिस अपने साले गोपाल तथा चाचिया ससुर प्रकाश के विरुद्ध गाली-गलौज तथा मारपीट करने की तहरीर दी है।

# बिजली की समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम को भेजा पत्र

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भीषण गर्मी** के बिजली की समस्या से जूझ रहे मुहल्ले के लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में स्थित वार्ड नंबर 01 अंबेडकर नगर मोहल्ला सुराठी जहां लगभग एक दर्जन से भी ज्यादा लोगों के मकान हैं। 150 लोगों की आबादी है। इन लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह से इसकी शिकायत की। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह को भेजे गए शिकायती पत्र के अनुसार मुहल्ले में जो बिजली का ट्रांसफार्मर है वह काफी दूर है। ग्रामीण संयोजन के तहत लाभ उठाने को मजबूर हैं। एक ओर भीषण गर्मी तो दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही, साथ ही बार-बार ट्रिपिंग मुहल्ले के लोगों के लिए बबाल-ए-जान बनी हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने समस्या का समाधान कराने की मांग की। इससे पूर्व 18 मई को पंचायत अध्यक्ष ने उपखंड कार्यालय विद्युत विभाग कायमगंज के नाम शिकायती पत्र भेजकर समाधान कराए जाने की मांग की थी। एक बार फिर नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से अंबेडकर नगर के मोहल्ला सुराठी के लोगों की बिजली की समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की।



उपखंड कार्यालय कायमगंज पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति के साथ पीड़ित ग्रामीण

# रोज कमाकर खाने वालों का सूरज की तपिश से हाल बेहाल

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** रोज कमाकर खाने वालों का सूरज की तपिश से हाल बेहाल है, लेकिन पापी पेट की खातिर वह सूरज की तपिश को भी नजरंदाज कर रह हैं।

इस समय गर्मी अपने पूरे सबाब पर पहुंच गयी है। जिससे हर कोई बेहाल है, लेकिन सबसे ज्यादा इसका असर रोज कमाकर खाने वालों पर पड़ रहा है। वह पेट की खातिर आग उगल रहे सूर्य की तपिश को भी सहने को मजबूर हैं। ठिलिया चालक अनिल का कहना है कि बच्चों का पेट पालना है, तो काम तो करना ही पड़ेगा। वहीं रिक्शा चालक शहाबुद्दीन का कहना है कि सूरज की तपिश से वह इस समय पसीने से तरबतर हो जाते हैं, लेकिन स्वयं व बच्चों की खातिर सब कुछ सहना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार वह बीमार भी पड़ चुके हैं, लेकिन भीषण गर्मी में काम करना उनकी मजबूरी है। ऐसा ही जवाब अन्य रिक्शाचालकों ने भी दिया। उनका कहना है कि चाहे सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में उन्हें काम करना पड़ता है। फिलहाल पड़ रही भीषण गर्मी में लोग घरों से कम ही निकल रहे हैं। अगर निकल भी रहे हैं, तो वह मुंह को कपड़े से ढककर ही बाहर निकल रहे हैं। वहीं स्कूली बच्चों का हाल बेहाल है। उनका चेहरा इस धूप में झुलस रहा है। हालांकि उन्हें अब छुट्टी का इंतजार है।


आराम फरमाता रिक्शा चालक

# रंगे हाथों अवैध गैस रिफलिंग पकड़ी, मचा हड़कंप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कस्बे** के जहानगंज रोड स्थित एक परचून की दुकान के निकट ऑटो में अवैध रूप से गैस रिफलिंग की जा रही थी। जिस पर डीएसओ शरद चंद दुबे ने टीम के सहित पहुँचकर छापेमारी की। मौके से दो सिलेंडर, एक तराजू को उन्होंने कब्जे में लेकर एक एजेंसी के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार जहानगंज रोड पर अर्जुन कोल्ड स्टोरेज के निकट अभिषेक राजपूत कई वर्षो से अवैध गैस रिफलिंग का कार्य कर रहा था। जिस पर सोमवार शाम 5 बजे शरद चंद दुबे ने दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो सिलेंडर, एक तराजू मौके से जब्त कर लिया। शरद चंद दुबे ने बताया की दुकानदार पर अधिकारियों से बात कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बताते चले की कस्बे में कई लोग अवैध रूप से गैस रिफलिंग का कार्य करते हैं। वहीं स्कूली वाहनों में भी गैस डाली जा रही है।


छापा मारते डीएसओ शरदचंद दुबे व स्टाफ कर्मचारी

# जैनमुनि सूरीश्वर महाराज का कंपिल नगरी में हुआ भव्य स्वागत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**जैनमुनि सूरीश्वर** महाराज सोमवार को स्वामी विमलनाथ की नगरी कंपिल पहुंचे। समाजसेवी व व्यापारी पुखराज डागा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उनकी आरती भी उतारी।

अयोध्या से निकलने के रास्ते के सभी धार्मिक स्थलों की पद यात्रा करते हुए सूरीश्वर महाराज सोमवार सुबह कंपिल पहुंचे। यहां विमालयतन ट्रस्ट के महामंत्री पुखराज डागा ने अन्य श्रद्धालुओं के साथ महाराज का स्वागत किया। प्रथम बार तीर्थनगरी कंपिल में आगमन होने से जैन समाज के लोगों में भारी उत्साह है। गुरुजनों के स्वागत और दर्शन के लिए दिल्ली, आगरा, मेरठ, लुधियाना, लखनऊ, मुंबई, कानपुर, मुरादाबाद आदि अनेक शहरों से श्रद्धालु भी पहुंचे। मुनि मोक्षानंद विजय महाराज ने बताया कि जैनाचार्य ने 50 वर्षों के साधु जीवन में पूरे देश में करीब पौने दो लाख किलो मीटर की पद यात्रा की है। जैनाचार्य की प्रेरणा से करीब 250 से ज्यादा प्राचीन और अर्वाचीन तीर्थों मंदिरों के जीर्णोद्धार और नवनिर्माण करवाकर प्राण प्रतिष्ठाएं सम्पन्न हुई हैं। जैनमुनि रात्रि विश्राम कंपिल के शाकुंतलम अतिथिगृह में करेंगे। इसके बाद मंगलवार को 11 बजे अपने मुखारबिंदु से श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। फिर वह आगे की यात्रा पर निकल जाएगें।



जैनमुनि सूरीश्वर महाराज के साथ मौजूद पुखराज डागा व भक्तगण

## दबंगों ने बुजुर्ग को मारपीट किया घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम नगला पाल मौजा सिकंदरपुर नहरोसा निवासी महेंद्र सिंह पुत्र रामदास ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरे पिताजी गांव से बाहर समय करीब 4.00 बजे बकरी चराने गए हुए थे, तभी मेरे ही गांव के निवासी अजीत केशव पुत्रगण सत्यपाल, अजय पुत्र रघुनाथ, महेश्वर पुत्र राम भरोसे सभासद आ गए और मेरे पिताजी के साथ गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से लगे मना करने पर उन लोगों ने जमकर मारपीट की। जिससे रामदास के गंभीर चोटें आयीं। इससे पहले दबंग दो-तीन बार और मारपीट कर चुके हैं। जिसकी सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी गई थी। दबंग भी पकड़ के आए थे। दबंगों ने पुलिस के साथ भी अभद्रता की थी, लेकिन फिर भी उनको रात में सभासद के दवाव में छोड़ दिया गया। हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा गया। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दामाद की हत्या में ससुर सहित तीन को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दामाद को** सुलह समझौता करने के बहाने बुलाकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने अभियुक्त श्रीकृष्ण व गुड्डू और नन्हे को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास वह 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत वर्ष 2020 में जनपद फिरोजाबाद के आजाद नगर गली नम्बर 4 लाइन पार निवासी ओम प्रकाश पुत्र रमेश चन्द्र कोतवाली मोहम्मदाबाद में दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि उसका 30 वर्षीय भाई पवन कुमार की ससुराल ग्राम तेरा सकवाई मोहम्मदाबाद में है। पवन की पत्नी रामा देवी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। 18 दिसंबर 2020 को भाई पवन न्यायालय तारीख पर आया था। तो उसकी पत्नी रामा देवी व उसके भाई गुड्डू व नन्हे व पिता श्रीकृष्ण समझौता करने के वहाने भाई पवन को ग्राम तेरा सकवाई बुला ले गये। ग्राम के मोड़ पर शाम 6 बजे मेरे भाई को लाठी-डंडों से मारापीटा और मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए आगरा ले गये। जहां उपचार के दौरान 30 दिसंबर 2020 को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिय। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ताओं की कुशल पैरवी के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार ने अभियुक्त श्रीकृष्ण व गुड्डू और नन्हें को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास वह 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।



फर्रुखाबाद जिला न्यायालय

**आरोप** | परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

# पुत्र को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुत्र को** जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया। काफी देर तक हंगामा करने के बाद परिजन शव को लेकर चले गये।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज के थाना सौरिख कबीरोपुर निवासी 28 वर्षीय तराना पत्नी कामरान अली को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे बढ़पुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार की रात 9 बजे उसने पुत्र को जन्म दिया। परिजनों ने आरोप लगाया की आपरेशन के बाद ब्लीडिंग ज्यादा होने पर तराना की हालत बिगड़ गयी। जिस पर परिजनों ने हंगामा किया। जिस पर डाक्टर ने प्रसूता के परिजनों से दोबारा आपरेशन करने की बात कही और कंसल्ट लिखवा लिया। जिसके बाद डॉक्टर ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस के पहुंचते ही डॉक्टर प्रसूता को जिला अस्पताल लोहिया ले जाने की बात कहने लगा। तब तक डॉक्टर की लापरवाही से प्रसूता की तड़प-तड़पकर मौत हो गयी। जिस पर पुलिस दबाव बनाकर मेरी पुत्री को जिला अस्पताल लोहिया लेकर आई है। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉ0 वैभव यादव ने प्रसूता तराना को जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया की प्रसूता को मृत अवस्था में लाया गया था। जिसे जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया है। परिजनों ने माया हॉस्पिटल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतका के पिता लईक अहमद ने बताया कि माया अस्पताल के डॉक्टर ने मेरी पुत्री का ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद पुत्री के ब्लीडिंग शुरू हो गयी और जिसके बाद प्रसूता की ब्लीडिंग बंद नहीं हुई। माया हॉस्पिटल के डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन करने पर मेरी पुत्री की मौत हुई है। वहीं मृतक प्रसूता के परिजन बिना कुछ कार्रवाई किए प्रसूता का शव लेकर घर चले गए।




पुलिस से बातचीत करते परिजन — समृद्धि न्यूज

# सपा प्रत्याशी ने राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को 349 व 359 बूथ पर हुई धांधली से कराया अवगत, पुनः मतदान कराने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- 40 वीं लोकसभा के अन्तर्गत विधानसभा अलीगंज 103 के बूथ का मामला
- नया गांव थानाध्यक्ष पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने का आरोप
- प्रत्याशी के साथ जिलाध्यक्ष भी रहे मौजूद
- मंगदपुर के कई मतदाताओं पर हुआ जानलेवा हमला, जिंदगी और मौत के बीच कर रहे संघर्ष

**समाजवादी** पार्टी के प्रत्याशी ने राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को 40वीं लोकसभा के अन्तर्गत 103 विधानसभा अलीगंज के बूथ संख्या 343 खिरिया पमारान पर फर्जी वोटिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुनः मतदान करने के आदेश से निर्वाचन आयोग के प्रति और भरोसा गहरा हो गया। इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं लिखित शिकायत कर अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या 349 कदरागंज जो लोधी समाज का है। समाज के गुंडों ने नगला भग्गू जो की शाक्य समाज का गांव है। इस बूथ पर दबंगों ने एक भी वोट नहीं पड़ने दिया और ना ही पोलिंग एजेंट बनने दिया। हमारा नगला भग्गू के लोग जब कदरागंज के रास्ते जा रहे थे, तभी अवैध फसलों से लाठी-डंडों से मकई के खेत में छिपकर बैठ गए और फायरिंग कर दी। जिससे दहशत फैल गई। इस कारण मतदाता वोट डालने की हिम्मत नहीं जुटा सकें। वहीं बूथ नया गांव जहां थाना इंचार्ज रितेश ठाकुर ने भाजपा के एजेंट के तरह काम कर मतदान को प्रभावित किया। अतिरिक्त चार्ज पर आए इंस्पेक्टर दिनेश ठाकुर ने भी भाजपा के एजेंट के रूप में काम बनकर वोट डलवा। बूथ संख्या 359 मंगदपुर बूथ की कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। इस बूथ पर क्षत्रिय समाज के सर्वाधिक मतदाता है। वहीं इस बूथ पर तीन गांवों और लगते हैं जो यादव समाज के है। जिनमें नगला गंगी, बिनौरा, परसूपुर के जब लोग वोट डालने गए तो वहां पहले से तालाब के पास वन में छुपे दबंग लोगों ने अपने अवैध असलहों से फायरिंग कर दी। जिससे दहशत फैल गई, कोई भी मतदाता वोट डालने नहीं जा पाया। जब इस घटना की जानकारी मुझे हुई तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की। मुख्य पर्यवेक्षक ने मुझे नयागांव बुलाया था। मैंने पूरी घटना की शिकायत उनसे व डीएम, एसपी से की। डीएम साहब के आदेश पर फोर्स घटनास्थल पर पहुंची। एसडीएम ने मेरे अनुरोध पर गांव के लोगों को ट्रैक्टर में जाने के लिए बैठाकर मतदान केंद्र भिजवाया। वोट डालकर वापस आ रहे थे, तभी रास्ते में अशोक यादव, महावीर यादव अन्य को बुरी तरह से दबंगों ने मारा पीटा। जिससे अशोक यादव के सिर फट गया और गंभीर चोटे आयी। जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज सैफई में चला। हालत गंभीर होने पर लखनऊ हायर सेंटर भेज दिया गया। अशोक यादव की हालत गंभीर है एवं मंगदपुर गांव के शाक्य समाज के सुभाष शाक्य के परिजनों को घर में घुसकर दबंगों ने मारा पीटा। 10 साल से लेकर 80 साल तक के बुजुर्गों को बुरी तरह से लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी दबंग लोगों को मरा समझकर छोड़ गये। इसी दौरान 18 वर्षीय पुत्री के दबंगों ने कपड़े फाड़ दिए और बेइज्जत किया। सभी घायलों को सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज ले जाया गया। जहां से चिकित्सक ने एटा के लिए रेफर कर दिया। गंभीर चोटें होने के दौरान उनका ऑपरेशन लखनऊ स्थित लक्ष्य कैंसर हॉस्पिटल में डा0 विपिन गुप्ता द्वारा किया गया। समाजवादी पार्टी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने बूथ संख्या 349, 359 पर पुनः मतदान कराए जाने की राज्य मुख्य निर्वाचन आयोग से मांग की है और यह भी मांग की है कि नयागांव थाना प्रभारी रितेश ठाकुर एवं अतिरिक्त चार्ज पर आये इंस्पेक्टर दिनेश ठाकुर जो कि भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर चुनाव को प्रभावित किया। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे। डॉ0 नवल किशोर ने बताया कि निर्वाचन आयोग पर पूरा भरोसा है कि जिस तरह से बूथ संख्या 343 पर पुनः मतदान व उसमें लिप्त कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई। ऐसे ही इन अन्य बूथों पर भी दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की आयोग से मांग की है।



राज्य निर्वाचन आयोग से मिलने के बाद जानकारी देते डा0 नवल किशोर शाक्य मौजूद जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

## 343 बूथ खिरिया पमारान पर 25 मई को होगा पुनः मतदान

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद 40वीं लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्र 103 अलीगंज विधानसभा के मतदान स्थल संख्या 343 पर पुनः मतदान 25 मई दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से सायं काल 6 बजे तक होना निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग आफिसर फर्रुखाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 20 मई 2024 के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र को संज्ञान लेते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 58 की उप-धारा (2) के तहत 40वीं फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 103 अलीगंज विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या 343 प्रा0पा0 खिरिया पमारान पर 13 मई 2024 को हुए मतदान को शून्य घोषित करते हुए पुनः मतदान 25 मई दिन शनिवार प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक कराये जाने की तिथि निर्धारित की गई है। बताते चले कि इस मतदान केंद्र पर एक युवक द्वारा बार-बार एक प्रत्याशी के पक्ष में ईवीएम पर वोट डालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत निर्वाचन आयोग का इस ओर ध्यान आकर्षित कराने के लिए उसे ट्वीट करते हुए कहा कि यदि यह नियम अनुसार गलत है तो कार्यवाही हो। जिसका संज्ञान लेकर निर्वाचन आयोग ने कार्यवाही की है।

## खबरें एक नजर में

### रस्तोगी इंटर कालेज में स्काउट दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न



स्काउट गाइड कार्यक्रम में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कन्हैया लाल रामसरण रस्तोगी इंटर कॉलेज में स्काउट प्रवेश पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके सफल स्काउट्स हेतु दीक्षा कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्काउट ध्वज के समक्ष ध्वज शिष्टाचार के साथ-साथ स्काउट के जनक लॉर्ड वेडेन पावल को सम्मान देकर प्रधानाचार्य से संतोष कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव, आईटी कोआर्डिनेटर व जिला संगठन रोवर्स योगेश कुमार की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को मुख्य रूप से स्काउट मास्टर गजेंद्र सिंह चौहान एवं डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ ने संचालित किया। बच्चों को स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा व शिष्टाचार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर रामवीर सिंह, सोलन सोमवंशी, नागेंद्र पाल सिंह, सुनील शर्मा एवं विद्यालय के समस्त स्काउट उपस्थित रहे।

### नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव खुदागंज निवासी संजय कुमार पुत्र हरिश्चंद्र ने लिखाए गए मुकदमे में बताया 19 तारीख शाम 7.00 बजे लगभग पीड़ित अपनी दुकान पर था तथा उसके परिजन घर के बाहर थे, तभी पड़ोसी प्रदीप कुमार पुत्र बृज किशोर पीड़ित के घर आया तथा पीड़ित की 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री जो घर पर अकेली थी जिसको वह बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। जब पीड़ित दुकान से अपने घर पर आया, तो देखा कि पीड़ित के रखे हुए 30000 नगद तथा एक जोड़ी पायल, एक सोने की अंगूठी और गले की सोने की लर साथ लेकर चली गई तथा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जब पीड़ित ने आसपास पता किया तो कुछ भी पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### वृद्ध को दबंगों ने ईंट पत्थर व लाठी-डंडों से पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेतों पर बकरियां चराने गए वृद्ध को दबंगों ने ईट पत्थर व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के पुत्र ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला पाल निवासी महेंद्र सिंह पुत्र रामदास ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता आज गांव के बाहर खेतों में बकरियां चराने गए थे, तभी गांव के ही आरोपीगण उनको गाली देने लगे। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो उक्त दबंगों ने ईंट पत्थर तथा लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट की। जिससे उसके काफी चोटें आयीं। पीड़ित के पुत्र नगला पाल निवासी आरोपी अजीत, केशव पुत्रगण सत्यपाल अजय पुत्र रघुनाथ, महेश्वर पुत्र राम भरोसे सभासद के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहकर चलता कर दिया।

### नमामि गंगे द्वारा चलाया गया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** नमामि गंगे एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के तत्वाधान में सोमवार की सुबह कन्नौज के महादेवी गंगाघाट पर गंगा प्रहरियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गंगा प्रहरियों ने गंगातट पर प्लास्टिक कचरा एकत्र कर गंगा तट पर साफ सफाई की। उक्त कार्यक्रम नदियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रारम्भ किया गया है, जिसमे 15 नदियां शामिल हैं और यह बृहद अभियान 62 स्थानों पर भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के निर्देश पर चलाया जा रहा है।

## रमेश चन्द्र कठेरिया व हर्ष गंगवार सहित सपा नेताओं की ईवीएम की निगरानी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सातनपुर मंडी** में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा ईवीएम की निगरानी सोमवार को जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया व छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार व सदर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत एवं कमालगंज के नगर अध्यक्ष बिल्लू श्रीवास्तव, तस्लीम खान ने की। सातनपुर मण्डी में चप्पे-चप्पे पर पैरामिलेट्री फोर्स तैनात है। ईवीएम की निगरानी के लिए समाजवादी पार्टी की प्रत्येक दिवस पर टीम पहुंचकर मण्डी के गेट के पास निगरानी कर रही है। सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से एलईडी पर कार्यकर्ता जमे रहते है और निगरानी करते है। रात्रि में भी एमपी सिंह शाक्य सहित अन्य कार्यकर्ता निगरानी में डटे हुए है। गेट के पास पुलिस का अलग से पहरा है। आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है।


ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

## उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ही रहेगें

- नगर अध्यक्ष बदलने की तैयारी, राजीव गुप्ता नाम चर्चा में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी का कार्यकाल 2024 से 2027 तक रहेगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी दीप चन्द्र अवस्थी ने संजीव मिश्रा को कार्यकाल पुनः सौंपा है। मुख्यालय प्रभारी सुनील पाण्डेय ने बताया कि संजीव मिश्रा बॉबी जनपद फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष बने रहेंगे। व्यापार मण्डल की महिला जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी को बनाया गया है। वह शीघ्र ही अपनी कमेटी का गठन करेंगे। नगर अध्यक्ष पद पर दावेदारों के नाम उभर कर आये है। जिनमें राजीव गुप्ता, राजू गौतम के नाम है। वर्तमान में नगर अध्यक्ष इकलाक खान है। पिछले काफी समय से इकलाक नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले हुए है। इस बार नगर में काफी दिनों से व्यापार मण्डल की कोई बैठकें न होने के कारण प्रदेश नेतृत्व को बतायी गई। जिसके चलते नगर अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा है।

## गंगा तट पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का धूमधाम से हुआ पूजन


भगवान पार्थिवेश्वरनाथ की पूजा अर्चना करते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गंगा मइया** स्वच्छता एवं दीप दान आयोजन समिति द्वारा पांचाल घाट पर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन धूमधाम से हुआ। समिति के अधिष्ठाता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ के संरक्षण में ऋषिदत्त शर्मा, गुड्डू पंडित द्वारा पूजन का आयोजन हुआ। सत्यव्रत पाण्डेय ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का भोग लगाया। देर शाम गंगा तट पर महाआरती का आयोजन हुआ। भक्तों ने उल्लास पूर्वक महाआरती में भाग लिया।

## अभिभावक शिक्षक की बैठक में परीक्षा फल, नवीन नामांकन आदि पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रखा बालिका** इंटर कालेज फतेहगढ़ में सामान्य बैठक का आयोजन हुआ।

अभिभावक शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। काफी संख्या में अभिभावक की उपस्थिति में शिक्षिकाओं ने एजेंडा के अनुसार परीक्षा फल पर चर्चा, नवीन नामांकन व चर्च डीबीटी पर चर्चा की गई। समस्त अभिभावकों ने समर कैम्प ग्रीष्मकालीन में दिये गये गृह कार्यो आदि से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने समस्त अभिभावकों को पीटीए में अवश्य रुप से आने का आग्रह किया। प्रीती मसीह, नेहा मिश्रा ने अभिभावकों से विद्यालय के लिए हर सम्भव मदद हेतु आग्रह किया। धन्यवाद प्रधानाचार्या ने ज्ञापित किया। इस मौके पर समस्त शिक्षिकायें व अभिभावक मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद अभिभावक शिक्षक संघ के लोग — समृद्धि न्यूज

## खाद्य सुरक्षा ने दूध के 25 नमूने किये संग्रह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राज्य एवं** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मध्य सम्पादिक एमओयू के वर्क प्लान के अन्तर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश के पर प्रथम तिमाही में जनपद हेतु विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 200 सर्विलांस नमूनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सोमवार को खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा ने जनपद में खाद्य पदार्थ दूध के 25 नमूने संग्रह किये। जिन्हे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। नमूने निर्माताओं, थोक विक्रेता, डिस्ट्रीब्यूटरों तथा डेयरियों से संग्रह किये गये है। इस छापेमारी से आसपास के दूध विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।



दूध का नमूना लेती टीम — समृद्धि न्यूज

## छह दिवसीय ई-रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रदेश सरकार** द्वारा एमएसएमई मुख्य प्रशिक्षण का संचालन यूपी आईकोन लखनऊ को अधिकृत किया गया है। जिसके परिपेक्ष में जनपद फर्रुखाबाद में पांच बेंचों द्वारा 125 महिलाओं का प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। 6 दिवसीय ई-रिक्शा प्रशिक्षण का शुभारम्भ जीएमडीआईसी द्वारा फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला समन्वयक जानकी प्रसाद शाक्य ने बताया कि सभी 125 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे है। महिलाओं को ड्रेस एवं किट वितरित की गई। उन्होंने कहा कि निःशुल्क प्रशिक्षण देकर ड्राइविंग लाइसेंस प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। सरकार द्वारा निर्धारित माप दण्ड के आधारित उनका लोन कराया जायेगा। लोन में छूट दी जायेगी। प्रशिक्षण में आये हुए लोगों ने जिला समन्वयक जानकी प्रसाद शाक्य की प्रशंसा की। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले ग्रुप में हरिओम शाक्य, शिवरतन, राजू गौतम, डा0 उमेश चन्द्र के अलावा प्रशिक्षण दे रही नीलम शाक्य, अर्चना मिश्रा, शिवानी, प्राची, ममता, राम आदि ने सहयोग किया।



महिलाओं को किट वितरित करते जानकी प्रसाद शाक्य आदि

**आक्रोश** — स्थानीय लोगों में आक्रोश, राहगीर निकलने से कतरा रहे

## नगर पालिका की लापरवाही के चलते लगे कूड़े के ढेर से आ रही दुर्गंध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शहर क्षेत्र** के मोहल्ला नई बस्ती गढ़ी कोहना में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। कूड़े में बदबू आने के कारण राहगीर भी निकलने से कतरा रहे है। पास में ही कब्रिस्तान है। नगर पालिका की लापरवाही के चलते कूड़े का ढेर लगा दिया गया है। स्थानीय सफाई कर्मचारी कूड़ा गाड़ी में लाकर डाल रहे है। वहां के निवासी जाकिर ने नगर पालिका को फोन पर बताया कि इतनी बड़ी संख्या में कूड़ा यहां डाल दिया गया। जिस कारण कूड़े से दुर्गंध आ रही है। आवारा जानवर कूड़े को फैला रहे है। राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। पूरे मोहल्ले का कूड़ा एक जगह इकट्ठा होने के कारण दुर्गंध फैली हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां से कूड़ा अगर नहीं हटाया गया तो मजबूरन धरना देना पड़ेगा। इस संबंध में सफाई नायक से स्थानीय लोगों ने फोन पर वार्ता कर शीघ्र कूड़ा हटवाने की मांग की है।


गढ़ी कोहना में लगा कूड़े का ढेर — समृद्धि न्यूज

## लोकसभा चुनाव में बूथों पर दिखा भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**पुखरायां कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव के करीब हरएक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। जालौन गरौठा लोकसभा शीट से भाजपा प्रत्यासी पूर्व सांसद भानू प्रताप सिंह वर्मा के समर्थन में पुखरायां मंडल अध्यक्ष मुकुल पांडेय द्वारा मंडल के हर बूथ जा जा कर कार्यकर्ताओं का सहयोग किया गया तथा पोलिंग बूथ पर मौजूद पोलिंग एजेंट व बूथ पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के लिए पीने का ठंडे पानी तथा लंच पैकेट की व्यवस्था की गई। बूथ पर कार्यकर्ताओं से वोटर्स की जानकारी ले कर भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा वाले वोटर को ज्यादा से ज्यादा वोट करवाने के लिए सलाह दी।

**INFORMATION**

ARMY No 3012305P/HAV Bhupendra Singh S/o Brijendra Singh RRC Fatehgarh Distt. Farrukhabad has declared that my Father DOB 15.07.1960 & Mother Name SAVITRI DEVI & DOB 15.08.1961 Rong is Wrongly written in my service records. correct Father DOB 01.01.1955 & Mother name SAVITRI & DOB 01.01.1961.

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम **SHANTI PANDEY** व जन्मतिथि **07.05.1951** दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम **SHANTI DEVI** व जन्मतिथि **01.02.1950** है। **SHANTI DEVI** M/o No. 3001327N Rank HAV Atal Bihari Pandey, Unit 30 Rajput, R/o Vill Pauharipur Baliya Agsendha, Distt. Baliya U.P., Pin 277001.

**सूचना**

मैं अलका सिंह पत्नी आर्मी नम्बर 2998236एल, हवलदार नरेन्द्र सिंह 14 राजपूत निवासी कटरी सथरा, पो0 खण्डौली, ब्लाक राजेपुर, तहसील अमृतपुर, फर्रुखाबाद अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम अल्का देवी अंकित हो गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम अलका सिंह है जो अन्य प्रमाण पत्रों में दर्ज है। जिसे मेरे पति के आर्मी रिकार्ड दर्ज किया जाये। वाइड एफिडेविट दिनांक 20 मई 2024 विफोर सिविल कोर्ट फतेहगढ़/फर्रुखाबाद।

**INFORMATION**

I, Alka Singh, wife of Army No. 2998236L, Havildar Narendra Singh 14 Rajput , resident of Katri Sathra, P.O. Khandauli, Block Rajepur, Tehsil Amritpur, Farrukhabad, declare that my name has been mentioned as Alka Devi in the army records of my husband, which It is wrong. My correct name is Alka Singh which is recorded in other certificates. Which should be entered in my husband's army record. Wide Affidavit Dated 20th May 2024 Before Civil Court Fatehgarh/ Farrukhabad.

# चुनाव के बाद नजर नहीं आएगी कांग्रेस

एजेंसी



**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को हिसार में महाविजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। लोकसभा चुनाव आरंभ होने से पहले भारत जोड़ो यात्रा निकालने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। 4 जून के बाद दूरबीन लेकर भी कांग्रेस दिखने वाली नहीं है।

देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद दे दिया है और इन चुनावों में कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिलने वाली। हिसार के पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के समर्थन में महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा में हरियाणा का जवान, अन्न भंडार में हरियाणा का किसान व खेलों में मेडल दिलाने में हरियाणा के खिलाड़ियों की अग्रणी भूमिका है, लेकिन कांग्रेस ने इन तीनों को ही खत्म करने का प्रयास किया। हरियाणा के जवान की वजह से हम अपने घरों में निश्चित होकर सो रहे हैं, किसान की वजह से भरपेट खाना खा रहे हैं और खिलाड़ियों की वजह से हर खेल में मेडल ला रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद हर क्षेत्र के साथ-साथ इन तीनों क्षेत्रों को प्रमुखता से आगे बढ़ाया, लेकिन कांग्रेस ने इन तीनों क्षेत्रों को समाप्त करने का प्रयास किया। सेना में बोफोर्स घोटाला हुआ, खेल क्षेत्र में कॉमनवेल्थ घोटाला हुआ और किसानों के क्षेत्र में फर्टिलाइजर घोटाला हुआ। कांग्रेस ने सदैव अपना घर भरने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनते ही नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले जवानों की सुध ली और वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की। किसानों के हित में काम करते हुए 20 लाख करोड़ का अनाज एमएसपी पर खरीदा। पहली बार किसी सरकार ने इतना अनाज एमएसपी पर खरीदा है। हरियाणा की भाजपा सरकार तो और भी आगे रही, जिसने भावांतर भरपाई योजना के तहत कोई फसल नहीं छोड़ी, जिसका किसानों को लाभ न मिला हो। मोदी सरकार ने खेलों का बजट तीन गुणा बढ़ाया, बेघर लोगों को मकान देने की योजना शुरू की। शाह ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ कांग्रेस पार्टी है, जिसने हजारों करोड़ के घोटाले किए। कांग्रेस का युवराज चांदी का चम्मच मुंह में लेकर पैदा हुआ वहीं दूसरी तरफ गरीब का बेटा नरेन्द्र मोदी है, जो 10 साल से प्रधानमंत्री हैं, 15 साल मुख्यमंत्री रहे लेकिन उन पर 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।

### पीओके हमारा है, हमारा रहेगा, लेकर रहेंगे

महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे जबकि कांग्रेस कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, उसकी इज्जत करो। शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन में रोज पाकिस्तान से आतंकी आते थे, बम धमाके करते थे और उनका कुछ नहीं बिगाड़ता था। मोदी शासन में ऐसी दो घटनाएं हुई, हमने सर्जिकल स्ट्राइक की, आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा और आज देश में कोई आतंकवादी या नक्सलवादी घटना नहीं है।

### मोदी ने बहुमत हासिल किया

महाविजय संकल्प रैली में अमित शाह ने दावा करते हुए कहा कि अब तक चार चरणों का चुनाव हो चुका है, पांचवें का आज हो रहा है। वे हिसार की जनता को बताना चाहते हैं कि चार चरणों के चुनाव में मोदी ने 270 सीटों का बहुमत हासिल कर लिया है। अब पांचवें, छठे व सातवें चरण का चुनाव उन्हें 400 पार करवा देगा। इसमें हरियाणा की जनता की भूमिका विशेष रहेगी।

### कांग्रेस को वोट बैंक खिसकने का डर

अमित शाह ने कांग्रेस पर बरसते हुए कहा कि कांग्रेस को राम लला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया लेकिन कांग्रेस के नेता शामिल नहीं हुए। कांग्रेस को अपना परम्परागत वोट खिसकने का डर था लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस का वजूद नहीं बचने वाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक अनुच्छेद 370 को सुरक्षित रखा लेकिन नरेन्द्र मोदी ने इसे समाप्त करके ऐतिहासिक कार्य किया।

## टी-20 सीरीज में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी हैदराबाद

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए एक ही टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई। हैदराबाद ने रविवार शाम पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 69वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की जोरदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते 215 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद ने मैच में कुल 14 छक्के लगाए, जिससे मौजूदा संस्करण में उनके छक्कों की संख्या 160 हो गई, जबकि दूसरी ओर, फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के नाम कुल 157 छक्के हैं। टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली सूची में अन्य टीमें चेन्नई सुपर किंग्स , सरे (टी20 ब्लास्ट 2023 में 144) और कोलकाता नाइट राइडर्स (आईपीएल 2019 में 143) हैं।

## चुनाव से पहले जितनी भी गारंटी दी थी उन सबको किया लागू : जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर दावा किया है कि चुनाव से पहले दी गई सभी गारंटियों को उनकी सरकार ने सफलतापूर्वक लागू किया है। लोकसभा चुनावों के लिए हमारी कई गारंटियां कर्नाटक मॉडल के आधार पर बनाई गई हैं। केंद्र में सरकार बनने पर इन गारंटियों को लागू किया जाएगा। जयराम रमेश ने दावा किया है कि गृहलक्ष्मी योजना के तहत कांग्रेस सरकार 1.21 करोड़ परिवारों की महिला मुखिया के खातों में हर महीने 2,000 रुपए देती है। 2,430 करोड़ के मासिक आवंटन के साथ गृहलक्ष्मी के लिए अब तक लगभग 23,365 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। जयराम रमेश ने आगे कहा कि शक्ति योजना के तहत 60 लाख महिलाएं प्रतिदिन बसों में मुफ्त यात्रा करती हैं। कुल मिलाकर क़रीब 210 करोड़ मुफ्त यात्राओं पर 5,096 करोड़ की लागत आई है।

# ईरान के उपराष्ट्रपति मोखबर संभालेंगे राष्ट्रपति का कार्यभार

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद, देश के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालेंगे। देश में 1979 में स्वीकार किए गए इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के संविधान के पहले संस्करण के अनुच्छेद 130 और 131 के अनुसार, अगर देश के राष्ट्रपति बर्खास्तगी, इस्तीफे, अनुपस्थिति, बीमारी या मौत के कारण अपने कानूनी कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ होने पर पहला उपराष्ट्रपति उनके कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

संविधान यह निर्धारित करता है कि इन जिम्मेदारियों को इस्लामी क्रांति के नेता की मंजूरी प्राप्त होने के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति को हस्तांतरित किया जाएगा और 50 दिनों के भीतर देश में एक नए राष्ट्रपति का चुनाव कराने की बात



भी कही गयी है। ईरानी राजनीतिक के अनुसार देश के प्रमुख इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई हैं और राष्ट्रपति को सरकार का प्रमुख, दूसरा-इन-कमांड माना जाता है। राष्ट्रपति के आकस्मिक मृत्यु होने पर जब तक नए राष्ट्रपति का चुनाव नहीं हो जाता पहले उपराष्ट्रपति से इस दौरान देश का नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है। ईरानी संविधान में 1989 में संशोधन कर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया था। इससे पहले, मेहर न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुलाहियान की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत की पुष्टि हो गई है।

# कोवैक्सिन पर बीएचयू के अध्ययन का खंडन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड वैक्सीन कोवैक्सिन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सिन वैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गये और इनकी प्रतियां




सोमवार को यहां उपलब्ध करायी गयी। श्री बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध दोनों संस्थानों को स्पष्टीकरण या शुद्धिकरण भी प्रकाशित कराना चाहिए।

पत्रिका से इस शोध पत्र को वापस लेने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। हाल ही में किशोरों और वयस्कों में बीबीवीएल 52 कोरोना वायरस वैक्सीन का दीर्घकालिक सुरक्षा विश्लेषणः उत्तर भारत में एक वर्ष के संभावित अध्ययन से निष्कर्ष÷ नामक शोध पत्र के प्रकाशन के बाद ÷कोवैक्सिन÷ वैक्सीन की सुरक्षा पर चिंताएं जताई गई हैं। डॉ. बहल ने कहा है कि आईसीएमआर को बिना किसी पूर्व अनुमोदन या आईसीएमआर को सूचित किए बिना अनुसंधान में शामिल किया गया था, जो अनुचित और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर को इस असंगत अध्ययन से संबद्ध नहीं किया जा सकता है। पत्रों के अनुसार टीकाकरण और गैर-टीकाकरण वाले समूहों के बीच घटनाओं की तुलना करने के लिए अध्ययन में गैर-टीकाकरण वाले व्यक्तियों का कोई उल्लेख नहीं है। इसलिए, अध्ययन में बताई गई घटनाओं को कोविड टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है। यह अध्ययन टीकाकरण के पूर्व का कोई ब्योरा प्रस्तुत नहीं करता है।

# केजरीवाल की जान को खतरा, मोदी के इशारे पर दी जा रही धमकी : संजय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर खुलेआम धमकी दी जा रही है।

'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि जब से श्री केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, तब से लगातार उन पर हमले का प्रयास हो रहा है। यहां तक की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठा दिया। ये इतने बौखलाए हुए हैं कि अब श्री केजरीवाल को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने के लिए तैयार हैं। ये ऐसे हमला करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें उनकी जान भी जा सकती है। भाजपा ने कई बार श्री केजरीवाल पर हमला करने की कोशिश की है लेकिन अब जगह-जगह खुलेआम धमकी दी जा रही है। पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखकर हमला करने की धमकी दी जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल पर यह हमला करने की



तैयारी भाजपा कर रही है और इसका पूरा संचालन प्रधानमंत्री कार्यालय और प्रधानमंत्री की ओर से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नफरत, घृणा और बदले की भावना में इस कदर आगे बढ़ चुके हैं कि वह श्री केजरीवाल को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार हैं। भाजपा अपनी नफरत और बदला लेने की भावना में इस स्तर तक आ गई है कि वह श्री केजरीवाल की जान लेने को तैयार है। आप नेता ने कहा कि श्री केजरीवाल पर पहले भी हमले होते रहे हैं। अगर उन पर हमला हुआ तो इसके लिए सीधे-सीधे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा जिम्मेदार होंगे। हम कोई भी बात बेबुनियाद और हवा में नहीं करते हैं। श्री केजरीवाल को 23 दिन तक जेल में इंसुलिन नहीं दिया गया, तो हम न्यायालय गए और कोर्ट के आदेश के बाद उनकी जान बच पाई।

## हंगामे के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड को चौथी बार मिला बहुमत, पक्ष में 157 वोट

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने संसद से चौथी बार विश्वास का मत हासिल किया है। विपक्षी दलों के हंगामें और नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास का मत हासिल किया है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने मत विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। प्रधानमंत्री के पक्ष में 157 सांसदों ने मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया था। एक सांसद तटस्थ रहा, जबकि विपक्षी दलों में नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने मतदान प्रकिया का बहिष्कार किया। प्रधानमंत्री प्रचंड के पक्ष में मतदान करने वालों में उनकी पार्टी माओवादी के 32, नेकपा एमाले के 75, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, एकीकृत समाजवादी पार्टी के 10, जनमत पार्टी के 6, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 3 सहित कुछ अन्य छोटे दलों के सांसद शामिल हैं।

## आरबीआई गवर्नर ने किया मतदान



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को यहां सपरिवार मतदान किया। दास ने वोट डालने के बाद कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। देश के 140 करोड़ लोगों का चुनाव में हिस्सा लेना गर्व की बात है। मैं इसके लिए चुनाव आयोग और देशभर में काम कर रहे सभी अधिकारियों को बधाई देना चाहता हूं। मैं प्रत्येक मतदाता से अपील करता हूं कि वे बाहर आएं और मतदान करें। 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 48 सीटों पर मतदान जारी है। पांचवें चरण में 695 प्रत्याशी मैदान में हैं। आज के मतदान में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिलाएं और 5409 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। पांचवें चरण में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कुल 695 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

## नर्सिंग घोटाले में सीबीआई का एक और इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाले के मामले में दिल्ली की सीबीआई टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को सीबीआई टीम के एक और इंस्पेक्टर सुशील मजोकर को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मजोकर एसीबी भोपाल सीबीआई में अटैच था। इसके अलावा रतलाम नर्सिंग कॉलेज वाइस प्रिंसिपल जुगल किशोर शर्मा और भाभा कॉलेज भोपाल के प्रिंसिपल जलपना अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, दिल्ली सीबीआई को मध्य प्रदेश के नर्सिंग घोटाला मामले में कई अहम सबूत हाथ लगे हैं, जिसके बाद ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की जा रही हैं। इससे पहले रविवार रात सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। सीबीआई निरीक्षक राहुल राज को रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सूना अनिल भास्करन और एक मीडिएटर सचिन जैन को भी गिरफ्तार किया है।

# खबरें एक नजर में

### मिजोरम में हथियारों के साथ गिरफ्तार सीडीएफ कैडर

**आइजोल।** मिजोरम में एक चिन रेजिस्टेंस फोर्स (सीडीएफ) कैडर को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी असम राइफल्स द्वारा मिजोरम के सियाहा जिले के तुईपांग गांव से की गई। गिरफ्तार कैडर गोला-बारूद और हथियार आदि ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स ने एक अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार किया। असम राइफल्स के सूत्रों ने आज बताया कि तुइपांग रोड चौराहा पर पहले से ही तैनात असम राइफल्स की मोबाइल चेक पोस्ट (एमवीसीपी) टीम द्वारा चेक पोस्ट पर उसके केनबो बाइक को रोका गया। बाइक की ली गई तलाशी के दौरान उसके अंदर छुपाकर रखे गए 12 गेज शॉटगन कारतूस के 170 राउंड, चौदह बाओफेंग रेडियो सेट, सामरिक गियर और चौदह रेडियो सेट चार्जरों का एक केश मिला। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की जांच से पता चला कि वह सीडीएफ का सदस्य है। उसे भारत-म्यांमार सीमा के पार इन हथियारों को ले जाने का काम सौंपा गया था। जब्त किए गए सामानों के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उसे तुईपांग थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

### चारधाम यात्रा के लिए 31 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था एवं पेयजल, विद्युत आपूर्ति के संबंध में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रित करने के लिए टूर ऑपरेटर्स के लिए भी एडवाइजरी जारी करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जो भी पर्यटक बिना रजिस्ट्रेशन चारधाम यात्रा पर देवभूमि उत्तराखंड आ रहे हैं, उनकी सुविधा के लिए पुलिस-पर्यटन विभाग आपसी सामंजस्य से चारधाम के अलावा अन्य धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों के लिए डायवर्जन प्लान तैयार करें। चारधाम में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी अनुशासन को ध्यान में रखकर सम्मान के साथ श्रद्धालुओं से व्यवहार करें। इस दौरान अधिकारियों को यात्रा मार्ग एवं चारधाम में पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के भी निर्देश दिए। वनाग्नि को लेकर मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में पिरूल लाओ-पैसे पाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि वर्तमान में वनाग्नि पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है। जल्द से जल्द पूरी तरह वनाग्नि पर नियंत्रण पा लिया जाएगा।

### नमूने अमानक मिलने पर 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन (आरएमएससी) ने विभिन्न 10 दवाओं के नमूने अमानक पाये जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिये प्रतिबंधित किया है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि मे अग्रोन रेमेडीज को कफ सिरप एवं क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप 0.5 प्रतिशत , मे. अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, मे. एएनजी लाइफ साइंसेज को आर्टसुनेट इंजेक्शन, मे लिनस लाइफ केयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप 2 दो प्रतिशत, मे. मैक्सवेल लाइफ साइंसेज को सालब्यूटामॉल सिरप के नमूने अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिये निश्चित अवधि के लिये प्रतिबंधित किया है।

### जयशंकर ने राष्ट्रपति व विदेशमंत्री के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर जारी शोक संदेश में कहा है कि इस त्रासदी के समय हम ईरान के लोगों के साथ हैं। जयशंकर ने लिखा है, हेलिकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम राइसी और विदेशमंत्री एच. अमीर-अब्दुल्लाहियन के निधन की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा। उनके साथ मेरी कई यादें हैं। दोनों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं। इस त्रासदी के समय हम ईरान के लोगों के साथ खड़े हैं।

### प्रियंका 22 को आएंगी झारखंड, गोड्डा व रांची में करेंगी जनसभा

**रांची (झारखंड)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव नेता प्रियंका गांधी 22 मई को झारखंड आएंगी। वे पहले इंडी अलायंस के प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में गोड्डा में जनसभा करेंगी। इसके बाद वे रांची में इंडी अलायंस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में लोवाडीह में जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि प्रियंका की जनसभा में राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी पहले 21 मई को रांची आने वाली थीं लेकिन किसी कारणवश अब वो 22 मई को आएंगी। रांची लोकसभा सीट पर छठे चरण में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। यहां यशस्विनी सहाय का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ से है। गोड्डा में एक जून को वोटिंग है। यहां इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे से है।

### उडी में बीएसएफ जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**बारामूला।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उडी इलाके में सोमवार को बीएसएफ के एक जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि दुलंजा पोस्ट पर तैनात 185 बीएन बीएसएफ के एक सब इंस्पेक्टर (जी ब्रांच) सुखदेव को उनकी पोस्टिंग के स्थान पर बेहोशी महसूस हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया जा रहा है जबकि आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### दीप्ति ने 400 मी. टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

**कोबे।** भारतीय पैरा एथलीट 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को यहां महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 55.07 सेकंड का समय लेकर अमेरिकी ब्रीना क्लार्क के 55.12 सेकंड के पहले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्रीनाने पिछले साल पेरिस में चैंपियनशिप के संस्करण के दौरान यह रिकॉर्ड बनाया था। टी20 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और इक्वाडोर की लिज़ानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले, दीप्ति ने रविवार को 56.18 सेकेंड के समय के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और पेरिस 2024 पैरालिंपिक कोटा हासिल किया था। रविवार को, योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो स्न56 फ़ाइनल में सीज़न के सर्वश्रेष्ठ 41.80 अंक के साथ रजत पदक जीता।

### हमारे घोषणा पत्र को लेकर झूठ फैला रहे हैं मोदी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार चरणों के चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखला गए हैं और पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली के आम लोगों के साथ 10 साल से अन्याय हो रहा है और कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने के बाद यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करेगी। श्री मोदी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, देश का राजा अगर झूठ बोल रहा है, तो वह वर्तमान के साथ आने वाले पीढ़ियों का भी नुकसान कर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के बारामूला में वोटिंग का रिकॉर्ड टूटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान रिकॉर्ड मतदान हो रहा है। सोमवार को जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर मतदान हुआ। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और आतंक प्रभावित इस क्षेत्र में पहली बार 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में 38.49 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान के बाद बारामूला संसदीय क्षेत्र अब पिछले 8 लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक मतदान की ओर अग्रसर दिख रहा है।

बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बडगाम जिलों में शाम 5 बजे तक 54.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के लागू होने के बाद घाटी में यह पहला आम चुनाव था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने साथी चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश



कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ चुनाव के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन में नागरिक और सुरक्षा कर्मियों दोनों के प्रयासों की सराहना की और जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं की उत्साही भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। आयोग ने कहा कि यह एक स्पष्ट संदेश है कि जम्मू-कश्मीर के लोग मताधिकार का प्रयोग करने और शासन की लोकतांत्रिक प्रणाली में अपनी हिस्सेदारी रखने के लिए उत्सुक हैं। आकड़ों के अनुसार बारामूला की इस सीट पर 1989 में 5.48 प्रतिशत, 96 में 46.65 प्रतिशत, 98 में 41.94 प्रतिशत, 99 में 27.79 प्रतिशत, 2004 में 35.65 प्रतिशत, 09 में 41.84 प्रतिशत, 14 में 39.14 प्रतिशत और 2019 में 34.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं श्रीनगर सीट पर 1989 में निर्विरोध निर्वाचन, 96 में 40.94 प्रतिशत, 98 में 30.06 प्रतिशत, 99 में 11.93 प्रतिशत, 2004 में 18.57 प्रतिशत, 09 में 25.55 प्रतिशत, 14 में 25.86 प्रतिशत और 2019 में 14.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। आयोग ने दिल्ली, जम्मू और उधमपुर के विभिन्न राहत शिविरों में रहने वाले कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं को भी निर्दिष्ट विशेष मतदान केंद्रों पर व्यक्तिगत रूप से मतदान करने या डाक मतपत्र का उपयोग करने का विकल्प दिया है। जम्मू में 21, उधमपुर में 1 और दिल्ली में 4 विशेष मतदान केंद्र स्थापित किए गए।

# फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए लंकापे के साथ की साझेदारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गयी और श्री झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा। लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। श्री पई ने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाज़ारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है।

फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूज़र अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूज़र कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांज़ेक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई ) और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के ज़रिए दी गई है।

# सुगम, सुरक्षित और निर्बाध चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुंचे स्वास्थ्य सचिव व चारधाम यात्रा के प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सोमवार को केदारनाथ धाम में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की ओर से की गई तैयारियों, सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

स्लाइडिंग जोन सिरोबगड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि सिरोबगड़ से ही जनपद की सीमा प्रारंभ हो जाती है। ये क्षेत्र अति-संवेदनशील है। ऐसे में हल्की वर्षा में भी मलबा आने से मार्ग बाधित हो जाता है। इसके लिए उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्लाइडिंग जोन पर 24म7 जीसीबी मशीन उपलब्ध रहे। जीसीबी ऑपरेटर का नंबर भी सभी प्रशासनिक अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए ताकि यातायात मार्ग अवरुद्ध होने पर तत्काल यातायात सुचारु किया जा सके।

### चारधाम यात्रा मार्ग पर 180 चिकित्सक तैनात

डॉ. राजेश कुमार ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का यदि स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो उनका प्राथमिकता पर उपचार किया जाए। उन्होंने बताया कि उपचार के लिए चारों धामों में 180 चिकित्सक तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन तत्परता से स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिटी स्कैन कक्ष के लिए विद्युत भार बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### डीएम-एसपी ने व्यवस्थाओं की दी जानकारी

जिलाधिकारी डॉ. सौरव गहरवार ने स्वास्थ्य सचिव को केदारनाथ दर्शन करने आ रहे तीर्थयात्रियों के लिए प्रशासन एवं विभिन्न विभागों की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने सुव्यवस्थित यात्रा संचालित करने के लिए बनाए गए ट्रैफिक प्लान के संबंध में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ यात्रा के लिए पांच चिकित्सा अधिकारी, एक फिजिशियन अन्य जनपदों से तैनात किए गए हैं। जनपद रुद्रप्रयाग से नौ चिकित्साधिकारी और एक आर्थो डॉक्टर तैनात हैं। अन्य जनपदों के 19 फार्मासिस्ट और दो जनपद रुद्रप्रयाग और आठ स्वास्थ्य चिकित्सक और पांच कनिष्ठ चिकित्सक तैनात किए गए हैं।